# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 17 अप्रैल 2025


और बढ़ सकते हैं दाम

## सोने ने लगाई तूफानी छलांग पहली बार 94 हजार रु. के पार



**नई दिल्ली।** सोने के दाम ने 16 अप्रैल को नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,477 बढ़कर 94,579 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,102 थी। शेष पेज 4 पर

यह प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया

# एटीएम ऑन व्हील्स... भारत में 'पहली बार' ट्रायल के तौर पर ट्रेन में लगाई गई एटीएम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाकर सफल परीक्षण किया है। जो अपने आप में सबसे बड़ी पहल है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी साझा किया है। जिसमें एटीएम को ट्रेन में कहां लगाया गया है, इसे समझाया गया है। इस खास पहल का मकसद जनता को ट्रेन के सफर के दौरान भी पैसे निकालने की सुविधा देना है। इस तरह का पहला प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया है। इस पहल को – एटीएम ऑन व्हील्स - नाम दिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस एटीएम की वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की है, जो खूब चर्चा में है। यह पहल रेलवे बोर्ड के उस निर्देश का हिस्सा है जिसमें कहा गया था कि यानि किराए के अलावा कमाई बढ़ाने के लिए नई और नई सोच के तरीके अपनाए जाएं। इसी के तहत 25 मार्च 2025 को रेलवे ने सभी संभावित वेंडरों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में चलती ट्रेनों में मोबाइल एटीएम लगाने का विचार रखा गया, जिसे बाद में मंजूरी भी मिल गई।

अच्छी खबर

**25 मार्च 2025** को रेलवे ने सभी संभावित वेंडरों के साथ एक बैठक की। इसमें चलती ट्रेनों में मोबाइल एटीएम लगाने का विचार रखा गया, जिसे बाद में मंजूरी भी मिल गई

रबर पैड और बोल्ट्स की मदद से एटीएम को ट्रेन में झटकों और कंपन से बचाया गया



### कैसे हुआ ट्रायल?

ट्रेन में एटीएम का का पहला ट्रायल 10 अप्रैल 2025 को मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में किया गया। ट्रेन के मिनी पैंट्री (छोटे किचन) वाले हिस्से को एटीएम लगाने के लिए तैयार किया गया। रेलवे की मैकेनिकल टीम ने यह काम किया और एटीएम को सुरक्षित रूप से फिट किया। रबर पैड और बोल्ट्स की मदद से एटीएम को ट्रेन के चलने के दौरान लगने वाले झटकों और कंपन से बचाया गया। दो अग्निशमन यंत्र भी उस जगह पर लगाए गए हैं, ताकि सुरक्षा बनी रहे।

### इस पहल का उद्देश्य क्या है?

*ट्रेन में एटीएम लगाने से यात्रियों को कहीं भी आते-जाते पैसे निकालने की सुविधा देना है। इसके अलावा किराए के अलावा रेलवे को अतिरिक्त कमाई का जरिया मिलना और साथ ही रेलवे को और आधुनिक और स्मार्ट बनाना है।*





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366





## खबर संक्षेप

### नीट पीजी: रजिस्ट्रेशन आज से, 15 जून को पेपर



**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस पोस्टग्रेजुशएन के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट पीजी) 2025 की अधिसूचना गुरुवार को जारी करेगा। इसके साथ ही नीट पीजी 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत भी हो जाएगी। बुधवार को आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया गया।

### संगीत में एआई के दुरुपयोग पर जताई चिंता



**मुंबई।** संगीतकार एआर रहमान का कहना है कि संगीत में एआई के इस्तेमाल के अच्छे और बुरे दोनों पहलू हैं, लेकिन अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो अराजकता फैल जाएगी। वे संगीत में नई तकनीक के इस्तेमाल के खिलाफ नहीं हैं। फिल्म लाल सलाम के 'थिमिरी येझुदा' के लिए दिवंगत गायकों की आवाज के लिए एक एआई सॉफ्टवेयर इस्तेमाल किया। इसके लिए अनुमति ली थी।

### 12 भारतीयों को ले जा रहे विमान की आपात लैंडिंग



**काठमांडू।** एक विमान को उसकी 'हाइड्रोलिक' प्रणाली में खराबी आने के बाद आपात स्थिति में काठमांडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा, जिसमें 12 भारतीय भी सवार थे। एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के प्रवेशद्वार लुक्ला से रामेछाप जा रहे निजी कंपनी 'सीता एयर' के विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद उसे त्रिभुवन हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया।

वक्फ पर 70 याचिकाओं की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, आज दोपहर 2 बजे सुनवाई के बाद आ सकता है कोई अंतरिम आदेश

*सीजेआई खन्ना ने कहा कि 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदें हैं, उनके पास रजिस्ट्रेशन सेल डीड नहीं होगी, ऐसी संपत्तियों को कैसे पंजीकृत करेंगे। उनके पास क्या दस्तावेज होंगे?*

# केंद्र से पूछा क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार?

सीजेआई ने कहा कि सभी पुराने स्मारक, जामा मस्जिद भी संरक्षित ही रहेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वक्फ संशोधित कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले में दायर 70 याचिकाओं पर सुनवाई की।

पीठ ने पक्षों से दो बिंदुओं पर विचार करने को कहा। पहला- क्या उसे मामले की सुनवाई करनी चाहिए या इसे हाईकोर्ट को सौंप देना चाहिए और दूसरा- वकील किन बिंदुओं पर बहस करना चाहते हैं? इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के सामने कानून की खामियां गिनाईं। सरकार ने कानून के पक्ष में दलीलें दीं। कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' को लेकर भी सरकार से कठिन सवाल किए। इसके बाद केंद्र ने कोर्ट से मामले की सुनवाई गुरुवार को करने का निवेदन किया। कोर्ट ने दोपहर दो बजे का समय शेष पेज 4 पर



*वक्फ बाय यूजर को आप रद्द कर देंगे तो समस्या होगी, विवाद ज्यादा लंबा चलेगा*

देशभर में करीब आठ लाख वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से चार लाख से अधिक संपत्तियां 'वक्फ बाई यूजर' के तौर पर दर्ज




1 केंद्र से पूछा और कहा कि कोई उदाहरण बताएं? क्या तिरुमाला तिरुपति बालाजी मंदिर में गैर-हिंदू हैं?

2 सीजेआई ने वक्फ बोर्ड के सदस्यों को लेकर किए गए बदलावों पर सवाल किया

### कितनी याचिकाएं?

गौरतलब है कि एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, आप नेता अमानतुल्ला खान, धर्म गुरु मौलाना अरशद मदनी, राजद नेता मनोज झा एवं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व जमीयत-ए-उलमा-ए-हिंद समेत कई मुस्लिम संगठनों ने शीर्ष कोर्ट में दो दर्जन याचिकाएं दायर की हैं। कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाओं के जरिए वक्फ संशोधन कानून को चुनौती दी गई है।

**भाजपा शासित राज्य भी कोर्ट पहुंचे**

केंद्र और भाजपा शासित राज्य-राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व असम सरकारों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं। केंद्र ने शीर्ष अदालत से कोई भी फैसला सुनाने से पहले उनके पक्ष को सुनने का आग्रह किया गया है।


### कोर्ट रूम में क्या हुआ?

- **सिब्बल** : राज्य को यह कैसे तय करना चाहिए कि वह व्यक्ति मुसलमान है या नहीं?

इससे पहले याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कोई वक्फ स्थापित करना चाहता है तो उसे यह दिखाना होगा कि वह पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहा है। राज्य को यह कैसे तय करना चाहिए कि वह व्यक्ति मुसलमान है या नहीं? पहले केवल मुसलमान ही वक्फ परिषद और बोर्ड का हिस्सा होते थे, लेकिन संशोधन के बाद अब हिंदू भी इसका हिस्सा हो सकते हैं। यह संसदीय अधिनियम द्वारा मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है।

- **सीजेआई** : वक्फ को पंजीकृत कराएंगे तो ये आपकी मदद करेगा।
- **जस्टिस विश्वनाथन** : कानून में झूठे दावों से बचने के लिए वक्फ डीड का प्रावधान है।
- **सीजेआई** : उच्च न्यायालय को याचिकाओं से निपटने के लिए कहा जा सकता है। जब वे दिल्ली उच्च न्यायालय में थे, तो हमें बताया गया कि यह भूमि वक्फ भूमि है।
- **सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता** : एक संयुक्त संसदीय समिति थी, जिसने 38 बैठकें कीं। इसने कई क्षेत्रों और शहरों का दौरा किया, परामर्श किया और लाखों सुझावों की जांच की। फिर यह दोनों सदनों में गया और फिर कानून पारित किया गया।

### संसद ने मुसलमानों के लिए भी कानून बनाया



**सिब्बल**

- धारा 3(सी) के तहत वक्फ के रूप में पहचानी गई या घोषित की गई सरकारी संपत्ति को अधिनियम के लागू होने के बाद वक्फ नहीं माना जाएगा।
- धारा 3(ए)(2)- वक्फ-अल-औलाद के गठन से महिलाओं को विरासत से वंचित नहीं किया जा सकता। धारा 9 पर नजर डालिए। इसमें कुल 22 सदस्य है जिसमें 10 मुसलमान होंगे।

**सीजेआई**

- अनुच्छेद 26 जो कि धर्मनिरपेक्ष का हवाला देता है जो सभी समुदायों पर लागू होता है। संसद ने मुसलमानों के लिए भी कानून बनाया है। दूसरे प्रावधान को देखिए। क्या इसका मतलब यह है कि पूर्व अधिकारी को छोड़कर केवल दो सदस्य ही मुस्लिम होंगे।

उज्जैन 'सिंहस्थ-2028' की तारीखों की घोषणा



फाइल फोटो

# 9 अप्रैल से 8 मई के बीच 3 शाही व 7 पर्व स्नान होंगे

सिंहस्थ कुंभ 27 मार्च से 27 मई 2028 तक चलेगा

करीब 14 करोड़ लोगों के आने की संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर हर 12 साल बाद एक सिंहस्थ यानी कुंभ मेले का आयोजन होता है। इसका अगला आयोजन साल 2028 में होगा, जहां प्रदेश की मोहन सरकार ने इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 की अवधि और मुख्य पर्व की तारीखों का निर्धारण शेष पेज 4 पर

### 500 अस्थाई अस्पताल 50 हजार बायो टॉयलेट

कुंभ मेले के दौरान मेला क्षेत्र में प्रतिदिन 16 हजार से ज्यादा सफाईकर्मी स्वच्छता की व्यवस्था संभालेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 50 हजार बायो टॉयलेट का निर्माण भी किया जाएगा। आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 500 अस्थाई अस्पताल और कैंप लगाने का भी निर्णय लिया गया है। उज्जैन में सड़क और अन्य क्षेत्रों को मिलाकर 11 हजार 220 सफाईकर्मियों की आवश्यकता होगी। कचरा संग्रहण के लिए लगभग 5 हजार सफाईकर्मियों की जरूरत पड़ेगी। कुल मिलाकर 16 हजार 220 सफाई कर्मियों की आवश्यकता सिंहस्थ में होगी।

### मेला क्षेत्र 6 जोन में बांटा जाएगा

स्वास्थ्य सुविधाओं को सिंहस्थ मेला क्षेत्र के अनुसार 6 जोन में बांटा जाएगा। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं का डिजीटल रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा। डॉक्टर और पेरामेडिकल स्टॉफ की ट्रेनिंग होगी। इसके साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाबलों को तैनात किया जाएगा।

मुरैना जिला अस्पताल में भीषण आग

# चारों ओर धुआं और भागो-भागो सुनते ही जान बचाकर दौड़े मरीज

*अस्पताल में 100 से अधिक मरीज भर्ती थे, कई मरीज ड्रिप खींचकर भागते नजर आए तो टूटी-फूटी हड्डियों के साथ घिसटते हुए बाहर निकलकर जान बचाई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुरैना

बुधवार को मुरैना के जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। यह आग अस्पताल की मुख्य ओटी और बर्न यूनिट, सर्जिकल वार्ड में लगी। आग लगते ही सर्जिकल वार्ड के बगल से धुआं उठने लगा, और उसके बाद अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटों के बीच मरीजों को बाहर निकालने का शेष पेज 4 पर



अफरा तफरी के बीच ऑक्सीजन मास्क निकालने से एक मरीज की हुई मौत



### परिजनों का आरोप: कोई गाइडलाइन नहीं मिली

मृतक वीरेंद्र के पोते नीरज ने बताया कि नर्स ने बस इतना कहा कि भागो-भागो, आग लग गई। कोई ऑक्सीजन या जीवन रक्षक उपकरण निकालने की बात नहीं हुई। हम जैसे-तैसे बाबा को उठाकर बाहर लाए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसी तरह, तालपुरा निवासी सुनीता ने बताया कि उसका बेटा अस्पताल में भर्ती था और जब सभी भाग गए, वो अंदर ही छूट गया। बाद में कुछ लोग लौटे और उसे बाहर लाए।

### फायर सेफ्टी सिस्टम ही फेल... नहीं बजा सायरन

अस्पताल में फायर सेफ्टी सिस्टम की पाइपलाइन डाली गई है, लेकिन धुआं होने पर न तो उसकी सीटी बजी और न हीं सायरन बजा। जब आग लगी तो अस्पताल में 100 से ज्यादा मरीज भर्ती थे, शेष पेज 4 पर

लोगों की अब तक आंखें नहीं खुली : मध्य प्रदेश का अब तक का 'सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड'

मनी लांड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी थी


# रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव रहे 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट, 2 करोड़ 52 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

अलर्ट न्यूज

प्रदेश में ऑनलाइन ठगी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ज्यादातर मामले अब भी डिजिटल अरेस्ट के होते हैं। 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रहने के बाद पुलिस अधीक्षक के पास पहुचे ग्वालियर के रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदीप्तानंद ने भी ढाई करोड़ रुपए ठगे जाने की शिकायत की है।

उनके साथ यह ठगी नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में शामिल पाए जाने के नाम पर की गई। स्वामी सुप्रदीप्तानंद ने पुलिस को बताया कि उन्हें 17 मार्च 2025 को दो अलग-अलग नंबर से कॉल किया गया। वीडियो कॉल में ठग नासिक पुलिस का अफ़सर बनकर बात कर रहा था। पीछे पुलिस का बोर्ड भी लगा हुआ था। आश्रम सचिव को ठगों ने नरेश गोयल मनी लांड्रिंग मामले में शामिल होना बताया। उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहते हुए उनके बैंक खाते सीज करने की धमकी दी गई। इस प्रकार 26 दिन में करीब ढाई करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए।



ये डिजिटल अरेस्ट नहीं, ऑनलाइन फ्रॉड

एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा ने इस मामले में कहा ये ऑनलाइन फ्रॉड है। पुलिस जल्द ही कार्रवाई कर ठगों को दबोच लेगी।

### कई खातों में ट्रांसफर कराई मोटी रकम


*स्वामी सुप्रदीप्तानंद के मुताबिक ठगों द्वारा उन्हें बताया गया था कि उनके नाम से कैनरा बैंक में एक अकाउंट है, जिसके जरिए हवाला का 20 करोड़ का लेन-देन हुआ है। जिससे जुड़ी एक पीडीएफ भी उन्हें भेजी गई। साइबर ठगों ने उन्हें पूरी तरह डरा-धमकाकर झांसे में ले लिया। इसके बाद 26 दिन तक अलग अलग बैंक खातों में करीब 2 करोड़ 52 लाख रुपए जमा कराए गए। हालांकि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि ये रकम उन्हें 15 अप्रैल तक रिटर्न कर दी जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।*

बीते रोज राजधानी के शाहजहांनाबाद में हुए हादसे के बाद भी नहीं चेता बिजली विभाग

# शहर भर में खुली पड़ीं डीपियां, मुसीबत बना बिजली के तारों का जाल

राजधानी के शाहजहांनाबाद स्थित संजय नगर में डीपी में फॉल्ट होने से मंगलवार सुबह कई घरों में करंट फैल गया था। इस दौरान रहवासी सतीश को पता चला तो वह अपने घर के स्विच ऑफ करने लगा। इसी दौरान करंट का झटका लगा और वह घर में लगे लोहे के गेट से टकरा गया। लोहे के गेट में भी करंट फैला हुआ था, जिससे वह चपेट में सतीश आ गया। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हरिभूमि ने जब बुधवार को पड़ताल की तो शहर के कई क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर खुले मिले और खुले तारों का मकड़जाल मिला, जिससे इसी तरह के और हादसे होने की संभवना है, इसके बाद भी बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा है...

## बाजारों में बिजली के झूलते तार, टेढ़े खंभे और पुराने ट्रांसफॉर्मर दे रहे हादसे को न्यौता




चौक व्यापारी कर रहे कई दिन से अंडरग्राउंड लाइन की मांग

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के अधिकांश बाजारों में लोगों को बिजली के तारों के मकड़जाल और सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। इनके कारण न सिर्फ ट्रैफिक जाम हो रहा है, बल्कि आए दिन होने वाले धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के अवसर पर बिजली के तार परेशानी का सबब बनते हैं। चौक बाजार और इब्राहिमपुरा के व्यापारी तो बिजली के तार अंडरग्राउंड किए जाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। इन समस्या की ओर बिजली कंपनी ध्यान नहीं दे रही है।

पुराने शहर के चौक बाजार, इब्राहिमपुरा, नदीम रोड, लखेरापुरा, इतवारा, बुधवारा, घोड़ा नक्कास, जुमेराती, नव बहार सब्जी मंडी जैसे व्यस्त बाजारों में जगह-जगह बिजली के अस्त-व्यस्त तार लोगों के परेशानी का कारण बने हुए हैं। यही हाल ट्रांसफार्मर का है। इनमें आए दिन फॉल्ट होते हैं। कपड़ा कारोबारी शोएब अहमद का कहना है कि दुकानों के आसपास डीपी होने और बिजली के तार की वजह से खतरा बना रहता है। दरअसल रात के समय दुकानें बंद कर दी जाती हैं, ऐसे में आग लगने से बड़ी घटना होने की संभावना बढ़ जाती है।

### नहीं लगाईं जालियां

करीब दो साल पहले बिजली कंपनी के मैदानी अमले ने ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित करने के लिए चारों तरफ जालियां लगाने का काम शुरू किया था, लेकिन चुनिंदा ट्रांसफॉर्मर के आसपास तो जालियां लगाई गईं, लेकिन बड़ी संख्या में ट्रांसफॉर्मर की अनदेखी की गई।

डीपी से ढक्कन गायब हो सकता है बड़ा हादसा

## कोलार: मेन रोड से लेकर कॉलोनियों में भी खुले में हैं डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स

साईंनाथ नगर डी सेक्टर कॉलोनी गेट के समीप लगा डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स) खुला हुआ है। उस पर लगा ढक्कन गायब हो चुका है। कॉलोनी के सभी लोग मेन रोड जाने के लिए इस रास्ते से गुजरते हैं। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। यह स्थिति कोलार की अधिकांश कॉलोनियों में लगे डीपी व ट्रांसफार्मरों की हैं, जिनके ढक्कन या तो टूट-फूट कर गिर गए हैं या फिर उनको निकाल दिया गया है। बिजली कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी भी इस स्थिति से वाकिफ हैं। लोगों ने इस बारे में इनसे शिकायतें की हैं। उनके फील्ड में रहने वाले स्टाफ ने भी सब देखा है, मगर इसके बाद भी स्थिति जस की तस की है। रहवासियों का कहना है कि खुले ट्रांसफार्मर और डीपी के पास से गुजरने में भी डर लगता है। बच्चे यदि आसपास खेलते दिखते हैं तो उनसे चिंगारी उठती है। बिजली कंपनी को ट्रांसफार्मर व डीबी को चारों तरफ से सुरक्षा जाली लगातार कवर करना चाहिए।

### नहीं हो रहा मेंटेनेंस

बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है। इसके चलते पूरे क्षेत्र में अधिकांश डीपी खुले हुए हैं। कंपनी हजारों रुपए बिल के ले रही है। इसके बाद भी डीपी के ढक्कन बंद नहीं किए जा रहे हैं।

### यहां खुली पड़ी डीपी

प्रियंका नगर, राजवैद्य कॉलोनी सर्वधर्म विनीत कुंज, सौरभ नगर, वरुण नगर, गेहूंखेड़ा ललिता नगर, बंजारी डी सेक्टर आशीर्वाद कॉलोनी, राजहर्ष, मंदाकिनी, शिर्डीपुरम, महाबली नगर, बंजारी, कान्हाकुंज इत्यादि स्थानों पर अधिकांश डीपी और ट्रांसफार्मर खुले हुए हैं।

### करंट के नीचे व्यापार, दुकानदार जोखिम में डाल रहे जान

*कोलार रोड पर दर्जनों दुकानें, ट्रांसफार्मर व डीपी के नीचे और बिजली के पोल के नजदीक लगाई जा रही हैं। सर्वधर्म से लेकर बैरागढ़ चींचली के बीच मेन रोड पर कई जगहों पर इस तरह दुकान लगी देखी जा सकती हैं। ट्रांसफार्मर में आग लगने या स्पार्किंग होने पर करंट फैलने का खतरा रहता है। इसके बाद भी व्यापारी अपनी जान को खतरे में डाल रहे हैं। बिजली कंपनी यदि समय रहते इनको वहां से हटा दे तो बड़ी दुर्घटना होने से रोका जा सकता है।*

### कंपनी क्या हादसे का इंतजार कर रही

साईंनाथ नगर डी सेक्टर गायत्री मंदिर रोड पर डीपी खुली पड़ी है वहां से बच्चे निकलते हैं। इस अनदेखी से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली कंपनी को डीपी खुले नहीं छोड़ने चाहिए। उन्हें बंद करके रखना चाहिए। बिजली कंपनी क्या हादसा होने का इंतजार कर रही है।

अशोक मिश्रा, निवासी साईंनाथ नगर

### डीपी में ढक्कन लगने चाहिए

सर्वधर्म कॉलोनी में लगे अधिकांश डीपी के ढक्कन नहीं मिलेंगे। जहां पर भी डीपी लगे होंगे वो सब खुले पड़े हैं। इस कारण हमेशा डर लगा रहता है कि कहीं कोई करंट का शिकार न हो जाए। बिजली कंपनी को तुरंत इनके ढक्कन लगने चाहिए।

मनोज उपाध्याय, निवासी सर्वधर्म बी सेक्टर

सालों से नहीं हुई पेड़ों की छंटाई

## सालभर पहले अर्थिंग का तार टूटा, अब केबल भी हो रही जर्जर...



*शहर के अयोध्या नगर इलाके में भी बिजली के तारों की हालत कई जगह खतरे से खाली नहीं दिख रही है। यहां इसरो गेस्ट हाउस के पीछे सड़क किनारे की बिजली लाइनें पेड़ों में घुसी हुई हैं। सालों से पेड़ों की टहनियों की छंटाई नहीं होने से यहां बिजली की केबल होने के बावजूद करंट का खतरा बना रहता है। करीब एक साल पहले बारिश के दौरान यहां अर्थिंग का तार टूट कर गिरा था, जिसे बिजली कर्मियों ने ठीक किया था। अब यहां से गुजर रही केबल की हालत भी जर्जर दिख रही है। मोटी केबल का काफी हिस्सा संभवतः तेज धूप और पेड़ों की टहनियों से रगड़कर छिल गया है, जिससे करंट फैलने का डर बना रहाता है। सड़क किनारे से गुजर रही इस लाइन के तार भी कई जगह काफी नीचे झूल रहे हैं, जिससे खतरा बना रहता है। सड़क किनारे पेड़ों की छंटाई नहीं होने से आए दिन स्ट्रीट लाइट भी बंद होती है, तो आंधी, बारिश में किसी तार के टूटने का खतरा भी बना रहता है।*

## करंट से युवक की मौत मामले में पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस का इन्वेस्टीगेशन होगा शुरू

शाहजहांनाबाद इलाके में स्थित संजय नगर में करंट से हुई हलवाई की मौत के मामले में पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इस मामले में अपना इन्वेस्टीगेशन शुरू करेगी। डीपी फाल्ट होने की वजह से हुए इस घटनाक्रम में परिजनों ने बिजली कंपनी को जिम्मेदार ठहराया था, हालांकि अभी इस मामले में परिजनों के बयान दर्ज नहीं हो पाए हैं। पुलिस का कहना है कि अचानक हुए घटनाक्रम से परिजन सदमें में है, इस लिए स्थिति सामान्य होने के बाद उनके बयान लिए जाएंगे।



### शॉर्ट सर्किट से फैला का करंट

विदित हो कि 25 वर्षीय सतीश पिता लालचंद हलवाई का काम करता था। मंगलवार सुबह अचानक डीपी में शॉर्ट सर्किट हुआ तो लोगों के घरों में करंट फैल गया। इस दौरान सतीश को पता चला तो वह अपने घर के स्विच ऑफ करने लगा। इसी दौरान करंट का झटका लगा और वह घर में लगे लोहे के गेट से टकरा गया। लोहे के गेट में भी पूरी तरह करंट फैला हुआ था, जिससे वह चपेट में आ गया। घटनाक्रम में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में परिजनों और रहवासियों में बिजली कंपनी के खिलाफ काफी आक्रोश बना हुआ है।

### अधिकारियों पर हो कार्रवाई

*वार्ड-11 के पूर्व पार्षद मेवालाल केनजर्जी ने कहा कि घटना की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की है। क्षेत्र में आए दिन ट्रांसफर में आग लगती रहती है। कई बार सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज करवाई गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की लापरवाही से एक युवक की जान चली गई, ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।*

---

खबर संक्षेप

### पेंशन भुगतान में देरी से नाराज पेंशनर, आज से देंगे धरना

**भोपाल।** नगर निगम के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों की कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण से मिलकर पेंशन भुगतान में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई है। प्रतिनिधियों ने आयुक्त को बताया कि जहां नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को आठ अप्रैल 2025 को वेतन मिल चुका है, वहीं पेंशनरों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है। कई पेंशनर भरण-पोषण, मकान किराया, बिजली बिल, स्कूल फीस और आवश्यक दवाओं तक की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि 17 अप्रैल तक पेंशन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे अपने परिवार सहित मुख्यमंत्री निवास पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को विवश होंगे।

### 20 को होगा 'सर्ज लाइव 3.0', देशभर के सर्जन जुटेंगे एक मंच पर



**भोपाल।** राजधानी भोपाल एक बार फिर से चिकित्सा विशेषज्ञों का केंद्र बनने जा रही है। आगामी 20 अप्रैल को कोर्टयार्ड मैरियट होटल में सर्ज लाइव 3.0 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनरल और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, अनुभवों और अनुसंधानों पर केंद्रित रहेगा। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के आयोजक अध्यक्ष डॉ. रॉय पाटणकर हैं, जबकि भोपाल समन्वयक की जिम्मेदारी डॉ. राजीव शारदा निभा रहे हैं। सुबह नौ बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में देश के शीर्ष सर्जन लाइव सर्जरी, पैनल चर्चाएं, और तकनीकी सत्र प्रस्तुत करेंगे। हर्निया सर्जरी, गाल ब्लैडर की बीमारियां और लेप्रोस्कोपिक कॉम्प्लिकेशन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

15वें दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना




संविदा कर्मचारियों ने गाया भजन

## रघुपति राघव राजा राम, कुक्कुट प्रबंधन को सद्बृद्धि दे भगवान...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविदा नीति 2023 के अनुसार वेतन भत्ते देने मांग को लेकर हड़ताल कर रहे कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों ने 15वें दिन रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम भजन गाकर प्रबंधन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना भगवान से की। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों द्वारा संविदा नीति लागू करने की मांग कर रहे हैं।

### आश्वासन के तीन माह बाद भी आदेश जारी नहीं

प्रबंधन ने सात दिन में नीति लागू करने का लिखित आश्वासन दिया था। तीन महीने बीत चुके है, फिर भी संविदा नीति के अनुसार वेतन एवं भत्तों का भुगतान करने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में प्रबंधन की वादा खिलाफी को लेकर आक्रोश है। रमेश राठौर और धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कुक्कुट विकास निगम के प्रबंधन को चेतावनी दी है कि जब तक संविदा नीति के आदेश जारी नहीं होते तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

उच्च न्यायालय ने दिया था आदेश

## बीयू: बीपीएड सेकंड सेम परीक्षा सत्र 2023 24 के परीक्षा आवेदन की तारीख जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर नियमित छात्र परीक्षा सत्र 2023-24 के परीक्षा फार्म भरने की तारीखें जारी कर दी हैं। इस सत्र में कुछ छात्रों के दस्तावेज पूरे जमा नहीं होने पर इन्हें कोर्ट के आदेश के बाद परीक्षा में शामिल किया गया था। अब दस्तावेज जमा होने पर इनके परीक्षा परिणाम जारी किए गए हैं। इनमें से 18 विद्यार्थियों के रिजल्ट जारी किए हैं, जबकि शेष के लिए आवेदन की तारीखें जारी की गई हैं।

अधिसूचना के अनुसार निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेज के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र पात्रता न होने के कारण उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश के परिपालन में परीक्षा में शामिल हुए हैं। कार्यालयीन कार्रवाई के बाद कुल 21 छात्र-छात्राओं द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं, जिसका परीक्षण जांच समिति द्वारा किया गया है।

उक्त संबद्ध कॉलेज के बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर नियमित 21 पात्र परीक्षार्थियों में से 18 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। शेष के लिए परीक्षा सत्र 2023-24 के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑन लाइन के माध्यम से जमा करने की तारीखें जारी की हैं। सामान्य शुल्क के साथ यह परीक्षार्थी 16 से 31 अप्रैल 2025 के बीच फार्म भर सकेंगे।

## प्रगति नगर में सरकारी जमीन पर बनीं चार दुकानें ढहाईं

निगम के अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की सड़कों किनारे लगाई गई गुमठियां और हाथ ठेलों की वजह से ट्रेफिक जाम के हालात बनते हैं, जिसको लेकर नगर निगम ने अमले ने बुधवार को शहर के अलग-अलग हिस्सों से ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर जब्त किए। इधर अवधपुरी के प्रगति नगर में सरकारी जमीन पर बनीं चार पक्की दुकानों को जेसीबी से ढ़हाया गया। अमले ने सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के आधार पर शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाया गया। निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने बुधवार को डीआईजी बंगला चौराहा, ईदगाह हिल्स, वाजपेयी नगर, न्यू मार्केट नो व्हीकल जोन, सूरज नगर, भदभदा, बड़वई, करोंद, बुधवारा, कसाईपुरा, ज्योति टॉकीज, अवधपुरी, प्रगति नगर, वीआईपी गेस्ट हाउस, लिंक रोड नं. 1, 2 और 3, अशोका गार्डन, 80 फिट रोड, सब्जी मंडी परिहार चौराहा, कोलार क्षेत्र के फाईन एवेन्यू, बीमाकुंज, कोलार थाना, संस्कार गार्डन, मिसरोद, अलकापुरी, भानपुर, रेतघाट, दानापानी रोड, ईश्वर नगर, अरेरा हिल्स, एमपी नगर क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमणों को हटाया गया।

ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर किए जब्त



स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयार किया एजुकेशन पोर्टल

## एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अब स्कूल शिक्षा विभाग का ब्यौरा, स्थानांतर भी इसी से होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शिक्षा सत्र में एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर काम शुरू कर दिया है। इस पोर्टल से विभाग के कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया गया है। पोर्टल में मानव संसाधन से संबंधित जानकारी को कर्मचारी और विकासखंड स्तर पर वेरीफाई किया गया है। इसमें विभाग के करीब 2 लाख 75 हजार कर्मचारियों की समस्त जानकारी पारदर्शी रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित की गई है। विभाग के पौने तीन लाख कर्मचारियों के स्थानांतरण को भी पारदर्शी माध्यम से स्थानांतरण नीति-2022 के आधार पर ऑनलाइन ट्रांसफर मॉड्यूल तैयार किया गया है। उच्च पद प्रभार एवं अतिथि शिक्षक प्रक्रिया को भी पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है।

### कर्मचारियों को वेतन पर्ची उनके मोबाइल पर प्राप्त हो सकेंगे

विभाग के सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची उनके मोबाइल पर प्राप्त हो सके, ऐसी व्यवस्था विभाग द्वारा की गयी है। विभाग के कर्मचारी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये जिला या मुख्यालय स्तर पर चक्कर न लगाए। इसके लिए उनकी शिकायतों निराकरण के लिए परिवेदना प्रणाली को ऑनलाइन किया गया है। पोर्टल में इंटीग्रेटेड डेशबोर्ड से मुख्यालय, जिला और विकासखण्ड स्तर पर समस्त गतिविधियों की मॉनीटरिंग होगी है। एजुकेशन पोर्टल 3.0 में एकीकृत डाटाबेस के आधार पर जानकारी तैयार की जा रही है। यह जानकारी सुरक्षित रहे, इसके लिए ब्लॉक चेन बेस्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है।

## आरजीपीवी: बी.टेक पुनर्मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम जारी

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीटेक का परीक्षा परिणाम जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक, आरजीपीवी द्वारा जारी सूचना के अनुसार बीटेक थर्ड सेम वर्ष-2021 प्रवेशित (प्रथम वर्ष) अथवा 2021 के पूर्व के फस्ट ईयर के छात्रों के साथ ही 2022 प्रवेशित (लेटरल एंट्री द्वितीय वर्ष) अथवा 2022 के पूर्व प्रवेशित लेटरल एंट्री के छात्रों का पुर्नमूल्यांकन का परिणाम घोषित किया गया है। छात्र-छात्राओं द्वारा तृतीय सेमेस्टर परसुएशन के लिए बिना विलंब शुल्क 18 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। जो छात्र परसुएशन के लिए आवेदन करेंगे, उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे 19 अप्रैल 2025 को दोपहर एक बजे विश्वविद्यालय में स्वयं उपस्थित रहें।

- थर्ड सेम के लिए बिना विलंब शुल्क 18 तक जमा करें आवेदन

आयुष्मान आरोग्य शिविर में 12 हजार से अधिक मरीजों की हुई जांच

## डायबिटिज, हाई ब्लड प्रेशर और कैंसर के मिले मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के नागरिकों में डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसे लक्षण मिले हैं। यह खुलासा जिले के 130 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक्स में लगे शिविरों से हुआ है। इन शिविरों में 12 हजार 856 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविरों में हुई जांच में भोपाल के नागरिकों में सबसे अधिक हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटिज और कैंसर के मरीज मिले। हाई ब्लड प्रेशर के चार हजार 781, मधुमेह की स्क्रीनिंग में चार 150 नागरिकों की जांच की गई।

### कैंसर स्क्रीनिंग में भी दिखे खतरे के संकेत



असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग में कैंसर के भी चिंताजनक आंकड़े सामने आए। दो हजार 908 लोगों की ओरल कैंसर (मुंह का कैंसर), एक हजार 552 महिलाओं की स्तन कैंसर और 913 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) की स्क्रीनिंग की गई। इन आंकड़ों से पता चलता है कि शहर में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की भी शुरुआती पहचान के लिए जागरुकता और नियमित जांच की आवश्यकता है।

### नागरिकों को स्वस्थ जीवन देना उद्देश्य

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य केवल बीमारियों की पहचान करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना भी है। हम योग, उचित खानपान और स्वस्थ जीवनशैली जैसी वेलनेस गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि लोग बीमारियों से बचाव कर सकें और एक स्वस्थ जीवन जी सकें।

डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ

### अन्य बीमारियों की भी हुई जांच

क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 588 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जबकि 618 हितग्राहियों की मोतियाबिंद और 282 की कुष्ठ रोग की जांच की गई। इसके अतिरिक्त 400 से अधिक गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का टीकाकरण किया गया, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शिविरों में 149 जरूरतमंद मरीजों को टेली कंसल्टेशन सेवाएं भी प्रदान की गई।

भोपाल
गुरुवार, 17 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-04
वर्ष : 12, अंक : 16
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 25


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


11
विश्व कप : सुरुचि ने जीता लगातार दूसरा स्वर्ण...



व्यापार पेज
05 सेल- टाटा, जिंदल और एएमएनएस...

**जस्टिस गवई का कार्यकाल 6 महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं**

### 13 मई को रिटायर हो रहे सीजेआई खन्ना ने की सिफारिश

# जस्टिस बीआर गवई होंगे 'अगले' मुख्य न्यायाधीश

## जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए न्यायमूर्ति भूषण आर गवई के नाम की सिफारिश की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिफारिश विधि मंत्रालय को भेज दी है। प्रस्ताव वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भेजा गया है। वे 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं।

**वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे | 14 मई को सीजेआई पद की शपथ संभव**

जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे हैं, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई है। इससे पहले कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की आधिकारिक अपील की थी। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे 14 मई को सीजेआई पद की शपथ ले सकते हैं। जस्टिस गवई का कार्यकाल हालांकि छह महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था।



### नोटबंदी, बुलडोजर एक्शन व चुनावी बांड के फैसले के हिस्से रहे

*जस्टिस गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। जस्टिस गवई के पिता दिवंगत आरएस गवई भी एक मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता और बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल रहे। जस्टिस गवई ने अपने वकालत करियर की शुरुआत साल 2003 में बॉम्बे उच्च न्यायालय में बतौर एडिश्नल जज की थी। इसके बाद साल 2005 में वे स्थायी जज नियुक्त हुए। जस्टिस गवई ने 15 वर्षों तक मुंबई, नागपुर, औरंगाबाद और पणजी की पीठ में अपनी सेवाएं दीं। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के दूसरे अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन साल 2010 में यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। जस्टिस बीआर गवई साल 2016 में नोटबंदी को लेकर दिए गए फैसले का हिस्सा रहे। जिसमें कहा गया था कि सरकार को करेंसी को अवैध घोषित करने का अधिकार है। इसके अलावा जस्टिस गवई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ दिए आदेश का भी हिस्सा रहे और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर फैसला देने वाली पीठ का भी हिस्सा रहे।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### फैक्ट्री के गेट पर गिरे श्रमिक की मौत



**इंदौर।** बाणगंगा इलाके की एक फैक्ट्री में मजदूर की मौत हो गई। परिवार ने इस मामले में लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को पुलिस ने फैक्ट्री से सीसीटीवी जब्त किए। जिसमें फैक्ट्री गेट पर मजदूर खुद गिरता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने परिवार को फुटेज दिखाने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम कैलाश पुत्र लच्छू लोधी है।

#### तेज रफ्तार कार पलटी पति-पत्नी की मौत



**जबलपुर।** जबलपुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। एएसपी के मुताबिक मृतक का नाम मनोज कुमार (64) निवासी कटनी, सराफा बजार है। वह पत्नी डाली सिंह के साथ जबलपुर गया था। शवों को पीएम के लिए सिहोरा स्वास्थ्य केंद्र भिजवा गया और जांच शुरू कर दी है।

#### खेत से लौट रही महिला पर तेंदुए का हमला



**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से भटके आदमखोर तेंदुए का आतंक विजयपुर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। देर शाम तेंदुए ने खेत में काम कर रही एक महिला पर हमला बोल दिया। धामिनी गांव की निवासी महिला सुनीता पत्नी सुरेंद्र धाकड़ खेत पर ट्रैक्टर-ट्राली का में गेहूं की कटाई के बाद निकला भूसा भर रहे थे। देर शाम महिला पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला से 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को राशि अंतरित कर कहा

# दहेज-मृत्युभोज से बचें, अपने बच्चों को पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें समर्थ बनाएं

**सिंगल क्लिक से 1552.38 करोड़ रुपए किए अंतरित**



**मंडला जिले में 232 करोड़ रुपए की लागत वाले 66 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों को 1250 रुपए की लाड़ली बहना योजना की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। उन्होंने लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिए 2500 करोड़ से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, इसके लिए आने वाले वर्षों में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का लाभ मिलेगा। निकाय चुनावों में महिलाओं के ⏩ शेष पेज 4 पर

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित होने के लिए सुश्री शुचि उपाध्याय का मंच से अभिनंदन**

## सीएम ने कहा कि राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आधी आबादी की पूरी भूमिका हो

**लाड़ली बहना सहित अन्य योजनाओं में मिली 2.5 हजार करोड़ रुपए से अधिक सहायता राशि की सौगात | 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़, 25 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 57 करोड़ अंतरित**



### मंडला को मिली 232 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों को 1552.38 करोड़ रुपए, 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए, उज्ज्वला योजना में पात्र 25 लाख बहनों को 450 रुपए में सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 57 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। सरकार ने अब तक लाड़ली बहनों को 36 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने मंडला के विकास को गति देने के लिए 232 करोड़ रुपए की लागत वाले 66 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया।



### हर ब्लॉक में एक वृंदावन ग्राम बनाया जाएगा

*डॉ. यादव ने मां नर्मदा और रानी दुर्गावती को नमन करते हुए कहा कि मां नर्मदा ने महाकौशल से मालवा और गुजरात तक लोगों को जीवन दिया है। बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार ने एक लाख करोड़ की राशि प्रदान की है। बुंदेलखंड की धरती वीरों की धरती है। केंद्र सरकार के सहयोग से केन-बेतवा, पार्वती-काली सिंध नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ मध्यप्रदेश के कई जिलों को मिलेगा। हमारी सरकार ने प्रदेश के हर ब्लॉक में एक गांव को वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।*


### परिणय सूत्र में बंधे 1100 नवविवाहित दंपतियों को दिया आशीर्वाद

*डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में परिणय-सूत्र में बंधे 1100 से अधिक नवविवाहित दंपतियों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नवविवाहित दंपतियों को 49-49 हजार की राशि प्रदान की गई है।*

### फर्जी डॉक्टर ने ली थी 7 मरीजों की जान

## दमोह के मिशन अस्पताल का लाइसेंस निलंबित, अब 'ताला'

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



- प्रबंधक बोलीं-हमें नहीं मिला सीएमएचओ का पत्र

दमोह में सात मरीजों की मौत का आरोप झेल रहे मिशन अस्पताल का लाइसेंस सीएमएचओ ने निलंबित कर दिया। बुधवार को एक पत्र जारी कर मिशन अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। हालांकि, मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे ने कहा कि अभी तक उन्हें सीएमएचओ कार्यालय से इस प्रकार का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि मिशन अस्पताल द्वारा लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया था। ⏩ शेष पेज 4 पर

### समाज की मुस्लिम-रावण से तुलना

## भड़के जैन समाज के लोगों ने थाना घेरा, गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर



- भाजपा नेताओं पर आरोप एफआईआर दर्ज

जैन समाज को रावण से जोड़ने और मुस्लिम समाज को एक बताने वाले कथित वायरल ऑडियो से जबलपुर जैन समाज में आक्रोश फैल गया। मंगलवार देर रात को समाजजन ने कोतवाली का घेराव कर दिया और ऑडियो में जैन समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। ये ऑडियो कथित तौर पर भाजपा के दो नेताओं का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही एएसपी आनंद कलादगी और सीएसपी रितेश कुमार शिव के साथ दो थानों की पुलिस कोतवाली पहुंची। रात 12 बजे थाने के अंदर नारेबाजी करने लगे। ⏩ शेष पेज 4 पर

### ड्यूटी के दौरान भोजपुरी गानों पर डांस

## 'रील' बनाने पर होगी दो महिला पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा



- आलोचना के बाद अकाउंट डिलीट कर दिया

शहर में कुछ महिला पुलिसकर्मियों का ड्यूटी के दौरान भोजपुरी गानों पर रील बनाई। रील वायरल हुई तो विवाद खड़ा हो गया। इस वीडियो को इंस्टाग्राम अकाउंट संध्या वर्मा 790 से पोस्ट किया गया था, और जैसे ही यह वायरल हुआ, इस पर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया होने लगी। बाद में महिला पुलिसकर्मी ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया। रीवा एसपी विवेक सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच के आदेश दिए हैं। एसपी ने कहा कि जांच के बाद ⏩ शेष पेज 4 पर

### इंदौर में पराली जलाने पर एक्शन

## किसानों पर लाखों रुपए का जुर्माना कृषक संगठनों ने ऐतराज जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



- अब तक 668 प्रकरण दर्ज किए गए

जिले में प्रशासन ने खेतों में पराली (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए किसानों पर तगड़ा जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है और प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में खेतों में पराली जलाने को लेकर अब तक 668 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और संबंधित किसानों पर कुल 13.68 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अधिकारी के मुताबिक प्रशासन ने पराली जलाने की घटनाओं ⏩ शेष पेज 4 पर

## सफेद पीठ-लंबी चोंच वाले 6 गिद्ध छोड़े



### जीपीएस ट्रैकर से होगी निगरानी

*भोपाल। हलाली जंगल से बुधवार को सफेद पीठ और लंबी चोंच वाले 6 गिद्ध छोड़े गए। पिंजरे से बाहर आते ही वे अपने प्राकृतिक रहवास के लिए उड़ गए। जीपीएस ट्रैकर से उनके हर मूवमेंट पर एक्सपर्ट नजर रखेंगे। गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केंद्र केरवा, भोपाल से 6 गिद्ध को उनके प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वनक्षेत्र में रामकली गोशाला के पास से सुबह छोड़ा गया। इन गिद्धों* ⏩ शेष पेज 4 पर

### उपसरपंच ने आदिवासी युवती से रचाई शादी

# 10 गांवों के सरपंचों का फरमान 1.30 लाख रुपए का भरिए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



- चेतावनी-जुर्माना भरो या समाज से बहिष्कार झेलो!

इसे प्यार कहें या सामाजिक विद्रोह, हर्रई ब्लॉक के सालढाना गांव के उपसरपंच उरदलाल यादव ने आदिवासी युवती पंचवती उईके से कोर्ट मैरिज की है। इसके बाद पूरे इलाके में हलचल मच गई है। समाज के ठेकेदारों को यह रिश्ता इतना नागवार गुजरा कि दस गांवों के सरपंचों ने मिलकर पंचायत बुलाई। एक जनादेश जारी कर दिया कि 1.30 लाख का हर्जाना दो, वरना समाज से बहिष्कार झेलो! घटना सितंबर 2024 की है। सालढाना, चुड़ी बाजवा, काराघाट, करेली, मुरकाखेड़ा, चौरासी और आंचलकुंड समेत 10 गांवों के सरपंचों ने एक संयुक्त पंचायत में फैसला सुनाया। शादी को एक साल हो चुका है, लेकिन हर्जाने की राशि अभी तक नहीं मिली। इस पर पीड़ित बताकर खुद को पेश कर रहे बिरजू जनसुनवाई में पहुंचे और प्रशासन से जुर्माना वसूलने की मांग करने लगे। अधिकारियों ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। यदि पंचायत का निर्णय असंवैधानिक पाया गया तो संबंधित सरपंचों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### कांग्रेस ने आरोपपत्र को 'राजनीतिक षड्यंत्र' बताया

**भोपाल-इंदौर सहित देश भर में 'नेशनल हेराल्ड' केस में कांग्रेस का प्रदर्शन**

## भोपाल के दफ्तर में तोता लेकर पहुंचे तो इंदौर में ईडी दफ्तर कहां है, ये ही भूल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/इंदौर




**हाथ में पिंजरे में बंद तोता लेकर ईडी दफ्तर के लिए निकले कांग्रेसी**

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के शीर्ष नेताओं ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने को लेकर बुधवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला और इसे गांधी परिवार की छवि खराब करने का 'राजनीतिक षडयंत्र' करार दिया। पार्टी नेताओं ने इसे राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कदम बताया और दावा किया कि 'नेशनल हेराल्ड' मामले में एक पैसा भी नेहरू-गांधी परिवार ने अपने ऊपर खर्च नहीं किया। हालांकि, भाजपा ने कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी मामला है और पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। बाद में पटवारी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस ने ईडी के फैसले के खिलाफ बुधवार को भोपाल में ईडी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर वीके बाथम और महेंद्र सिंह चौहान समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पटवारी हाथ में पिंजरे में बंद तोता (ईडी) लेकर चल रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि केंद्रीय एजेंसी इस मुद्दे पर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से काम कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि 'नेशनल हेराल्ड' मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कई कांग्रेस नेताओं के खिला ईडी का आरोपपत्र दायर करना भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की हताशा को दर्शाता है। इंदौर में इस मामले में ⏩ शेष पेज 4 पर

### भाजपा ने पूछा-गांधी परिवार का एटीएम कैसे बन गई देश की गाढ़ी कमाई?

भाजपा की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष और सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि 'नेशनल हेराल्ड' मामले में ईडी द्वारा आरोपपत्र में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल किया जाना पूरी तरह से तकनीकी व कानूनी मामला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भली-भांति जानती है कि 'नेशनल हेराल्ड' की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई थी और पहला मामला 2013 में दर्ज हुआ था और उस समय देश में कांग्रेस की सरकार थी। शर्मा ने बताया कि कांग्रेस को जवाब ⏩ शेष पेज 4 पर



गृह मंत्री अमित शाह के नीमच पहुंचने पर सीआरपीएफ के गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका स्वागत किया।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री आज नीमच में सीआरपीएफ स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 86 वें स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 17 अप्रैल गुरुवार को नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ स्थापना दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। गृहमंत्री शाह बुधवार शाम बाय कार नीमच पहुंच गए, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका स्वागत किया।

## आज यह विश्व का सबसे बड़ा और सुसज्जित अर्धसैनिक बल है

सीआरपीएफ स्थापना दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1950 में तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने बल को ध्वज प्रदान किया गया था। इस वर्ष परेड 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के तहत आयोजित की जा रही है। नीमच की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी इस अवसर पर विशेष महत्व रखती है। 27 जुलाई 1939 को ब्रिटिश शासनकाल में 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' की स्थापना की गई थी, जिसे स्वतंत्रता के पश्चात 28 दिसंबर 1949 को देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) नाम दिया। सीआरपीएफ ने देशी रियासतों के एकीकरण से लेकर आंतरिक सुरक्षा, उग्रवाद-आतंकवाद विरोधी अभियानों, अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापना, वीआईपी सुरक्षा और आपदा प्रबंधन तक अनेक मोर्चों पर सशक्त भूमिका निभाई है। आज यह विश्व का सबसे बड़ा और सुसज्जित अर्धसैनिक बल है।

## शाह करेंगे संवाद

समारोह में सीआरपीएफ की आठ टुकड़ियों की ओर से परेड की जाएगी। इस अवसर पर गृहमंत्री वीरता पदकों के लिए चयनित सीआरपीएफ कर्मियों को गैलरी मेडल्स प्रदान करेंगे। कोबरा, आरएएफ, वैली क्यूएटी, एएफ वैली, क्यूएटी और डॉग स्क्वॉड जैसी इकाइयों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। 'शहीद स्थल' पर गृहमंत्री शाह बल के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गृहमंत्री शाह शहीदों के परिवारों, परेड कमांडरों तथा जवानों के साथ संवाद भी करेंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित

# निजी हित साधने कांग्रेस ने किए संविधान में मनमाने संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की गद्दी को बचाने और व्यक्तिगत हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की समय सीमा बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन किया है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कही।

भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में संविधान को नमन कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने संबोधित किया।

## कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण और काम निकालने का रहा है: डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की चमड़ी बहुत मोटी हो गई है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान करने का काम अगर किसी ने किया है तो वह देश पर सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस ने संविधान में एक-दो बार नहीं, बल्कि अपनी जरूरतों के हिसाब से अनेकों संशोधन करने का काम किया। अब जब नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेताओं पर चार्जशीट दाखिल हुई, तो ईडी के दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। क्या कांग्रेस कानून से बड़ी हो गई है? कांग्रेस का मूल चरित्र ही तुष्टिकरण कर अपना काम निकालने का रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान हमको सौंपा उसके हिसाब से कोई बड़ा नहीं, कोई छोटा नहीं और कोई ऊंचा-नीचा नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के मूल मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

### कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देना है : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा का संगठन तंत्र बूथ स्तर तक सक्रियता से कार्य करता है, इसलिए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा हमें दिए गए इस अभियान को बूथ स्तर पर साकार करना है। पार्टी कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक प्रदेश के 65 हजार 14 बूथों पर पहुंचकर तथ्यात्मक मुद्दों पर बात करेंगे। यह अभियान बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल से प्रदेश भर में प्रारंभ हुआ है। हमें जनता तक पहुंचकर कांग्रेस द्वारा समाज में किए गए दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देना है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया और संविधान के साथ खिलवाड़ करती रही।

### कांग्रेस ने बाबा साहब का हमेशा तिरस्कृत किया: डॉ. सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने देश की आजादी के बाद भारत का संविधान बनाया, जिसके आधार पर आज देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर समाज सुधार का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए कार्य युगों तक प्रासंगिक रहेंगे। बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान की आत्मा उसकी प्रस्तावना है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन कर संविधान की आत्मा को ठेस पहुंचाई है।

### कांग्रेस ने धारा 356 का दुरुपयोग कर 88 बार सरकारों को गिराया

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस और विपक्षी दल देश में एक नैरेटिव सेट करने में सफल रहे कि अगर भाजपा लोकसभा में 400 सीटें जीत जाएगी तो संविधान बदल देगी। कांग्रेस और विपक्षी दलों के इस दुष्प्रचार को तथ्यों के साथ जवाब देने की जरूरत अभी भी है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान का किस प्रकार से दुरूपयोग किया है, उसका बड़ा उदाहरण धारा 356 का अनुचित प्रयोग है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र में सत्ता मे रहते 88 बार धारा 356 का दुरूपयोग कर राज्यों की चुनी गई सरकारों को गिराया है। जबकि 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 356 का प्रयोग कर किसी भी सरकार को गिराने का कार्य नहीं किया।

### बाबा साहब ने सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य किया: गौतम

राष्ट्रीय महासचिव ने रखी अपनी बात

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विकसित भारत बनाने की मानसिकता के साथ कार्य कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हराकर समाज सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों में बार-बार रोकने का प्रयास किया। बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें सिर्फ दलितों का नेता बताकर उनके कार्यों को समाज में आने से छिपाने का कार्य किया। संविधान दिवस मनाने का कार्य भाजपा ने किया, कांग्रेस ने संविधान को लागू करने के वर्षों बाद तक यह कार्य नहीं किया। संविधान दिवस मनाने के लिए 26 नवंबर 2015 को संसद में हुई डिबेट में प्रमुखता से चर्चा की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब को बार-बार अपमानित करने के साथ उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया कि वे सिर्फ दलितों के नेता है। बाबा साहब ने सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया।


सीएम डॉ. यादव बोले...

# किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने सरकार पूरी ऊर्जा से जुटी

मप्र कृषक कल्याण मिशन किसानों के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए मंत्रिपरिषद ने दी है मिशन को सैद्धांतिक मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और इस क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हर संभव प्रयास जारी हैं। किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण दूर करने की दिशा में सरकार योजनाबद्ध तरीके से पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

### दुग्ध उत्पादन बढ़ाने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना

मप्र में वर्तमान दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर जल्द से जल्द 20 प्रतिशत तक करने के लिए राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। इससे हम घर-घर गोकुल तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने गौशालाओं में दुधारू पशुओं के लिए भी अनुदान राशि बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत ‹\@›2047 के विजन के अनुरूप हमारी सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिए हैं। मंत्रि-परिषद की पिछले दिवस मंगलवार को बैठक में मप्र कृषक कल्याण मिशन को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश को विशेषकर गरीबों औरकिसानों को आर्थिक रूप से सुखी और समृद्ध बनाने के लिए प्राण-प्रण से कार्य कर रही है।

# ईडी दफ्तर पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## ज्ञापन के साथ प्रतीकात्मक तोता पुलिस को सौंपा

राहुल, सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने पर बवाल

पटवारी का आरोप-ईडी भाजपा के लिए तोता बनकर काम कर रही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल हेराल्ड और एसोसिएट ट्रेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मंगलवार को चार्जशीट दाखिल करने के बाद से सियासत फिर गर्मा गई। चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल गांधी के नाम शामिल किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने भोपाल में ईडी दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया भाजपा ने जिस तरह से सोनिया गांधी पर कुठाराघात किया, उसके खिलाफ पूरी कांग्रेस साथ है। कानून पर हमें भरोसा है, लेकिन जिस तरह से सोनिया गांधी के साथ कृत्य किया जा रहा है, उससे साफ है कि भाजपा अब तानाशाही पर उतर आई है। पटवारी ने कहा भाजपा के खिलाफ आज पहला कार्यक्रम है और आने वाले समय में प्रदेश भर में पदयात्रा निकाली जाएंगी। विपक्ष के 36 नेताओं के खिलाफ ईडी का दुरुपयोग किया गया, इनमें से किसी पर दोष साबित नहीं हुआ, लेकिन 70 फीसदी नेता भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं।




### कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेड़ा

पटवारी पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने मेन गेट बंद कर दिया था, बावजूद इसके कार्यकतार्ओं ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की काफी कोशिश की परंत पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को ईडी ऑफिस तक नहीं जाने दिया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर ही लेटकर नारेबाजी करने लगे। पीसीसी चीफ ने सोनिया और राहुल गांधी को लेकर ईडी के एक्शन को अलोकतांत्रिक बताया।

### कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्जशीट पेश करने का विरोध

कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्ज शीट पेश किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पीसीसी चीफ पटवारी प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस को ज्ञापन के साथ ही उन्होंने पिंजरे में रखा तोता भी भेंट किया।

### दिग्विजय बोले- एजेंसियों का दुरुपयोग

इधर, इस मामले में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा- भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस मिलकर ईडी, आईटी और सीबीआई का एक राजनीतिक हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं, हम इसकी निंदा करते हैं।

### विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला है। सिंघार ने कहा कि भाजपा देश में विपक्ष की आवाज को खत्म करना चाहती है।

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# आउटसोर्स कर्मचारियों की चेतावनी, 21 तक मांगें नहीं मानी तो हड़ताल कर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को रखा और चेतावनी दी कि यदि 21 अप्रैल तक मांगें पूरी नहीं हुई तो 22 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव हड़ताल की जाएगी। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेश में 30 हजार



से अधिक आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी सपोर्ट स्टाफ, वार्ड बाय, आया, सुरक्षाकर्मी, डाटा एंट्री आपरेटर आदि के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से कई कर्मचारी पूर्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पर कार्य कर चुके हैं। कई जिलों में कर्मचारियों को 5-6 माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। इसके साथ ही वेतन में निर्धारित श्रमिक दरों की अनदेखी की जा रही है और कर्मचारियों के शोषण की शिकायतें सामने आई हैं। संघ ने मांग की है कि इस घोटाले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में नियमितीकरण, वेतनवृद्धि, महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश, चिकित्सा अवकाश, समान कार्य समान वेतन सहित अनेक मांगें शामिल हैं। संघ ने चेताया कि यदि तय समय-सीमा में समाधान नहीं हुआ, तो हड़ताल कर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

## अवकाश के बावजूद सभी उपार्जन केन्द्रों पर होगी गेहूं की खरीदी

**भोपाल।** मप्र के अन्नदाताओं की सुविधा और हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने निर्णय लिया कि अब सभी उपार्जन केन्द्रों पर 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद गेहूं की खरीदी का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इसके लिए किसान स्लॉट बुक करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह निर्णय किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। किसान इन तिथियों में स्लॉट बुक कर बिना किसी परेशानी के गेहूं विक्रय कर सकेंगे। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

**कलेक्टरों को दिए गए निर्देश:** खाद्य मंत्री राजपूत ने समस्त जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में उपार्जन केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग करें।

## रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन आज

**भोपाल।** भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक सेंट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने,रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी लाखन सिंह चौधरी ने बताया कि गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेश के 10 जिलों में मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा, इस संदर्भ में आम जनता में जागरूकता फैलाने एवं किसी भी प्रकार की घबराहट से बचाव के लिये पूर्व सूचना देना अत्यंत आवश्यक है. यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, और आम नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

आयुष लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा की बैठक

# सिकल सेल करीब 21 प्रकार के रोगों का बन सकता है कारण

- जेनेटिक काउंसलिंग में समुदाय का सहयोग लिया जाए
- समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना ही लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में जेनेटिक काउंसलिंग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में मध्यस्थों की भूमिका की संभावनाओं पर कार्य करते हुए समुदाय का सहयोग प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया आनुवंशिक रोग है। रोग को खत्म करने के लिए वैवाहिक और गर्भधारण संबंधी सावधानियां के बारे में सामुदायिक जन जागृति की दिशा में प्रभावी पहल जरूरी है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में समुदाय के नेतृत्व और पंचायत पदाधिकारियों का सहयोग भी लिया जाना चाहिए।

राज्यपाल पटेल राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि रोगी को स्वस्थ बनाने के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रमाणित औषधियों और चिकित्सा पद्धतियों को स्वीकार किया जाना चाहिए। मप्र के वनों में प्रचुर मात्रा में वन औषधियों की उपलब्धता है। इन औषधियों के सिकल सेल रोगी को स्वस्थ बनाने के अनुभवों और उपयोग के परीक्षणों के प्रमाणीकरण का कार्य व्यापक स्तर पर तेज गति से किया जाए। लक्ष्य समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना होना चाहिए।

### हर स्तर पर औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता हो

राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एक जटिल रोग है, जो लगभग 21 प्रकार के रोगों का कारण बन सकता है। जरूरी है कि रोग प्रबंधन के कार्य बहुआयामी और एकीकृत स्वरूप में किए जाएं। स्वस्थ जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि रोग नियंत्रण प्रयासों को व्यक्ति केंद्रित किया जाए। हर स्तर पर औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता हो। समस्त रोगियों और वाहकों को उपचार,औषधि और जेनेटिक काउंसलिंग की सेवाएं उपलब्ध हो। उन्होंने छात्रावासों के भोजन में लौह तत्व की उपलब्धता वाले खाद्य पदार्थों को जोड़ने की जरूरत बताई है। गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच, जेनेटिक परामर्श और नवजात शिशुओं के वैक्सीनेशन के प्लेटफार्म के रूप में आंगनवाड़ियों को शामिल करने के लिए कहा है। बैठक में जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता, प्रमुख सचिव आयुष डीपी आहूजा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव एवं अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस का प्रदर्शन 'चोरी और सीनाजोरी' का उत्कृष्ट उदाहरण : विष्णुदत्त

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा झूठ, छल-कपट की राजनीति करती रही है और नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर उसका विरोध प्रदर्शन भी चोरी और सीनाजोरी का उत्कृष्ट उदाहरण है। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आना पूरी तरह से तकनीकी और कानूनी मामला है। इसलिए कांग्रेस को ईडी और आयकर जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर प्रदर्शन के माध्यम से दबाव डालने का प्रयास करने की बजाय उसे तकनीकी और कानूनी आधार पर अपना पक्ष अदालत में रखना चाहिए। शर्मा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले की शुरुआत 2012 में हुई थी, उस समय देश में कांग्रेस की ही सरकार थी। एक जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 2013 में इस मामले में सुनवाई शुरू की और 2013 में ही नेशनल हेराल्ड मामले में केस दर्ज हुआ। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं थी, बल्कि कांग्रेस की ही सरकार थी। ऐसे में कांग्रेस के मित्रों से मैं यह पूछना चाहता हूं कि ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं सैम पित्रोदा आदि के जो नाम आए हैं, तो इनके खिलाफ षडयंत्र किसने किया? चूंकि यह मामला मोदी सरकार के आने के पहले का है, इसलिए कांग्रेस पार्टी का इस मुद्दे पर राजनीति करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि तकनीकी दृष्टिकोण से देखें तो यह भारत के इतिहास का एक ऐसा विचित्र मामला है, जिसमें 90 करोड़ रुपए की देनदारी वाली कंपनी हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति वाली कंपनी बन गई। इस कंपनी के 76 प्रतिशत शेयर यानी तीन-चौथाई स्वामित्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास था। हास्यास्पद बात यह है कि इस कंपनी के बारे में तय किया गया कि जब प्रकाशन का काम बंद हो जाएगा, तो कंपनी प्रापर्टी व्यवसाय में काम करेगी। शर्मा ने कहा कि मैं कांग्रेस के मित्रों से यह पूछना चाहता हूं कि नेशनल हेराल्ड की स्थापना पं. जवाहरलाल नेहरू ने की थी। क्या कांग्रेस की सरकार और पार्टी कार्यकर्ताओं ने इनका कोई सहयोग नहीं किया? अगर कांग्रेस के 10 प्रतिशत कार्यकर्ता भी नवजीवन, नेशनल हेराल्ड और कौमी आवाज अखबार खरीदते रहते, तो उनके बंद होने की नौबत नहीं आती।



सीधी जिले के कालीन मध्यप्रदेश की शान

# एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत सीधी जिले की दरी और कालीन को मिली खास पहचान

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री जायसवाल बोले...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत सीधी जिले की दरी और कालीन को खास पहचान मिली है। सीधी जिले के दरी और कालीन मप्र की शान हैं।

उन्होंने कहा कि रेशम के धागे से दवाइयां और सेरीबैंडेज का निर्माण होगा। ऐसा नवाचार करने के मामले में मप्र देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सतपुड़ा एवं नर्मदा के वनों के ककून से दवाएँ बनाई जाएंगी।

### स्थानीय कारीगरों की मेहनत को नया बाजार मिलेगा



पाउडर, क्रीम, सेरीबैंडेज, सिजेरियन ड्रेसिंग, डायबिटिक घाव की ड्रेसिंग तथा ऑपरेशन के बाद की ड्रेसिंग निर्मित होंगी। मंत्री जायसवाल ने कहा कि स्थानीय कारीगरों की मेहनत को नया बाजार मिलेगा। साथ ही उनकी परंपरा और हुनर को नये मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुनकर मुद्रा योजना के साथ प्रदेश के बुनकरों की तरक्की होगी। बुनकरों को अब 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रूपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य और केन्द्र सरकार साझा प्रयास कर बुनकरों को हक और प्रोत्साहन दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सेरीबैंडेज की विशेषताएं

रेशम घाव को गीला नहीं रखता, शरीर के साथ भी नहीं चिपकता तथा रेशम से फायब्रोयिन नामक प्रोटीन निकलता है, जो जख्मों, डायबिटीज से ऊंगलियों में होने वाले घाव और गर्भवती महिलाओं के सर्जिकल डिलीवरी के घाव को कम समय में ठीक करता है। इससे संक्रमण की संभावना भी नगण्य हो जाती है।

### रेशम की विशेषताएं

रेशम एक मजबूत प्राकृतिक फाइबर है, जो घर्षण और तनाव का प्रतिरोधी होता है। रेशम के धागे से पाउडर, क्रीम, सेरीबैंडेज और सिजेरियन बैंडेज का निर्माण होता है। रेशम नमी को सोख लेता है, जो इसे गर्मियों के कपड़ों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है। रेशम लचीला होता है, जो इसे विभिन्न प्रकार के कपड़ों और उत्पादों के लिए उपयुक्त बनाता है।




## कर्मचारियों को मंडीदीप लेकर जा रही थी बस

### दोपहर पौने तीन बजे के आसपास बरकतुल्ला के सामने हादसा, ड्रायवर समेत 5 लोग घायल

# होशंगाबाद रोड पर ओवरटेक करने के दौरान टायर फटने से पलटी बस



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर बरकतउल्ला विश्वविद्यायल और विज्ञान भवन के बीच निजी कंपनी की बस डिवाइड से टकराकर पलट गई। हादसे के समय बस में 15 लोग सवार थे। घटना करीब पौने तीन बजे के आसपास की है। हादसे में ड्राइवर समेत पांच लोगों को गंभीर चोट आई है। अन्य लोगों को मामूली चोट है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हादसा ओवरटैक करते समय बस का टायर फटने से हुआ है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बस मंडीदीप की बीयर फैक्ट्री में लगी हुई है। वह प्रतिदिन कर्मचारियों को आनंद नगर से मंडीदीप लेकर जाती थी। बुधवार को भी बस कंपनी के 15 कर्मचारियों को आनंद नगर से लेकर मंडीदीप जा रही थी। इस दौरान पौने तीन बजे के आसपास एक अन्य वाहन को ओवरटैक करते समय बस का टायर फट गया और बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद घायलों को नजदीक ही स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, बड़ी बस नर्मदापुरम सड़क पर पटलने के कारण यातायात अवरुद्ध होने लगा था। लिहाजा समय न गंवाते हुए पुलिस ने तत्काल क्रेन की मदद से बस को रास्ते से हटाया गया।

» निजी कंपनी की बस हादसे में डिवाइड से टकराकर पलट गई

» बस रोज कर्मचारियों को आनंद नगर से मंडीदीप लेकर जाती थी

**ड्राइवर साइड से डिवाइडर से टकराई थी बस**

जब बस ओवर टेक कर रही थी उसी दौरान बस का टायर फटा था जिसके बाद बस अनियंत्रित हुई थी। जहां ड्राइवर सीट होती है उसी जगह से डिवाइडर से बस टकराई थी, जिसके चलते ड्राइवर को ही ज्यादा चोट आई है।



**हादसे में बस ड्राइवर हेमंत गंभीर**

*बस ड्राइवर हेमंत को हादसे में गंभीर चोट आई है। उसके अलावा 4 अन्य लोगों में मनोज यादव, अनिल और विजय सिंह अस्पताल में भर्ती है, जबकि अन्य को मामूली चोट आई थी जिनकों इलाज के बाद घर भेज दिया गया।*

## दोपहिया वाहन के गोदाम में आग, दर्जनभर वाहन हुए खाक, जाम में फंस गईं दमकलें, आधा घंटे में पहुंचीं

प्रभात चौराहा स्थित मोना अस्पताल के पास बुधवार रात करीब नौ बजे दोपहिया वाहन टीवीएस के शोरूम के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चंद मिनटों में ही गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। इससे गोदाम में रखे दर्जनभर दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए, इनमें दो वाहन ग्राहकों भी थे। वहीं आग लगने से गोदाम की छत भी कमजोर हो गई, जिसके गिरने का खतरा बना रहा। कंट्रोल रूम को सूचना मिलने के बाद दमकल वाहन मौके के लिए रवाना हुए, लेकिन भारी ट्रैफिक के चलते उन्हें पहुंचने में 20 से 25 मिनट का समय लग गया। पुल बोगदा से तीन और गोविंदपुरा फायर स्टेशन से दो दमकलों को भेजा गया।



**गोदाम के पिछले हिस्से में लगी थी आग**

दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर आफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि आग गोदाम के पिछले हिस्से में लगी थी। पूरी तरह से आग बुझने के बाद जांच कर पंचनामा तैयार किया जाएगा। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।



### परवलिया में अवैध रूप से चल रही थी सिलेंडर की कालाबाजारी

# राजगढ़ से भोपाल में इंडेन गैस सिलेंडर की तस्करी का खुलासा, 120 सिलेंडर जब्त

**गैस रिफलिंग सेंटर पर छापे में मिला एक सिलेंडर, एक सिलेंडर लेकर भागा कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजगढ़ के माना गांव की इंडेन गैस एजेंसी का वाहन 120 सिलेंडर भरकर परवलिया क्षेत्र में अवैध रूप से सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहा था। यहां खड़े वाहन से बिना कनेक्शन वाले लोगों को सिलेंडर बेचने पर बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके से टाटा 407 सहित 120 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इधर, चिकन फ्राई के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने पर चार सिलेंडर जब्त किए गए हैं।



**चिकन फ्राई दुकान से मिले 4 घरेलू सिलेंडर**

परवलिया इलाके में राजगढ़ जिले के माना की इंडेन एजेंसी के सिलेंडर की सूचना के बाद टीम ने मौके से टाटा 407 को पकड़ लिया। चालक ने बताया कि वह माना गांव की गैस एजेंसी से सिलेंडर लाकर यहां बेचता है। टीम ने वाहन सहित 120 सिलेंडरों को जब्त कर लिया है। इधर, शाहजहांनाबाद स्थित बारह दरी इलाके से शफीक खान की चिकन फ्राई दुकान से चार घरेलू सिलेंडर जब्त किए। दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया गया है, जिसे कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा। जप्त सिलेंडर, सामान की कीमत 5 लाख 77 हजार 960 रुपए आंकी गई है।

### एलपीजी से चल रही छह गाड़ियों से वसूला 18 हजार जुर्माना

**भोपाल।** परिवहन विभाग के परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड ने बुधवार को एलपीजी से दौड़ रही छह गाड़ियों को जब्त किया। इन वाहन मालिकों से 18 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के निर्देशानुसार परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड ने यह कार्रवाई की। अनधिकृत रूप से एलपीजी गैस से संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान छह ऐसे वाहनों को जब्त किया गया, जो अवैध रूप से एलपीजी का उपयोग कर रहे थे। इसके अलावा अन्य नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 18 हजार रुपए जुर्माना वसूला।

**तीन महीने में 1375 सिलेंडर पकड़े**

*विभाग ने पिछले तीन महीनों में 9 गैस एजेंसियों सहित अन्य प्रतिष्ठानों के 32 केस दर्ज किए हैं, जिसके तहत 1375 गैस सिलेंडर और 9 वाहन जप्त किए हैं। सिलेंडर और वाहनों की कीमत 63 लाख 82 हजार 38 रुपए आंकी गई है।*

**रिफलिंग सेंटर पर पड़ा छापा**

*शाहजहांनाबाद स्थित बारह दरी एरिया में टीम जब फरीद के गैस रिफलिंग सेंटर पहुंची, तो वहां हड़कंप मच गया, यहां इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा सहित रिफलिंग का सामान मिला। मौके पर दो सिलेंडर रखे थे।*

### स्वच्छता की रैंकिंग जांचने टीम देखेगी सफाई, लेगी फीडबैक

**भोपाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए आने वाली दिल्ली की टीम अब कभी भी आ सकती हैं। जिसके लिए खुले में पड़े कचरे के साथ आम लोगों से फीडबैक भी लिया जाएगा। जिसको देखते हुए निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायन ने मैदानी अमले को पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। सर्वे की अवधि करीब 10 दिन होगी, जिसमें शहर के 85 वार्डों की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और नागरिकों के फीडबैक के आधार पर भोपाल की स्वच्छता रैंकिंग तय की जाएगी। नगर निगम ने इस बार भी भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का दावा किया है। इस दावे की सच्चाई जांचने के लिए दिल्ली की टीमें शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगी। इसके लिए निगम के सभी 21 जोन में सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। सर्वे के दौरान टीमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, बल्क वेस्ट जनरेटर, तैयार खाद का उपयोग, सीटी-पीटी की सफाई, सड़कों, बाजारों, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन और कचरे के पृथक्करण जैसी व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करेंगी।

■ दिल्ली की टीम 10 दिनों तक करेगी सर्वे




### बदल रही हवाओं से 40 डिग्री कम रहा तापमान

**धीरे-धीरे बढ़ेगी गर्मी, फिर बादल, बारिश की उम्मीद, 49 जिले 40 डिग्री के नीचे, पांच जिलों में बारिश**

# भोपाल में अभी दशमलव में बढ़ रहा पारा, प्रदेश में लू के हालात नहीं

◆ प्रदेश में गर्मी, उमस के बीच धार सहित पांच जिलों में आंधी, बारिश, रतलाम लगातार तीसरे दिन सबसे गर्म, पारा 42.6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम मिला-जुला बना हुआ है। गर्मी का पारा भी इन दिनों दशमलव अंकों में ही बढ़ रहा है, जिससे प्रदेश में लू की स्थिति अभी दूर है। बुधवार को 6 जिलों का पारा 40 से 43 डिग्री के बीच रहा, जबकि 49 जिलों में लगातार तीसरे दिन 40 डिग्री से नीचे रहा है। पांच जिलों में बुधवार दोपहर बाद बारिश ने गर्मी से काफी राहत दिलाई है। भोपाल में पारा दशमलव 3 डिग्री बढ़कर 39.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। लगातार तीसरे दिन रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां पारा 42.6 डिग्री रहा।



**22 अप्रैल के बाद रहेगा गर्मी का दौर**

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में बदले मौसम और बदल रही हवाओं का क्रम जारी रहने से भोपाल में भीषण गर्मी से राहत रहेगी। तीन से चार दिन अभी पारा धीरे-धीरे बढ़ेगा, इसके बाद फिर से कमी आएगी। वहीं 22 अप्रैल के बाद तीन से चार दिन भोपाल में तेज गर्मी का दौर रह सकता है।*

**अभी मप्र से गुजर रही ट्रफ**

शुक्ला के अनुसार अभी दक्षिणी राजस्थान और पश्चिमी मप्र से मराठवाड़ा, कर्नाटक, रायलसीमा और तमिलनाडु होते हुए मन्नार की खाड़ी तक ट्रफ है। वहीं, एक ट्रफ पूर्वी मप्र के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन से छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए पश्चिम बंगाल तक बनी है। इन प्रमुख कारणों से अभी प्रदेश में मौसम बदला हुआ है।

## मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
कोलार रोड, भोपाल-462016 (म.प्र.)

### प्रवेश सूचना

**बी.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवार्षिक कार्यक्रम सत्र 2025-27 (यूजीसी एवं NCTE से मान्यता प्राप्त)**

**अर्हता** - 1. स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। (इन्जीनियरिंग या समतुल्य अर्हता वाले पाठ्यक्रम के लिए 55% अंकों की अनिवार्यता है।) 2. NCTE से मान्यता प्राप्त शिक्षा विषय का कोई कार्यक्रम नियमित रीति से पूर्ण किया हो।
**कार्यक्रम शुल्क** - सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 30000/- पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-
**प्रवेश परीक्षा**- आवंटित ऑनलाइन केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसकी सूचना पृथक से mponline के माध्यम से दी जायेगी।

**डी.एल.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवार्षिक कार्यक्रम सत्र 2025-27 (NCTE से मान्यता प्राप्त)**

**अर्हता**- 1. हायर सेकेण्डरी/10+2 परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण करने के पश्चात् किसी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त प्राथमिक/प्रारंभिक विद्यालय में दो वर्ष का अध्ययन अनुभव तथा वर्तमान में नियमित शिक्षक के रूप में कार्यरत होना अनिवार्य है।
**कार्यक्रम शुल्क**- सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 19200/- पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-
**प्रवेश परीक्षा**- आवंटित ऑनलाइन केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसकी सूचना पृथक से mponline के माध्यम से दी जायेगी।
**सभी कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन** :- प्रवेश परीक्षा CBT With SD100 (Without Isolation) में सम्मिलित होने के लिए आवेदन mponline portal के माध्यम से दिनांक 17.04.2025 से 15.05.2025 तक एवं विलम्ब शुल्क रु. 300/- के साथ 25.05.2025 तक स्वीकार किये जायेंगे।
**नोट**:- 1. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए स्थान आरक्षण सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर म.प्र. शासन के नियमानुसार होगा। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पूर्व कियोस्क से डाउनलोड किये जा सकेंगे। प्रवेश संबंधी विस्तृत विज्ञापन एवं जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://mpbou.edu.in** पर उपलब्ध है। 2. यूजीसी मान्यता प्रावधिक है। 3. किसी शहर में अभ्यार्थियों की संख्या 50 से कम होने पर वहाँ के अभ्यार्थियों को निकटतम शहर में स्थित परीक्षा केन्द्र पर स्थानांतरित किया जायेगा।
म.प्र. माध्यम/119697/2025 — कुलसचिव


पशु प्रेमियों की शिकायत पर एफआईआर

# मुरैना में डॉग व चार पपीज को मार डाला, भिंड में दांत उखाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭मुरैना

मुरैना में मां-बेटे ने फीमेल डॉग और उसके चार पपीज की जान ले ली। वहीं, भिंड में कुछ लोगों ने स्ट्रीट डॉग को बेरहमी से पीटा। प्लास से उसके दांत उखाड़े। दोनों ही घटनाओं के वीडियो भी सामने आए हैं। मुरैना में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। भिंड में तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर की गई है। वीडियो के आधार पर बाकी लोगों की पहचान की जा रही है। पहली घटना मुरैना के महावीरपुरा में मंगलवार की है। यहां रहने वाली सलमा और उसके बेटे अरमान खान ने तीन पपीज की पीट-पीटकर जान ले ली।



मां ने उन्हें डंडे से मारा जबकि बेटे ने पैर से किक मारते हुए धकेला। कोतवाली एसआई शिवम चौहान ने बताया कि पशु प्रेमियों की शिकायत पर आरोपी अरमान खान और उसकी मां सलमा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद गऊ रक्षा समिति के सदस्य हेमू पंडित और उनके साथी कोतवाली पहुंचे। दूसरी घटना भिंड मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर रावतपुरा खुर्द गांव की है। यहां कुछ लोगों ने मंगलवार को स्ट्रीट डॉग के साथ बेरहमी से मारपीट की। प्लास से उसके दांत उखाड़ दिए। दबोह थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि रावतपुरा खुर्द गांव में मंगलवार शाम को कुछ लोगों ने स्ट्रीट डॉग को बिस्कुट का लालच देकर पकड़ा। उसे चारपाई से बांधकर रस्सियों और सरियों से पीटा। इस अमानवीय घटना का वीडियो भी आरोपियों ने ही बनाया।

उधर, 'कुत्ते' को बचाने के फेर में हादसा

# श्योपुर से भोपाल आ रहे नायब तहसीलदार की कार 'पलट' गई

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर



भोपाल आ रहे श्योपुर के नायब तहसीलदार शैलेंद्र देव सेंगर की कार बुधवार की सुबह नेशनल हाइवे पर शिवपुरी जिले के बदरवास थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गई। कुत्ते को बचाने के फेर में यह कार असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में नायब तहसीलदार और पटवारी समेत तीन लोग घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए शिवपुरी जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से नायब तहसीलदार और पटवारी को रेफर कर दिया गया है। श्योपुर का एक मामला लोकायुक्त भोपाल में चल रहा है। इस मामले में तारीख पेशी करने के लिए शैलेंद्र देव भोपाल के लिए निकले थे। उनके साथ पटवारी शिवशंकर दाधीच भी कार में सवार थे। शैलेंद्र देव को चोट अधिक होने की वजह से ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया है। पटवारी को कोटा रेफर किया गया है। जीप चालक का शिवपुरी में इलाज चल रहा है।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**
प्रकरण क्रमांक 0137/अ-6/25-26
:: उद्घोषणा पत्र ::
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिक श्रीमती रश्मि मताई पत्नि श्री हरीश मताई निवासी एल.आई.जी-25, सरस्वती नगर जवाहर चौक भोपाल, म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 4121(2) दिनांक 30.03.2008 ग्राम बालडिया कलां प.ह.न. ..... स्थित भूमि खसरा नंबर 323/2/2, 337,338/1/1 के अंशभाग पर भूखण्ड क्रमांक 95 रकबा 80 वर्गफिट अर्थात् 74.35 वर्गमिटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 28/04/2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषण पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/04/2025 को जारी किया गया।
**तहसीलदार तहसील-कोलार भोपाल**


## जैकेट का शेष

### केंद्र से पूछा क्या...

तय किया। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने यह भी कहा कि एक बात बहुत परेशान करने वाली है, वह है- हिंसा। यह मुद्दा न्यायालय के समक्ष है और हम इस पर निर्णय लेंगे। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। केंद्र से पूछा और कहा कि कोई उदाहरण बताएं? क्या तिरुमाला तिरुपति बालाजी मंदिर में गैर-हिंदू हैं? एसजी तुषार मेहता ने कहा कि वह कोई उदाहरण नहीं देना चाहते हैं, लेकिन मंदिर का वैधानिक पर्यवेक्षण एक कमेटी करती है, जिसमें मुस्लिम हो भी सकते हैं और नहीं भी। उनके जवाब पर जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा कि निकटम उदाहरण तो हिंदू धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम है और हिंदू समुदाय ही इसका संचालन कर रहा है। सीजेआई ने वक्फ बोर्ड के सदस्यों को लेकर किए गए बदलावों पर सवाल किया और कहा कि 8 मुस्लिम हैं और 2 मुस्लिम नहीं हो सकते यानी वो गैर-मुस्लिम होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर के प्रावधान पर भी सवाल उठाए। सीजेआई खन्ना ने कहा कि 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदें हैं। उनके पास रजिस्ट्रेशन सेल डीड नहीं होगी। ऐसी संपत्तियों को कैसे पंजीकृत करेंगे। उनके पास क्या दस्तावेज होंगे? ऐसे वक्फ को खारिज कर देने पर विवाद ज्यादा लंबा चलेगा। हम यह जानते हैं कि पुराने कानून का कुछ गलत इस्तेमाल हुआ, लेकिन कुछ वक्फ ऐसे भी हैं, जिनकी वक्फ संपत्ति के तौर पर पहचान हुई। वक्फ बाय यूजर मान्य किया गया। अगर आप इसे रद्द कर देंगे तो समस्या होगी। सीजेआई ने कहा कि सभी पुराने स्मारक, जामा मस्जिद भी संरक्षित ही रहेंगे।

### 9 अप्रैल से 8 मई ...

कर लिया गया है। दो माह चलने वाले सिंहस्थ कुंभ में तीन शाही स्नान और 7 पर्व स्नान 9 अप्रैल से 8 मई तक होंगे। सिंहस्थ कुंभ 27 मार्च से 27 मई 2028 तक चलेगा! उज्जैन सिंहस्थ कुंभ में करीब 14 करोड़ लोगों के आने की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

### चारों ओर धुआं और...

काम शुरू किया गया, तभी गंभीर मरीजों को लेकर अटेंडर बाहर की तरफ भागे, इसी अफरा तफरी के बीच छोदा गांव निवासी वीरेंद्र करेड़ा (50) की मौत हो गई। उन्हें बुधवार सुबह सांस लेने में तकलीफ के चलते भर्ती कराया गया था और उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। आग लगने पर परिजन उन्हें कंधे पर उठाकर बाहर लाए, लेकिन जल्दबाजी में ऑक्सीजन मास्क निकल गया। बाहर लाने के करीब आधे घंटे बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग के वाहन भी वहां पहुंचे, लेकिन जगह नहीं होने की वजह से अंदर तक नहीं पहुंच सके। हालांकि कर्मचारियों की सूझबूझ और सक्रियता के कारण समय पर आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। उधर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर गजेंद्र सिंह तोमर का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी, इस दौरान पहले चिंगारियां निकलीं और फिर आग फैल गई। आग पर काबू पा लिया गया है सभी मरीज सुरक्षित हैं।

**ओटी से पूरे अस्पताल में फैली आग:** सर्जिकल विभाग के ओटी में लगी आग पूरे अस्पताल में फैल गई। कई मरीज तो टूटी-फूटी हड्डियों के साथ घसीटते हुए अस्पताल परिसर से बाहर निकले। कई मरीज ड्रिप खींचकर भागते नजर आए। वहीं आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### दहेज-मृत्युभोज से...

लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने लोगों से शादी समारोह पर बेहिसाब खर्च से बचने का सुझाव देते हुए कहा कि कन्या विवाह-निकाह योजना के सामूहिक विवाह में शामिल होकर कोई भी कम खर्च में धूमधाम से शादी कर सकता है। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं किसानों को शादियों में टीका, दहेज और मृत्युभोज के लिए कर्ज न लेने की सलाह दी। सभी जनजातीय बंधु अपने बच्चों को पढ़ाएं- लिखाएं और उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए समर्थ बनाएं। उन्होंने कहा कि एक सुसंस्कृत बच्चा ही सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देता है। अपने बच्चों को सामर्थ्यवान बनाना ही राष्ट्र निर्माण है, सच्ची राष्ट्र सेवा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंडला जिले के टिकरवारा गांव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित होने के लिए सुश्री शुचि उपाध्याय का मंच से अभिनंदन भी किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं में हितलाभ और युवाओं को नियुक्ति-पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि उनके लिए यह यादगार दिन है, क्योंकि वे कभी टिकरवारा गांव की सरपंच थीं और आज डॉ. मोहन यादव की सरकार में मंत्री हैं। मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ा है, जिसके लाभ से मंडला और डिंडौरी भी अछूता नहीं रहा है।

### दमोह के मिशन...

लेकिन, जो दस्तावेजों मांगे गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। ऐसे अस्पताल प्रबंधन को एक सप्ताह का समय भी दिया गया था। लेकिन, इसके बाद भी दस्तावेज सबमिट नहीं किए गए। इसके अलावा, मिशन अस्पताल में न तो लैब टेक्नीशियन है और न ही कार्डियोलॉजिस्ट। इन सभी कमियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित किया गया है। अब अस्पताल में मरीजों का इलाज नहीं किया जा सकेगा। सीएमएचओ जैन ने बताया कि अस्पताल के पंजीयन की वैधता 31 मार्च 2025 तक थी।

**प्रबंधक बोलीं- लाइसेंस रिन्यू हो चुका:** मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे ने बताया कि अस्पताल का लाइसेंस 14 अप्रैल को रिन्यू हो चुका है। अधिकारियों को अस्पताल का निरीक्षण करना है, इस दौरान टीम जो कमियां बताएगी, उन्हें दूर किया जाएगा। पुष्पा खरे ने कहा कि पैथोलॉजिस्ट ने समय से पहले ही इस्तीफा दे दिया था, इसलिए पैथोलॉजी और डायलिसिस यूनिट को बंद कर दिया गया है। पुलिस ने अस्पताल की जिस समिति पर मामला दर्ज किया है, वह समिति 2022 की है। इसे लेकर कोर्ट में जवाब पेश किया जाएगा।

### भड़के जैन समाज...

कुछ सड़कों पर उतर आए। समाज के लोगों ने गिरफ्तारी की मांग की। समाज के लोगों का कहना है कि करीब 4 मिनट 40 सेकंड का वायरल ऑडियो सामने आया है, जो भाजपा की मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला और उत्तर मध्य विधानसभा से विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह का बताया जा रहा है। जो एक भाजपा नेता के एफबी अकाउंट से वायरल हुआ है। हालांकि 'हरिभूमि' इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। समाज के अतुल जैन ने बताया जैन पंचायत सभा की चेतावनी है कि अगर जल्द से जल्द गिरफ्तारियां नहीं की गई तो जिलेभर का जैन समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा। एडिशनल एसपी आनंद कलादगी ने वैधानिक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वायरल ऑडियो की जांच करवाई जा रही है। समाज के प्रति अपशब्द बोलने वालों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### 'रील' बनाने पर...

यदि कोई पुलिसकर्मी दोषी पाया जाता है, तो उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में महिला प्रधान आरक्षक और सगरा थाना प्रभारी का नाम सामने आया है, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान वर्दी में रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी।

### किसानों पर लाखों...

की रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश पराली जलाने से पर्यावरण, आम लोगों और जीव-जंतुओं को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए जारी किया गया है। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इस कानूनी प्रावधान के तहत दोषी को एक वर्ष तक के कारावास या 5,000 रुपए तक के जुर्माने या दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है। पराली जलाने वाले किसानों पर तगड़ा जुर्माना लगाने की कार्रवाई को लेकर कृषक संगठन आपत्ति जता रहे हैं।

### जीपीएस ट्रैकर से ...

*का प्रजनन गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केंद्र केरवा में हुआ है। यह गिद्धों का पहला समूह है, जिसे केंद्र से छोड़ा गया है। वन विहार के संचालक मीना अवधेश कुमार ने बताया कि यदि वे घायल अवस्था में, उन्हें कोई क्षति पहुंचा रहा हो या एक समय पर एक ही जगह पर काफी देर से बैठे मिले तो तुरंत सूचना वन विभाग को दी जानी चाहिए।*

### भोपाल के दफ्तर में...

कांग्रेस नेताओं की किरकिरी हो गई। दरअसल, कुछ कांग्रेस नेता ईडी के पुराने दफ्तर पहुंच गए जहां से ऑफिस शिफ्ट कर दिया गया है। इसके बाद आनन-फानन में प्रदर्शन का स्थान बदला गया।

### भाजपा ने पूछा-गांधी

देना चाहिए कि उनकी ही पार्टी में सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ किसने साजिश रची? शर्मा ने कहा भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा स्थापित 'नेशनल हेराल्ड' की गाढ़ी कमाई गांधी परिवार का


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
जोन क्रं 04 ( यांत्रिक शाखा )
// निविदा घोषणा-पत्र //
क्र. 01/यां.शा./2025-26 — भोपाल, दिनांक-16.04.2025

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज मोहरबन्द निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 02/5/2025 को दिन के 3:00 बजे आंमत्रित की जाती है। धरोहर राशि क्रास डिमांड ड्राफ्ट आयुक्त, नगर निगम, भोपाल के नाम से होना चाहिए। प्राप्त निविदायें आमंत्रित दिवस को ही दोपहर 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। प्रपत्र क्रय करने की पात्रता नगर निगम, भोपाल, में वांछित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को होगी। प्रपत्र दिनांक 01/05/2025 को तथा इसी तिथि के पूर्व कार्यालयीन समय शाम 2:30 बजे तक क्रय किये जा सकते है। अन्य जानकारी कार्यलयीन समय में देंखी जा सकती है।

| क्र. | जोन क्रं. | वार्ड क्रं. | कार्य स्थल का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित SOR | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 16 | PROVINDING AND FIXING PAVER BLOCKS NEAR AGANBADI AT ARIF NAGAR BRIDGE WARD 16 ZONE 04 | 779662 | 7797 | 2360/- | MPUADD Building work ISSR 2021 | 60 Days |

नियय व शर्ते :- 1. प्रत्येक कार्य के निविदा फर्म क्रय किए जाने हेतु अलग-अलग आवेदन दिया जाना होगा एंव निविदा प्राप्ति / खोलने के दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस मे कार्यवाही की जावेगी। लिफाफा क्रं.01 धरोहर राशि एवं लिफाफा क्र 02 मे निविदा दर प्रस्तुत किया जाना होगा। प्रथमतः धरोहर राशि का लिफाफा खोला जावेगा एवं सही पायी जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा खोला जावेगा। 2. निविदा क्रय करने हेतु आवेदन के साथ जीवित केन्द्रीयकृत पंजीयन, पेन कार्ड, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। 3. उक्त निर्माण कार्यों में उपयोग किए जाने वाले गौण खनिजों की रायल्टी का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा। 4. निविदा की दर निविदा खोलने की दिनांक से 180 दिवस तक वैध रहेगी। 5. कार्यालय नगर निगम भोपाल के आदेश क्रं. 421 / सा.प्र.वि. दिनांक 27.9.2024 तथा क्रं. 255/ सा.प्र.वि. दिनांक 8.9.2021 के अंतर्गत समस्त शर्ते एवं नियम निविदा मे लागू है।

सहायक यंत्री, जोन क्रं. 04
नगर निगम, भोपाल
T N -1654/025/026



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड — संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 इंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5839

**बाएँ से दाएं**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 5838 का हल

## सूडोकु नवताल - 5849
***** कठिनतम

### सूडोकु नवताल - 5848 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के भी किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

अमेरिका के चीन पर भारी टैरिफ लगाने से भारतीय स्टील मेकर्स चिंतित

# सेल- टाटा, जिंदल और एएमएनएस समेत सभी स्टील कंपनियों की अमेरिका के फैसले से उड़ी नींद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की स्टील इंडस्ट्री परेशान है। अमेरिका ने चीन पर तगड़ा टैरिफ लगा दिया है। अब इन्हें डर है कि चीन अपना सस्ता स्टील भारत में डंप करेगा। इस आशंका को पहले सरकारी महारत्न स्टील मेकिंग कंपनी सेल ने उठाया। उसके बाद, एक और बड़ी स्टील कंपनी एएमएनएस इंडिया ने अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले पर चिंता जताई है। कंपनी का कहना है कि चीन से सस्ता स्टील भारत आया तो इससे घरेलू उद्योग पर बुरा असर पड़ सकता है। एएमएनएस इंडिया के डायरेक्टर रंजन धर ने बताया कि भारतीय स्टील उद्योग को सुरक्षा की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में इम्पोर्टेड स्टील की कोई मांग नहीं है। उनके अनुसार घरेलू स्टील उद्योग को प्रोटेक्शनिज़्म की ज़रूरत है। यह बात उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा स्टील और एल्यूमीनियम के इम्पोर्ट पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा के जवाब में कही।

## सेल मेकर्स ने की 25 फीसदी सेफगार्ड ड्यूटी लगाने की मांग



सेल के चेयरमैन अमरेन्दु प्रकाश ने भी इसी तरह की राय व्यक्त की थी। पिछले दिनों उन्होंने उन्होंने कहा था कि अमेरिका द्वारा ज़्यादा टैरिफ लगाने से ग्लोबल ट्रेड फ्लो बदल सकता है। इससे भारत में स्टील इम्पोर्ट बढ़ने का खतरा बढ़ जाएगा, क्योंकि अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाले देश अपने शिपमेंट को भारत में भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि वित्तवर्ष 2025 में भारत का इम्पोर्ट इसलिए बढ़ गया क्योंकि चीन ने 1 बिलियन टन से ज़्यादा स्टील का उत्पादन किया। चीन में घरेलू खपत, उत्पादन क्षमता के साथ नहीं बढ़ पाई है। पिछले साल चीन ने 110 मिलियन टन स्टील एक्सपोर्ट किया था। जिन देशों को चीन पहले एक्सपोर्ट करता था, उन्होंने अब अपनी स्टील उत्पादन क्षमता विकसित कर ली है। भारत ने भी अपनी स्टील उत्पादन क्षमता बढ़ाई है। इसलिए, अब बाजार में इम्पोर्टेड स्टील की कोई मांग नहीं है। कहा कि भारतीय स्टील उद्योग 25 फीसदी सेफगार्ड ड्यूटी की उम्मीद कर रहा था।


विजयश्री का आशीर्वाद प्राप्त कर जीएआई अध्यक्ष विजय गौड़ बोले

उद्यमियों की समस्याओं का हर संभव समाधान का प्रयास

# दोहरे करारोपण से औद्योगिक क्षेत्र को कराना है मुक्त

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीएआई) को कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हुई। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का मरम्मत (पेचं वर्क), नवीन सड़कें, आरसीसी नालियां, नालों की सफाई, पेड़ों की कटिंग, झाड़ू लगना, स्ट्रीट लाइट रिपेयरिंग वर्क साथ ही विगत 2019 से अभी तक लगभग 500 एलईडी लाईट क्षेत्र में लगाई गई है। जिनका नियमित मेन्टेनेंस भी किया जा रहा है। साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य भी एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। इस सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए दो वाहन कर दिए गए,जिससे समस्याएं नगण्य रह गई है। यह सब संभव हुआ ऐतिहासिक मतों से गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के फिर से अध्यक्ष निर्वाचित हुए विजय गौड़ के नेतृत्व में। औद्योगिक नगरी के छोटे-बड़े इंडस्ट्रीज संचालक जो एसोसिएशन के सदस्य है से विजयश्री का आशीर्वाद प्राप्त कर एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पुनः आसीन हुए विजय गौड़ का संकल्प है कि औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिले।



### एमएसएमई एग्जिबीशन सेंटर आदर्श एग्जिबीशन सेंटर के रूप में स्थापित करना

नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय गौड़ ने कहाकि वर्ष 2025-27 में एसोसिएशन के अहम रोल रहेगा। जैसे औद्योगिक क्षेत्र को दोहरे कर रोपण से मुक्त कराना यानी संपत्तिकर मुक्त बनाना, जैसा अन्य राज्यों में किया जा रहा है। एमएसएमई एग्जिबीशन सेंटर को आदर्श एग्जिबीशन सेंटर के रूप में स्थापित करना, शासन स्तर पर एवं एसोसिएशन स्तर पर दोनों ही स्तर पर इस प्रकार कार्य किए जाएंगे। क्षेत्र की खराब सड़कें, स्ट्रीट लाइट एवं उद्योगपतियों की समस्याओं को निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।




### नवीन बिजनेस के लिए होंगी कार्यशालाएं

जीआईए के अध्यक्ष विजय गौड़ ने कहाकि क्षेत्र में नवीन बिजनेस के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत लाइन बहुत पुरानी है। लगभग 1968 के टाइम पे डाली गई थी, जिसके कारण पोल बहुत नीचे हो गए है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इसको सही करने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रूक ने पेश किया बड्स क्रिस्टल डायनो

**नई दिल्ली।** आधुनिक टेक्नोलॉजी के लिए विख्यात ट्रूक ने भारतीय मार्केट के लिए अपनी नई गेमिंग सीरीज के लांच की है। बड्स क्रिस्टल डायनो स्लीक चार्जिंग केस, प्रीमियम लैदर फिनिश के साथ भव्य एवं टिकाउ है तथा स्टोरेज एवं चार्जिंग के लिए स्टाइलिश और व्यवहारिक भी है। नया बड्स क्रिस्टल डायनो 21 अप्रैल से अमेजन डॉट इन, फ्लिपकार्ट और ट्रूक डॉट इन पर 1099 रुपए की कीमत पर उपलब्ध होगा। हालंकि शुरूआती उपभोक्ता मात्र 799 रुपए की स्पेशल कीमत पर इसे खरीद सकते हैं।

### तनाएरा ने लांच किया 'समर सांग्स'

**मुंबई ।** तनाएरा ने 'समर सॉन्स' एक कलेक्शन लांच किया है यह कलेक्शन उन महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो भव्यता के साथ-साथ आराम का अनुभव पाना चाहती हैं। यह कलेक्शन हवादार कॉटन, मुलायम सिल्क, सिल्क कॉटन एवं हवादार ऑर्गेन्ज़ा एवं कोटा का बेहतरीन संयोजन है जो भारत के बेहतरीन परिधानों की कलात्मकता के साथ बुना गया है। गर्मियों से प्रेरित यह कलेक्शन मौसम के बदलते रंगों को सम्मान देता है।

### बाणगंगा को नवीकृत पर्यावरण प्रमाणपत्र मिला

**नासिक।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो कि उच्च गुणवत्ता वाले क्राफ्ट पेपर के प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता हैं, को उनकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बाणगंगा पेपर मिल्स के माध्यम से महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से नवीकृत पर्यावरण स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र कंपनी की क्राफ्ट पेपर यूनिट को 31 मार्च 2029 तक संचालित करने की अनुमति देता है। कंपनी जल अधिनियम, 1974 तथा वायु अधिनियम, 1981 के अंतर्गत आवश्यक नियमों का पूरी तरह पालन कर रही है।

### एनएसएल में ऐतिहासिक उच्चतम उत्पादन दर्ज

**नगरनार।** नगरनार स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने 13 तथा 14 अप्रैल, 2025 को प्रचालन ऐतिहासिक प्रचालन मील के पत्थर हासिल कि सभी प्रमुख इकाइयों ने रिकॉर्ड-तोड़ उत्पादन किया, जो संयंत्र की प्रक्रिया उत्कृष्टता और भारत के इस्पात क्षेत्र में इसकी बढ़ती ताकत दोनों को उजागर करता है। के ब्लास्ट फर्नेस ने एक ही दिन में 10,169 टन हॉट मेटल का ऐतिहासिक उत्पादन हासिल किया, जो इसकी डिजाइन की गई अधिकतम क्षमता को पार कर गया और 2.26 टन, घन मीट,दिन के उत्पादन तक पहुंच गया।

### रीयलमी के करेगी ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स

**नई दिल्ली।** रीयलमी ने भारत के विनिर्माण पारितंत्र को मजबूत करने और सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल में सहयोग करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारत में अपनी अगली पीढ़ी के एआईओटी उत्पादों का विनिर्माण करने के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। दोनों कंपनियों ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के अपने दीर्घकालीन विजन के तहत रीयलमी ने ईयरफोन, स्मार्टवाचेज़ और टैबलेट सहित अपने एआईओटी उत्पाद का संपूर्ण पोर्टफोलियो भारत में तैयार करने का लक्ष्य रखा है।

## बिजनेस न्यूज

### पॉवरग्रिड की सीएसआर पहल के तीन परियोजनाओं का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** जनपद सहारनपूर में उत्तरी क्षेत्र -1 पॉवर ग्रिड की सीएसआर पहल के अंतर्गत तीन परियोजनाओं का उद्घाटन विधायक, नकुड मुकेश चौधरी ने किया। ग्राम अध्याना स्थित किशन जूनियर हाईस्कूल का जीर्णोद्धार, ग्राम अध्याना में सौर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, ग्राम कंजिबांस में सीसी सड़क का निर्माण। साथ ही उन्होंने ग्राम अध्याना में तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य की आधार शिला भी रखी। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहारनपुर,कार्यपालक निदेशक उत्तरी क्षेत्र-1, कार्यपालक निदेशक सीएसआर (सीसी), ग्रामप्रधान (अध्याना) सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।




### मिलेनियम ग्रुप में पांच दिवसीय 'मैट्रीम टेक्नो-कल्चरल फिएस्टा' का आयोजन

**भोपाल।** मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में पांच दिवसीय 'मैत्रिम 2025 टेक्नो-कल्चरल फिएस्टा' का शुभारंभ हुआ । यह आयोजन तकनीकी, सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतिभाओं के शानदार संगम का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ मिलेनियम ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेना ही जीतने के बराबर होता है इसलिए हमें सजगता से अपनी हिस्सेदारी जरूर दर्ज करानी चाहिए। पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें सिंगिंग कम्पटीशन, रोबो रेस, वाल पेंटिंग, हैकथॉन शामिल थे। प्रतियोगिताएं में विनर्स को पांच हजार कॅश प्राइज दिए गए और साथ में ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य यादव ने बताया कि किसी भी ग्रुप के स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास होता है टेक फेस्ट और सभी स्टूडेंट्स इस तरह के इवेंट्स के लिए ने केवल वर्ष भर तैयारी करते हैं बल्कि उसके लिए जबरदस्त उत्साहित भी रहते हैं। आने वाले दिनों में ट्रेज़र हंट, सर्किट डिजाइनिंग , ऐड मेड शो , डांस , पोएट्री , मेडिकल मॉडल्स, सोल्ड आउट जैसे इवेंट्स होंगे जिससे करीब एक लाख के नगद इनाम दिए जाएंगे। इवेंट कोऑर्डिनेटर राहुल मालवीय ने बताया कि स्टूडेंट्स सभी इवेंट्स में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।



### टीआईटी टेक्नोक्रेट्स ग्रुप में मनाया गया ग्रेजुएशन सेरेमनी 2025

**भोपाल।** टीआईटी टेक्नोक्रेट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने हर्ष उल्लास के साथ ग्रेजुएशन सेरेमनी 2025 की मेजबानी की, जो स्नातक छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर था। समारोह बड़े उत्साह और गर्व के साथ आयोजित किया गया, जो उनकी शैक्षिक यात्रा के सफल समापन को चिह्नित करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार थे। उनकी उपस्थिति ने समारोह में प्रतिष्ठा को जोड़ा, एवम स्नातकों को प्रेरित किया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट छात्रों को उपलब्धियों के लिए मान्यता दी गई। पुरस्कार उन लोगों को प्रदान किए गए जिन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उत्कृष्टता और समर्पण का प्रदर्शन किया। यह संयोग की बात है कि टीआईटी टेक्नोक्रेट्स ग्रुप अपनी रजत जयंती हाल ही में मनाया है, जो अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। स्नातक इस विशेष अवसर के दौरान उत्तीर्ण होने पर एक ऐसी विरासत का हिस्सा बन गये हैं जो तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता के 26 वर्षों तक फैली हुई है। इस मौके पर ग्रुप अध्यक्ष साधना करसोलिया और मुख्य संरक्षक डॉ. रामराज करसोलिया भी मौजूद रहे।



### पीएनबी के सीईओ अशोक चंद्रा से मिला पीएनबी वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन का प्रतिनिधिमंडल

**भोपाल।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन का प्रतिनिधिमंडल पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अशोक चंद्रा से मिला । प्रतिनिधिमंडल में महामंत्री मनमोहन गुप्ता , कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप कुमार राय, अध्यक्ष सुनील कुमार, महासचिव पवन कुमार भारद्वाज, सचिव रितेश शर्मा, उपाध्यक्ष सतेंद्र पांडे , विश्वजीत , मनोज झा और दिलीप राय उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ अशोक चंद्रा को एक ज्ञापन सौंपा। जिस पर अशोक चंद्र ने संगठन के पदाधिकारी से विस्तृत चर्चा की और उन्होंने कहाकि संगठन द्वारा बताए गए मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बैंकों में कर्मचारियों,अधिकारियों से ऑपरेशनल प्रॉफिट रिटेल एवं कासा को बढ़ाने के लिए कार्य करने को कहा एवं सुनिश्चित किया कि कर्मचारियों-अधिकारियों को वह सब मिलेगा जो वह चाहते हैं,लेकिन उसके लिए उन्हें बैंक को अपना 100 फीसदी देना होगा।



### एचडीएफसी बैंक ने किया 298 सीमावर्ती गांवों को परिवर्तन के तहत कवर

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर शाखा परिवर्तन के तहत देश भर में 298 सीमावर्ती गांवों को अपने ग्रामीण विकास पहल के तहत कवर किया है। गांवों के ये समूह असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं। बैंक की योजना आने वाले वर्षों में 150 अतिरिक्त सीमावर्ती गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की है। ये पहल केंद्र के बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में उल्लिखित राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। उत्तरी और पूर्वोत्तर हिमालयी क्षेत्रों और पश्चिमी रेगिस्तानी इलाकों के साथ सीमावर्ती क्षेत्र के गांव अक्सर कठिन भूभाग, आवश्यक सेवाओं तक सीमित पहुंच और अपने दूरस्थ स्थानों के कारण आर्थिक कमजोरियों सहित अनूठी चुनौतियों से जूझते हैं। परिवर्तन ने लक्षित आवश्यकता-आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से इन क्षेत्रों में लगभग पाँच लाख व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित किया है। एचडीएफसी बैंक के डीएमडी श्री कैजाद भरूचा ने कहाकि हम प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा, बेहतर कृषि उत्पादकता, नवीकरणीय ऊर्जा और आजीविका के अवसरों तक पहुँच प्रदान करके भारत के सीमावर्ती गाँवों में सार्थक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### यूनियन बैंक पर एफआईयू ने की कार्रवाई, लगाया 37 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने 2011-2014 के लिए संदिग्ध लेनदेन की रिपोर्टिंग में विसंगतियों के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर कार्रवाई की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पर 37 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। नियामकीय फाइलिंग में यूनियन बैंक बताया कि उसने ऐसी गैर-अनुपालन की पुनरावृत्ति से बचने के लिए आवश्यक उपाय किए हैं। वित्तीय खुफिया इकाई-भारत ने 15 अप्रैल के अपने आदेश में वर्ष 2011 से 2014 के दौरान संदिग्ध लेनदेन की रिपोर्टिंग में पाई गई विसंगतियों के लिए 37 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यूनियन बैंक के शेयर बीएसई पर पिछली क्लोजिंग से 1.88 प्रतिशत बढ़कर 124.70 रुपए पर कारोबार कर रहे थे।

### न्यूगो ने बसों को एडीएएस से लैस कर स्थापित किया नया मानदंड

**नई दिल्ली।** न्यूगो, ग्रीनसेल मोबिलिटी ने अपनी सभी इलेक्ट्रिक बसों को एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेन्स सिस्टम्स ( एडीएएस ) से लैस करके उद्योग में एक नया मानदंड स्थापित किया है। 2022 में इसके लांच के बाद न्यूगो ने अपनी सभी बसों में पहले दिन से ही एडीएएस लगाया था और भारत में अभी उसकी 275 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। यह दूरदर्शी पहल न्यूगो को सरकार के भारी वाणिज्यिक वाहनों में एडीएएस अनिवार्य करने के प्रस्ताव से काफी आगे रखती है। यह दिखाता है कि न्यूगो अपने यात्रियों की सुरक्षा और वैश्विक स्तर की बेहतरीन गतिशीलता प्रथाओं के प्रति कितना सक्रिय और प्रतिबद्ध है।

# होंडा का नया स्कूटर डियो 125 लांच, मिलेगी स्मार्ट चाबी के साथ ऐप कनेक्टिविटी भी

**गुरूग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में नया 2025 डियो 125 लांच किया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 96,749 रुपए है। इस स्कूटर को युवाओं को ध्यान में रखकर अपडेट किया गया है। अपडेटेड डियो 125 शानदार डिजाइन, अपग्रेडेड फीचर्स और बेहतर इफिसियंसी के साथ आता है, जो इसे स्पोर्टी और स्टाइलिश मोटो-स्कूटर के तौर पर अट्रेक्टिव बनाते हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि होंडा ने डियो के पॉपुलर डिजाइन सिल्हूट को बरकरार रखा है, जबकि इसमें नए सिरे से ग्राफिक्स और कलर ऑप्शन के साथ रिफ्रेश किया है। इसे दो वैरिएंट में डीएलएक्स और एच-स्मार्ट में खरीद पाएंगे। डीएलएक्स की एक्स-शोरूम कीमत 96,749 रुपए और एच-स्मार्ट की कीमत 1,02,144 रुपए है। नया डियो 125 अब ओबीडी2बी-अनुरूप है। इसमें 123.92सीसी, सिंगल-सिलेंडर, पीजीए-एफआई इंजन है, जो 6.11केवी और 10.5 एनएम का टॉर्क देता है। बेहतर फ्यूल इकॉनोमी के लिए इसमें आइडलिंग स्टॉप सिस्टम भी है। इस 5 कलर ऑप्शन मैट मार्वल ब्लू मेटैलिक, पर्ल डीप ग्राउंड ग्रे, पर्ल स्पोर्ट्स येलो, पर्ल इग्नियस ब्लैक और इंपीरियल रेड में खरीद पाएंगे।



**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
**Indian Overseas Bank**
(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
www.iob.in

अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल
प्लाट नं. आर-4, सांई बोर्ड के पास, ई-6,
अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) फोन : 0755-4034919

**मांग सूचना** — मांग सूचना दिनांक : 13/03/2025

(1) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3 (1) अंतर्गत नोटिस
(2) इंडियन ओवरसीज़ बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम के नियम-3 के साथ पठित सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत डिमांड नोटिस जारी किया गया एवं डिमांड नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया था। उपरोक्त नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा ऋणी को भेजा था जिसकी पावती प्राप्त नहीं हुई, इसलिए इस प्रकाशन के द्वारा नोटिस देते हुए आप संबंधितों को अवगत किया गया है। अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नोटिस को ऋणी / बंधककर्ता / जमानतदारों के पूर्व ज्ञात पतों पर अधिनियम की धारा के अन्तर्गत नोटिस चिपका दिये गये हैं। ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु अधोहस्ताक्षरी से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त कर सकते हैं।
(3) उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए उधारकर्ता /बंधककर्ता/जमानतदारों को इस नोटिस प्रकाशन के 60 दिनों की अवधि में इंडियन ओवरसीज बैंक को बकाया राशि एवं उस पर निम्न वर्णित दिनांक से देय ब्याज तथा अन्य खर्चे जमा करने हेतु दिया जाता है। ऋण के पुर्नभुगतान हेतु निम्न वर्णित संपत्ति इंडियन ओवरसीज़ बैंक द्वारा बंधक रखी गई है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | सुविधा का प्रकार / ऋण राशि बकाया राशि / ब्याज दर | सुरक्षित आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणी :**श्रीमती हलीमा बेगम पत्नि शेख गोलम अंबिया** सहऋणी : **शेख गोलम अंबिया पुत्र शेख गुलाम मुस्तफा** सभी का स्थायी/संचार/कार्यालय का पता: मकान नं. 3, फ्लैट नं. एफ-2, जकारिया हाईट्स पायगा रोड, इब्राहिमपुरा, सिटी कोतवाली भोपाल - 462001 | RSTOP ₹ 750000.00 @ 11.50% / दिनांक 13.03.2025 को कुल बकाया राशि ₹ 768020/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे / एनपीए दिनांक: 28/02/2025 | संपत्ति मालिक- श्री शेख गुलाम अम्बिया आयु व्यस्क, पुत्र श्री शेख गुलाम मुस्तुफा, रिहायशी फ्लैट नं. एफ-02, क्षेत्रफल- 733 वर्गफिट जो प्लाट नं.-03, व खसरा नंबर-1680/1302 पर पक्का आर.सी.सी. की छत का निर्मित बहुमंजिला भवन 'जकरिया हाईटस' के फर्स्ट फ्लोर (प्रथम तल) पर स्थित है, स्थित पायगा स्ट्रीट, सिटी कोतवाली, सड़क से हटकर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल तहसील हुजूर, शहर भोपाल में स्थित है, जो भोपाल नगर निगम की सीमाओं के अन्दर वार्ड नंबर-20 है जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार है:- चौहद्दी: -दिशा पूरब मे रोड/ओपन -स्काय, दिशा पश्चिम मे फ्लैट नंबर-एफ-3, दिशा उत्तर मे अन्य की सम्पत्ति, दिशा दक्षिण मे - फ्लैट नंबर-एफ-1 |

*ऊपर उल्लेखित तारीख से सहमति के आधार पर अनुबंधित दरों/छूट पर आगे भुगतान की तिथि तक ब्याज देय।
(4) यदि इस मांग सूचना पत्र के उपरांत भी ऋणी/ जमानतदार निर्धारित अवधि में ऊपर वर्णित बकाया राशि तथा भविष्य की अवधि का ब्याज, का पुर्नभुगतान करने में असफल रहते हैं तो इंडियन ओवरसीज बैंक अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त समस्त अथवा कोई भी अधिकार का उपयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित बंधक संपत्ति के विरुद्ध कार्यवाही करेगी।
(5) ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।
(6) ऋणी तथा जमानतदार को यह भी सूचित किया जाता है कि सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत वे उपरोक्त वर्णित संपत्ति जो कि इंडियन ओवरसीज़ बैंक के हित में प्रतिभूत की गई है को बैंक की लिखित सहमति के बिना विक्रय पत्र, किरायेनामें या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेंगे। अगर किसी व्यक्ति द्वारा उक्त प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है तो अधिनियम की धारा 29 के तहत उन्हें सजा और या जुर्माना का प्रावधान है।
**स्थान : भोपाल** — हस्ते/-
**प्रकाशन दिनांक : 17-04-2025** — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन ओवरसीज़ बैंक

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला, पचमढ़ी**
फैक्स / दूरभाष क्रमांक-07578-252052 E-mail: sppts pachmari@mppolice.gov.in
(निविदा)
क्रमांक-पुअ/पु.प्र.शा./ पच. / क्वाम / 675 /2025, — दिनांक- 21/03/2025
पुलिस प्रशिक्षण शाला पमचढ़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में इकाई के नव आरक्षक मैस का संचालन आउट सोर्सिंग फर्म के माध्यम् से प्रारम्भ किये जानें हेतु
नियम व शर्तें

| क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस प्रशिक्षण शाला पमचढ़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में इकाई के नव आरक्षक मैस का संचालन आउट सोर्सिंग फर्म के माध्यम् से प्रारम्भ किये जानें हेतु | 15.04.2025 | 25.04.2025 |

01. पुलिस प्रशिक्षण शाला, पचमढ़ी नव आरक्षक मैस में भोजन की व्यवस्था हेतु उच्च स्तर की खाद्य सामग्री का उपयोग करेंगे तथा साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे। 02. पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी द्वारा स्वीकृत दरें, निविदा स्वीकृति आदेश दिनॉक से एक वर्ष तक वैध रहेगी। इसके आगे की अवधि पारस्परिक सहमति से बढ़ाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त संतोषप्रद कार्य न होनें की दशा में पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी तथा अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा निविदा शर्तो के अनुसार अधिरोपित जुमार्ना स्वीकृत निविदाकर्ता को भरना होगा। 03. कैटरिंग कार्य करनें वाले व्यक्ति नशीले पदार्थो का उपयोग नहीं करेंगे एवं मीनू अनुसार निर्धारित समय में भोजन की व्यवस्था एवं अपनें सामान की सुरक्षा के लिये स्वंय जिम्मेदार रहेंगे तथा सेवाओं का सम्पूर्ण कार्य कार्यादेश जारी दिनांक से 07 दिवस के अंदर प्रारम्भ करेंगे। 04. नव आरक्षक मैस का अनुबंध, अनुबंध दिनोंक से आगामी 01 वर्ष अथवा प्रशिक्षणरत अधिकारी/कर्मचारी की प्रशिक्षण अवधि तथा नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण समाप्ति तक के लिये मान्य रहेगा। 05. निविदाकार समस्त शासकीय नियमों का पालन करेगा, तथा म.प्र. शासन, केन्द्र सरकार एवं एफएसएसएआई के नियमों का पालन करना बाध्यकारी होगा नहीं करनें पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। 06. निविदाकारों को निविदा स्वीकृत होनें की स्थिति में निविदा में दशार्ये गये कार्य हेतु तैनात किये जानें वाले कर्मचारियों को अनिवार्यत: पुलिस थानें से चरित्र सत्यापन करवाकर तथा शासकीय चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर फिटनेश प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा। 07. निविदाकार के रजिस्टर्ड फर्म का संपूर्ण विवरण जिसमें निविदाकार का कैटरिंग/टेन्ट सेवाएं कार्यो की जीएसटी रजिस्ट्रेशन नम्बर, पेन नम्बर, आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, व वर्तमान पता पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी को रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। 08. किसी भी प्रकार के संशय/विवाद की स्थिति में पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला, पचमढ़ी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य रहेगा। 09. विगत तीन वर्षो का टर्न ओवर एवं आयकर / सीए का प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे।

**पुलिस अधीक्षक**
**पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी**
जी - 11623/25 — स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, नर्मदापुरम (म.प्र.)**
:: **निविदा आमंत्रण सूचना** ::
निविदा सूचना क्र. 07/2025/e-Tender/N.Puram — दि. 11/04/2025
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स. क्रं. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि(रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _416340 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के गुख्यालय क्र. 1 के रहवासी एवं गैर रहवासी भवनों में एम.ओ.डब्ल्यू, एस.आर.. डिपाजिट कार्य । | प्रथम | 19.91 | 39820/- |
| 2 | 2025_PWDRB _416341 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के सेक्शन इटारसी में रहवासी एवं गैर रहवासी भवनों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.64 | 39280/- |
| 3 | 2025_PWDRB _416343 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग ननंदापुरम के सेक्शन माखननगर में रहवासी भवनों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 39800/- |
| 4 | 2025_PWDRB _416344 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के मुख्यालय क्र. 1 के रहवासी एवं गैर रहवासी भवनों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.93 | 39860/- |
| 5 | 2025_PWDRB _416345 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपरांभाग नर्मदापुरम के सेक्शन इटारसी में रहवासी एवं गैर रहवासी भवनों में रंगाई, पुताई एवं डिस्टेम्परिंग कार्य । | प्रथम | 19.89 | 39780/- |
| 6 | 2025_PWDRB _416346 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम मुख्यालय क्र. 1 के रहवासी एवं गैर रहवासी भदनों में रंगाई, पुताई एवं डिस्टेम्परिंग कार्य । | प्रथम | 19.83 | 39660/- |
| 7 | 2025_PWDRB_ 416347 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के माखननगर सेक्शन में रहवासी भवनों में वॉटर प्रूफिंग कार्य । | प्रथम | 19.31 | 18620/- |
| 8 | 2025_PWDRB _416348 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | सिवनी मालवा के ग्राम मेला में चतुर्मुख मंदिर का मरम्मत कार्य एवं वर्चुअल संवाद हेतु माननीय विधायक के लिए उनके कार्यालय निवास पर वीडियो कॉनक्रेसिंग गुविधा की व्यवस्था के संबंध में । | प्रथम | 6.03 | 12060/- |
| | | | | योग (लाख में) | | 134.44 | |

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 29/04/2025 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे।

**कार्यपालन यंत्री,**
**लो.नि.वि. संभाग नर्मदापुरग**
जी- 11626/25 — स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)**
ईमेल : eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 07482-222051
निविदा सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./रायसेन/2025-26 // निविदा सूचना // रायसेन, दिनांक 09/04/2025
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWDRB _416120 | रायसेन | मजबूतीकरण कार्य | कुटनासिर से शिवतला पलकाश्री मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लम्बाई 7.50 कि.मी. | प्रथम | 498.43 | |
| 2 | 2024_PWDRB _416121 | रायसेन | निर्माण कार्य | झामर से जुझारपुर मार्ग का निर्माण कार्य । लम्बाई 4.50 कि.मी. | प्रथम | 410.94 | |
| 3 | 2024_PWDRB _416122 | रायसेन | निर्माण कार्य | ग्राम कठोलिया से देवरी बाया गायखुरी तक मार्ग निर्माण काय! लम्बाई 4.00 कि.मी. | प्रथम | 438.94 | |
| 4 | 2024_PWDRB _416123 | रायसेन | निर्माण कार्य | सर्रा सरार्खेड़ा फूलसिंह टपरा मार्ग का निर्माण कार्य । लम्बाई 3.30 कि.मी. | प्रथम | 403.51 | |
| 5 | 2024_PWDRB _416124 | रायसेन | मजबूतीकरण कार्य | परवालिया से महुआखेड़ा देवलखेडा चंदना रोड का मजबूतीकरण कार्य लम्बाई 540 कि.मी. | प्रथम | 400.71 | |
| 6 | 2024_PWDRB _416125 | रायसेन | निर्माण कार्य | एन.एम 86 राजीवनगर से भैसाया (पीपलखिरिया) मार्ग का निर्माण कार्य । लम्बाई 370 कि.मी. | प्रथम | 305.20 | |
| 7 | 2024_PWDRB _416126 | रायसेन | निर्माण कार्य | बबालिया से खरबई व्हाया खरहोद मार्ग का निर्मांग कार्य लम्बाई 3.30 कि.मी. | प्रथम | 300.18 | |
| 8 | 2024_PWDRB _416127 | रायसेन | निर्माण कार्य | उडदमउ से पावर हाउस से मार्ग आफतगंज अजीतनगर मार्ग का निर्माण कार्य । लम्बाई 350 कि.मी. | प्रथम | 295.19 | |
| 9 | 2024_PWDRB _416128 | रायसेन | निर्माण कार्य | उमरावगंज मुख्य सडक (चुन्नीलाल के खेत) चिकलोद खुर्द तरफ मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 3.80 कि.मी. | प्रथम | 290.84 | |
| 10 | 2024_PWDRB _416129 | रायसेन | मजबूतीकरण कार्य | निनोद से जनुनिया मार्ग कर मजबूतीकरण कार्य लम्बाई 370 कि.मी. | प्रथम | 283.05 | |
| 11 | 2024_PWDRB _416130 | रायसेन | निर्माण कार्य | अंजली होटल सांची कुआ नागोरी मांची रोड का निर्माण कार्य लम्बाई 250 कि.मी. | प्रथम | 268.10 | |
| 12 | 2024_PWDRB _416131 | रायसेन | निर्माण कार्य | मुछैल से पी.एम.जी.एस.वाय. चांदपुरा मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 2.30 कि.मी. | प्रथम | 265.42 | |
| 13 | 2024_PWDRB _416142 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | रायसेन से परवरिया व्हाया मोनियाखेड़ी कोटरा मुगांवली मार्ग बी.टी. नवीनीकरण किमी 1 से 10/4 कि.मी. तक तम्बाई 9.40 कि.मी. | प्रथम | 57.28 | |
| | | | | योग | | 4217.79 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 29/04/2025, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
G-11636/25 — " स्वच्छता ही सेवा " — कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, रायसेन, संभाग रायसेन (म.प्र.)

## चिंतन

# पश्चिम बंगाल में हिंसा रोके ममता सरकार

वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का अधिकार संसद को है, संसदीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इसमें संशोधन किया गया है, फिर भी इस संशोधन से किसी को ऐतराज है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। किसी को भी कानून के विरोध में खुलेआम हिंसा करने का अधिकार नहीं है। हर चीज के लिए नियम कायदे हैं, पुलिस है, अदालत है, इसके बाद भी अगर कोई ठसक में कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा, हिंसा करेगा, तोड़फोड़ करेगा, तो यह सरासर अपराध है, राज्य शासन किसी को भी ऐसा करने की छूट नहीं दे सकता। विरोध जताने का तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद से देश में मुस्लिम संगठनों व विपक्षी दलों द्वारा प्रायोजित विरोध-प्रदर्शन और इस दौरान बेकाबू हिंसा की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था व न्याय के पाने के सिद्धांत को तार-तार कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा शर्मनाक है, इसमें तीन लोगों की जान गई, कई घर जला दिए गए और सैकड़ों हिंदुओं को जान बचाने के लिए दूसरे जिले में पलायन करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की पुलिस हिंसा रोकने में विफल रही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व निभाने में नाकाम रही, जो कि किसी भी राज्य सरकार का प्रथम संवैधानिक दायित्व है। ममता की टीएमसी के मंत्री, विधायक व नेताओं ने जिस तरह के बयान दिए, वो और भी चिंता पैदा करने वाली है, क्या जन प्रतिनिधि ऐसे हो सकते हैं, जो तटस्थ न हो, जो हिंसा पर शर्मिंदा न हों और जो उसे रोकने की कोशिश न करें। सुप्रीम कोर्ट को हिंसा पर चिंता प्रकट करनी पड़ी है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार के लिए इससे शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है? उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हो रही हिंसा ''बहुत व्यथित करने वाली'' है। दरअसल, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने नव-संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह तल्ख टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ''एक बात जो बहुत व्यथित करने वाली है, वह है यहां हो रही हिंसा। अगर मामला यहां लंबित है तो ऐसा नहीं होना चाहिए।'' इसी तरह केंद्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''वे (प्रदर्शनकारी) सोचते हैं कि वे इससे व्यवस्था पर दबाव बना सकते हैं।'' सुप्रीम अदालत की बात के मर्म को समझें तो साफ है कि जब मामला अदालत में है, तो सड़क पर विरोध का क्या मतलब है? फिर ये हिंसा करने वाले कौन लोग हैं? हिंसा रोकने में ममता सरकार की नाकामी ही है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। ममता बनर्जी खुद सीएम का दायित्व निभाने की बजाय राजनीति में लिप्त नजर आ रही हैं, जब वो बयान दे रही हैं कि मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पूर्व नियोजित थी, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग ने हिंसा भड़काई। ममता को अपने पद का भान होना चाहिए, वो क्या बोल रही हैं, वह आरोपों नहीं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। खुद के शासन में हो रही हिंसा को लेकर सीएम ममता आरोपों का खेल कैसे खेल सकती हैं? सीएम ममता को नागरिकों की सुरक्षा बिना भेदभाव सुनिश्चित करनी चाहिए और पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित करनी चाहिए। सीएम के नाते यह उनका संवैधानिक दायित्व है।



स्वास्थ्य
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# कम तेल खाना सेहत के लिए अच्छा

आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

भारत के बारे में एक आम धारणा यह है कि भारत भयंकर भूख से पीड़ित देश है। अगर हम वेल्टहंगर हिल्फ़ की रिपोर्ट पर यकीन करें तो आज भी भारत 127 देशों की सूची में भूख के मामले में 105वें स्थान पर है। लेकिन सच यह है कि आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि टाइप-2 डायबिटीज़, हृदय रोग, कैंसर और स्ट्रोक समेत कई बीमारियां मुख्य रूप से मोटापे की वजह से होती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 और 2020-21 के अनुसार, इन 5 वर्षों में मोटापे से पीड़ित महिलाओं की संख्या 20.6 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई, जबकि पुरुषों में यह 18.9 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गई। यानी हमारी लगभग एक-चौथाई आबादी मोटापे से पीड़ित है। मोटापे की समस्या आम तौर पर जीवनशैली से जुड़ी होती है। इसके कई कारण हैं, जिनमें शारीरिक श्रम की कमी, वसा (खाद्य तेल), चीनी और नमक का अधिक सेवन शामिल है। अगर हम खाद्य तेलों के उपयोग की बात करें तो हम देखते हैं कि खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत, जो 1950 से 1960 के दशक में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष केवल 2.9 किलोग्राम थी, अब उद्योग रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 19.4 किलोग्राम प्रति व्यक्ति वार्षिक हो गई है। गौरतलब है कि जनसंख्या 1951 में 35.4 करोड़ से बढ़कर 2023 तक 143.8 करोड़ हो गई और इस अवधि के दौरान खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता 13.8 लाख टन से बढ़कर 114 लाख मीट्रिक टन हो गई। लेकिन इसी अवधि के दौरान, 1951 में खाद्य तेलों के नगण्य आयात की तुलना में, 2022-23 तक यह 164.7 लाख टन तक पहुंच गया। घरेलू उत्पादन में आयात को जोड़कर, खाद्य तेलों की कुल उपलब्धता 2022-23 तक 278.7 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह ध्यान देने योग्य है कि यदि खाद्य तेलों की खपत आईसीएमआर द्वारा अनुशंसित सीमा के भीतर हो तो भले ही घरेलू उत्पादन मौजूदा स्तर पर बना रहे, भारत को खाद्य तेलों के आयात की आवश्यकता केवल 56.64 लाख मीट्रिक टन होगी। देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा आयात पर बोझ कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2024 में खाद्य तेल मिशन शुरू किया गया, जिसके अनुसार 10103 रुपये का व्यय किया जाएगा तथा प्राथमिक तिलहनों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 390 लाख टन से बढ़ाकर अगले 7 वर्षों में 697 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा जा सकता है कि इससे आयात पर निर्भरता कम होगी। यदि प्रधानमंत्री की अपील भी कारगर रही तो आयात और भी कम हो जाएगा। वर्तमान में भारत में उत्पादित खाद्य तेलों का 67.4 प्रतिशत विभिन्न प्राथमिक तिलहनों से, 5.1 प्रतिशत नारियल से, 2.2 प्रतिशत ताड़ से, 11.0 प्रतिशत कपास के बीजों से, 9.8 प्रतिशत चावल की भूसी से, 3.1 प्रतिशत तिलहनों के सॉल्वेंट निष्कर्षण से तथा 1.4 प्रतिशत वनों एवं वृक्षों



से प्राप्त होता है। देश में विभिन्न प्रकार के तिलहनों का उत्पादन पारंपरिक तरीके से किया जाता है। भारत के पारंपरिक खाद्य तेल काफी हद तक स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन विदेशों पर हमारी निर्भरता के कारण देश में बड़ी मात्रा में ऐसे तेल आयात और उपयोग होने लगे, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जीएम खाद्य तेलों का भी अवैध रूप से बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। आज जब भारत में खाद्य तेलों की कुल खपत का 57 फीसदी आयात से पूरा होता है, जिसमें से 59 फीसदी पाम ऑयल से आता है। इसके अलावा सूरजमुखी तेल, सोयाबीन तेल, पाम ऑयल का भी आयात किया जाता है। भारत के अपने उत्पादित तेलों में सरसों तेल की हिस्सेदारी 33 फीसदी, मूंगफली तेल की 25.4 फीसदी और सोयाबीन की 19 फीसदी है। सरसों तेल का भारतीय खानपान में काफी महत्व है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय भी है। लेकिन खाद्य तेलों के अपर्याप्त उत्पादन और प्रति व्यक्ति खपत में लगातार वृद्धि तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाम ऑयल जैसे तेल भी बड़ी मात्रा में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। भारत में बड़ी मात्रा में आयात किया जाने वाला पाम ऑयल, जो अब हमारी खाद्य श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है, वास्तव में स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसमें संतृप्त वसा की उच्च मात्रा के कारण हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना है, जिससे हृदय रोग, मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन सस्ता होने के कारण इसका आयात लगातार बढ़ रहा है। यह भी माना जाता है कि भारत में सरसों के तेल में ब्लेंडिंग के नाम पर बड़ी मात्रा में पाम ऑयल मिलाकर बेचा जाता है। इसके अलावा जीएम तेलों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की चिंता भी महत्वपूर्ण है। यह अनुभव किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रियता के कारण लोगों को जो भी सलाह या अपील करते हैं, उसका लोगों पर निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। चाहे खुले में शौच से जुड़ी अपील हो, या स्वच्छता की बात हो, या कोविड के दौरान टीका लगवाने की सलाह हो, या गैस सब्सिडी छोड़ने की बात हो, ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को बहुत गंभीरता से लिया और देश और समाज को इससे बहुत लाभ हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को अपने भोजन में खाद्य तेलों की खपत 10 प्रतिशत कम करने की दी गई सलाह वास्तव में देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2030 में 151 करोड़ की अपेक्षित आबादी के साथ, यदि देश में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 10 प्रतिशत कम हो जाती है; तो इसका कुल प्रभाव यह होगा कि देश में खाद्य तेलों का आयात वर्तमान 164.7 लाख टन से घटकर मात्र 60.7 लाख टन रह जाएगा, यानी आयात में 63 प्रतिशत की कमी आएगी। देश से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं, देश के किसान, जो सस्ते पाम ऑयल के आयात के कारण फिलहाल तिलहनों का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं, उन्हें भी अपने तिलहनों पर बेहतर मूल्य मिलने लगेंगे, जिससे देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री की इस सलाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था की सेहत दोनों में सुधार हो सके।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# अटल जी को 'गुरुदेव' कहते थे चन्द्रशेखर


वर्ष 1927 में 17 अप्रैल को यानी आज के ही दिन उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपट्टी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे देश के आठवें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का कोई आधी शताब्दी का राजनीतिक जीवन कई चढ़ाव-उतारों से भरा रहा। वे कभी राजनीतिक अस्पृश्यता व असहिष्णुता के फेर में नहीं पड़े और 2007 में आठ जुलाई को इस संसार से अजातशत्रु के रूप में विदा हुए। उनकी अजातशत्रुता की एक मिसाल यह भी है कि अलग-अलग और परस्पर विरोधी खेमों में रहने के बावजूद वे अटल बिहारी वाजपेयी को हमेशा 'गुरुदेव' कहकर ही बुलाते रहे। वे 'गुरुदेव' से पहले प्रधानमंत्री बन गये तो भी उनका यह सम्बोधन नहीं बदला। जब भी संसद में अटल भाषण दे रहे होते और विरोधी नेता शोरगुल करते, वे शोरगुल शांत कराने की कोशिश जरूर करते थे। यह और बात है कि अटल के प्रधानमंत्रीकाल में वे उनकी कई नीतियों के मुखर आलोचक भी रहे। एक समय तो वे उनसे यह कहने से भी नहीं चूके थे कि 'गुरुदेव, अगर आप सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी देश का काम नहीं कर पा रहे तो आपको हट जाना चाहिए।'

इस संयोग की कई हल्कों में आज भी रस लेकर चर्चा की जाती है कि इनमें शिष्य अपने गुरुदेव से पहले प्रधानमंत्री बन गया था, लेकिन सर्वश्रेष्ठ सांसद बनने में वह उनसे पिछड़ गया था। बहरहाल, हम जानते हैं कि अपने कई दशक समाजवादी आंदोलन को देने के बाद चन्द्रशेखर कांग्रेस में जाकर 'युवा तुर्क' तो कहलाये थे, लेकिन उन दिनों की उसकी शीर्षस्थ नेता इंदिरा गांधी से वैचारिक असहमतियों ने उसमें उनकी पारी लम्बी नहीं होने दी थी। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो विपक्षी नेताओं के साथ उनको भी जेल भेज दिया था। 1977 में वे इंदिरा के विरुद्ध हुए जनता पार्टी के प्रयोग में शामिल होकर उसके अध्यक्ष पद तक पहुंचे। कोई दशक भर बाद जनता दल नामक प्रयोग में 10 नवम्बर, 1990 को बेहद विपरीत परिस्थितियों में वे तब देश के आठवें प्रधानमंत्री बने, जब अयोध्या मामले को लेकर रथयात्रा निकाल रहे वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया और उससे खफा भाजपा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर उसे गिरा दिया। यह सरकार गिर जाने के उपरांत सत्तारूढ़ जनता दल में फूट पड़ गई थी और उसके सांसदों के एक गुट ने चन्द्रशेखर के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए उसने उस कांग्रेस का 'बाहरी समर्थन' लेने से भी परहेज नहीं किया था, जिसके खिलाफ उसने साल भर पहले चुनाव लड़ा था। इसलिए चन्द्रशेखर के शपथग्रहण के दिन से ही देश को पता था कि उनकी सरकार की उम्र बहुत लम्बी नहीं होने वाली और चन्द्रशेखर आठ महीने से कुछ कम ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रह पाये थे। इन आठ महीनों का इस अर्थ में बड़ा महत्व है कि बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने जो भी फैसले लिये, किसी दबाव में आये बिना बहुत दृढ़ होकर लिये। उनसे उन्हें वापस लेने की मांग की जाने लगी तो भी बेलाग-लपेट यही कहा कि 'मैं राजीव गांधी नहीं हूं जो एक दिन में तीन बार फैसला बदलूं।' उन्हें सत्ता मिली तो देश की अर्थव्यवस्था की हालत बेहद खस्ता थी। देश की साख बचाने के लिए 21 से 31 मई के बीच देश का बीस हजार टन सोना स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक में गिरवी रखना पड़ा था। चन्द्रशेखर ने इस विकट स्थिति का बहुत दृढ़ होकर सामना किया। अपनी आत्मकथा 'जीवन जैसा जिया' में प्रधानमंत्री बनने से पहले के अपने जीवन का जिक्र करते हुए चन्द्रशेखर ने लिखा है कि प्रधानमंत्री तो क्या, संसद सदस्य बनना भी उनके सपने में नहीं था। उन्हें लगता था कि सांसद जब भी आपस में मिलते होंगे, देश और समाज की गंभीर समस्याओं को हल करने पर ही विचार-विमर्श करते होंगे। लेकिन बाद में यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि ऐसा नहीं था और सांसदों को आमतौर पर अपने घरों की चमक-दमक की ही ज्यादा फिक्र रहती थी। राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति हरिवंश उनके प्रधानमंत्री काल में उनके अतिरिक्त सूचना सलाहकार हुआ करते थे। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर पुस्तक लिखी है। हरिवंश के अनुसार चंद्रशेखर जीवनभर पूरी तरह फियरलेस थे और अपनी बात को लेकर सत्ता के शिखर पर बैठे लोगों से टकराने में अपनी दोस्ती तक को दांव पर लगा देते थे।



(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।


# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़ियें। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## सुरंग



ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत सुरंग संख्या टी-8 और टी-8एम में सफलता प्राप्त हुई है। ये तस्वीर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने एक्स पर शेयर की।

## आज की पाती

### आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों?

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल माह भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है। *- सुनील सक्सेना, भिलाई*

## ट्रेंड

### दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान

राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ सार्थक बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। हम अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### संविधान से चलेगा देश

कुछ लोग कह रहे हैं कि उनके लिए 'संविधान' से बढ़कर 'शरीयत' है, मैं 'उनसे' कहना चाहता हूं- भारत तो बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, जहां शरीयत का कानून लागू होता है, उनको वहां जाना चाहिए...
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### मुनियों पर हमला निंदनीय

मप्र के नीमच में मंदिर में विश्राम कर रहे जैन मुनियों पर हिंसक हमला घोर निंदनीय है। इस मामले की गहरी जाँच हो न कि दिखावटी कार्रवाई और इस दुर्भावनापूर्ण कुकृत्य के पीछे की असली मंशा जगज़ाहिर हो कि सम्मानीय मुनियों के ऊपर ये घातक हमला क्यों हुआ।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### महिला श्रम बल

हमारी महिला श्रम बल भागीदारी दर में सुधार न केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।
-किरण मजूमदार, उद्यमी



## करंट अफेयर

# मालदीव ने गाजा युद्ध के कारण लगाया प्रतिबंध


मालदीव ने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश से रोकने के लिए अपने आव्रजन कानून में बदलाव किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संशोधन को सोमवार को संसद द्वारा पारित किया गया और मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे मंजूरी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कानून दोहरी नागरिकता वाले उन लोगों पर लागू होगा या नहीं जिनके पास इजराइल और किसी अन्य देश का पासपोर्ट है। मंत्रिमंडल ने आव्रजन कानून में बदलाव का निर्णय लगभग एक वर्ष पहले लिया था, लेकिन सरकार ने इस सप्ताह इसे औपचारिक रूप दिया। बयान में कहा गया, 'यह बदलाव फलस्तीनी लोगों के खिलाफ इजराइल द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और नरसंहार कृत्यों के जवाब में सरकार के दृढ़ रुख को दर्शाता है।' मालदीव मुख्य रूप से सुन्नी बहुल मुस्लिम राष्ट्र है जहां अन्य धर्मों का प्रचार प्रसार और पालन करना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। आव्रजन के उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इजराइली पासपोर्ट वाले 59 लोग मालदीव पहुंचे।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### यातायात नियम तोड़ने वालों पर की कार्रवाई

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस महानिदेशक के आदेश पर 1 से 15 अप्रैल तक चले विशेष अभियान में 162 वाहन चालकों से 95 हजार 300 रुपए का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जिसमें थाने में 9 प्रकार के यातायात नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रंजीत सराठे और उनकी टीम ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

### 31 जुलाई तक ट्यूबवेल हैंडपंप खनन पर रोक

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया है। एडीएम ने बताया आदेश मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 और संशोधित अधिनियम 2022 के तहत जारी किया गया है। इसके तहत 31 जुलाई तक जिले में ट्यूबवेल और हैंडपंप खनन पर रोक लगा दी है। गर्मी बढ़ने से जल स्तर और नीचे जाने की आशंका है। इसी कारण निजी नलकूप खनन और जल स्त्रोतों से सिंचाई पर भी प्रतिबंध लगाया है। अब कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति ट्यूबवेल या हैंडपंप नहीं खोद सकेगा।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह सामूहिक सम्मेलन 30 को

**औबेदुल्लागंज।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह सामूहिक सम्मेलन का आयोजन 30 अप्रैल बुधवार को औबेदुल्लागंज दशहरा मैदान में होगा। गुरुवार से आवेदन जमा किए जाएंगे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी वृंदावन मीणा ने बताया कि सामूहिक विवाह में पात्रता संबंधी दस्तावेज वर- वधू के अभिभावक मध्य प्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र, वर-वधु की समग्र परिवार आईडी की छाया प्रति, वर एवं वधू के आधार कार्ड की छाया प्रति, वर-वधू के आयु प्रमाण-पत्र लगाना होगा, जो आवेदनों को निकाय द्वारा विवाह पोर्टल पर ऑनलाइन करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल होगी। सहायता राशि वधू के अकाउंट पेयी चेक राशि 49 हज़ार रुपए कार्यक्रम के आयोजन के लिए निकाय आवंटित राशि 6 हज़ार रुपए कुल 55 हज़ार रुपए है।

### स्टेशन रोड की सड़क हुई जर्जर, लोग परेशान



**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 स्टेशन रोड की तरफ जाने वाली सड़क की गिट्टियां उखड़ गई है और जगह-जगह गड्ढे हो गए। वार्ड पार्षद हेमलता, मनोज चौरसिया ने बताया कि सड़क बनाने के लिए कई बार आवेदन दिए और फोन पर भी एसडीओ चौहान से सड़क बनवाने के लिए कहा पर एसडीओ चौहान कहते हैं टेंडर हो गया है शीघ्र काम शुरू होगा। पार्षद ने मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, विधायक को भी आवेदन दिए मगर ढाई साल से सड़क का निर्माण नहीं हो सका। वहीं गल्ला व्यापारी संघ के सुदामा तिवारी, राकेश तिवारी, मनोज खत्री, दीपेंद्र नागर, सुनील वर्धमान, भाजपा नेता रामकिशोर नंदवंशी, शंकर सेठी, रमेश सेठी एवं कृष्णा डेरी के संचालक कहते हैं कि इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 169 | 62 | 570 |
| रात: | 390 | 26 | 169 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 370 | 04 | 167 |
| रात: | 235 | 01 | 560 |

विदेश में बैठे साइबर ठगों को टेलीग्राम पर किराए पर देते थे अकाउंट

# डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े 68 लाख की ठगी करने वाले दो साइबर ठग राजस्थान से गिरफ्तार, अब तक पकड़े जा चुके हैं 10 आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- साइबर जालसाजों को करीब 150 अकाउंट बेच चुके हैं ठग
- चार साल से कर रहे थे धोखाधड़ी की वारदातें


यशपाल भट्ट | विशाल भट्ट

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने डिजिटल अरेस्ट कर 68 लाख 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को भीलवाड़ा, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश में बैठे साइबर जालसाजों को टेलीग्राम के माध्यम से अकाउंट किराए पर देते और बेचते थे। बदले में आरोपी 10 से 15 फीसदी कमीशन क्रिप्टो करंसी के माध्यम से लेते थे। पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि वह करीब 150 बैंक अकाउंट साइबर ठगों को बेच चुके हैं। यह काम उनके लिए नया नहीं था, बल्कि चार साल से वह बैंक अकाउंट खुलवाकर बेचने का काम कर रहे थे। आरोपियों के अकाउंट में करोड़ों रुपए का लेनदेन हुआ है।

पुलिस के अनुसार फरियादी द्वारा शिकायत की गई कि थी कि किसी अज्ञात आरोपी द्वारा स्वयं को फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताया था। उसने कहा कि था कि आपके नाम से ड्रग का पार्सल मुंबई से ताइवान भेजे गया है। बाद में अन्य आरोपियों द्वारा स्काइप पर कॉल कर उन्हें जोड़ लिया। इस दौरान खुद को क्राइम ब्रांच मुंबई का डीसीपी बताकर उन्हें एक बदमाश ने 200 एमजी एमडीएमए ड्रग पार्सल में गिरफ्तार करने का डर दिखाया था। बाद में वीडियो कॉल पर ऑब्जर्वेशन में रखने के नाम पर डिजीटल अरेस्ट कर और मनी लॉन्ड्रिंग का झूठा आरोप लगाकर उनसे 68 लाख 49 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। साइबर क्राइम ब्रांच ने वाट्स एप नंबर, मोबाइल नंबर व स्काइप आइडी समेत बैंक अकाउंट के वास्तविक उपयोगकर्ता पर प्रकरण दर्ज किया।

### स्मॉल फाइनेंस बैंक में खुलवाया था करंट अकाउंट

आरोपी ग्रुप बनाकर वारदात करते थे। तकनीकी जांच में पता चला कि अकाउंट होल्डर राजेंद्र मीणा, सवाई माधोपुर राजस्थान ने फर्जी पते व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर स्मॉल फाइनेंस बैंक में करंट अकाउंट खुलवाया। स्मॉल फाइनेंस बैंक के कर्मचारी लोकेश सैनी ने उक्त बैंक खाता को गलत तरीके से वेरीफाई कर फर्जी पते व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बैंक की खाता खोलने में मदद की थी। खाता धारक राजेन्द्र मीणा द्वारा उक्त खाते को नमो नारायण नामक व्यक्ति को एक लाख पचास हजार रुपए में बेच दिया था।

### पूर्व में हो चुके हैं आठ आरोपी गिरफ्तार

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम तकनीकी जानकारी जुटाने के बाद आठ आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। उक्त प्रकरण में आरोपी विशाल भट्ट को गुलाबपुरा, भीलवाड़ा राजस्थान और यशपाल भट्ट निवासी गुलाबपुरा, भीलवाड़ा राजस्थान को को गिरफ्तार कर मोबाइल व सिम कार्ड बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बर्रई गांव में हुआ हादसा

# बच्चों के साथ नहाने गया चौदह साल का किशोर कुए में डूबा, हो गई मौत

- करीब पंद्रह फीट गहरे पानी में बीस मिनट की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निकाली लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी के सामने बर्रई गांव के कुए में डूबने से चौदह साल के किशोर की मौत हो गई। किशोर बुधवार दोपहर अपने मोहल्ले के दोस्तों के साथ यहां खेत में बने कुए में नहाने पहुंचा था, तभी वह गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लाश बाहर निकालनी चाही थी, लेकिन असफलता ही हाथ लगी। गहरा पानी होने के कारण पुलिस को नगर निगम के गोताखोरों को बुलाना पड़ा गोताखोरों ने करीब बीस मिनट की मशक्कत के बाद किशोर की लाश बाहर निकाल ली। लाश पीएम के लिए एम्स भेजी गई है। गुरुवार को उसका पीएम कराया जाएगा।

पुलिस के अनुसार संतोष अहिरवार पिता राजमल अहिरवार (14) बर्रई गांव कटारा हिल्स में रहता था और सातवीं कक्षा में पढ़ता था। संतोष अक्सर मोहल्ले के बच्चों के साथ सेज यूनिवर्सिटी के सामने खेत में बने कुए में नहाने जाता था। कुए के पास आम के पेड़ भी लगे हुए है। बच्चे इसी पेड़ से कच्ची केरी तोड़कर खाते हैं और पास बने कुए में नहाते हैं। बुधवार दोपहर संतोष गांव के चार अन्य दोस्तों के साथ कुए पर नहाने गया था। नहाते समय वह कुए के गहरे पानी में डूब गया। उसके साथ मौजूद बच्चे वहां से भागकर घर पहुंचे और परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन कुए के पास पहुंचे और तैरना जानने वाले स्थानीय लोगों से मदद मांगी, लेकिन पानी गहरा होने के कारण असफलता ही हाथ लगी। इधर, पुलिस को भी सूचना मिल गई थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नगर निगम के गोताखोर को बुलाया गया। गोताखोरों ने करीब बीस मिनट की मशक्कत के बाद संतोष का शव पानी से बाहर निकाल लिया।

### मां का रो-रोकर बुरा हाल

घटना की जानकारी मिलते ही संतोष की मां और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए थे। वे गिड़गिड़ा रहे थे कि संतोष को जल्द बाहर निकाल लो, लेकिन पानी करीब 20 फीट गहरा और मटमैला होने के कारण गोताखोरों को संतोष की लाश नहीं मिल रही थी। गल भी डाला गया, लेकिन लाश बाहर नहीं आई। इस दौरान मां को रो रोकर बुरा हाल हो गया। वह सदमे में कहते रही कि इतने सारे लोग खड़े हैं, लेकिन कोई भी मेरे बच्चे को कुए से बाहर नहीं निकाल रहा है।

### मुंह में फंसी मिली केरी

संतोष की लाश बाहर निकालने के बाद पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी गई है। लाश बाहर निकालने पर संतोष के मुंह में केरी फंसी हुई मिली। केरी खाने के बाद उसने कुए में छलांग लगाई थी। मुंह खुला होने के कारण पानी भराया और वह डूब गया।


कुए के पास बिलखते परिजन।

### 13 साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच जारी

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र के अब्बास नगर में मंगलवार दोपहर 13 साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अब्बास नगर निवासी रिजवान खान प्राइवेट काम करते हैं। उनकी 13 साल की बेटी शिफा स्कूल में पढ़ती थी। कुछ दिनों से शिफा की तबियत ठीक नहीं थी। डॉक्टरों ने टायफाइड बताया था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे शिफा की तबियत ज्यादा खराब हो गई। उसके मुंह से झाग निकलता देख परिजन हमीदिया अस्पताल ले गए थे, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने पर डायरी एसीपी को सौंपी

# नव विवाहिता ने शादी के तीन महीने बाद ही लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



छोला मंदिर थाना क्षेत्र कैंची छोला में मंगलवार शाम नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश पड़ोसियों ने फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी चार महीने पहले ही विवाह सम्मेलन से पिपरिया में शादी हुई थी। शादी के बाद से ही दंपती में विवाद होना शुरे हो गया था। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है।

पुलिस के अनुसार भारती पति विशाल कुचबंदिया (23) कैंची छोला में रहती थी। चार महीने पहले उसकी शादी पिपरिया निवासी विशाल से हुई थी। विशाल और भारती के बीच शादी के कुछ दिन बाद ही विवाद होने लगा। विशाल ने भारती के परिजन को कॉल कर कहा था कि इसे मायके लेकर चले जाओ। सोमवार सुबह ही भारती की मां उसे पिपरिया से मायके लेकर आई थी। शाम को मां काम से बाहर निकल गई। इस दौरान भारती ने घर में फांसी लगा ली। पड़ोसियों ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन घर पहुंचे और भारती को फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।



### धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ समाज का 38वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। युवक-युवतियों के पंजीयन का कार्य चालू है। 25 जोड़े का पंजीयन हो चुका है। समिति के अध्यक्ष शशांक धाकड़, कोषाध्यक्ष कैलाश नागर, राजू पटेल, विनोद अनिल नागर, संतोष आदि ने बताया कि कार्यालय खुल चुका है, लोग अपना रजिस्ट्रेशन कराएं।

### भेल में औद्योगिक आपदा का मॉकड्रिल आज

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में औद्योगिक आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल का आयोजन 17 अप्रैल को किया जाएगा। इसकी तैयारियों कर ली गई हैं। गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे मॉकड्रिल रखी गई है।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी लाखन चौधरी ने बताया कि 17 अप्रैल को रासायनिक औद्योगिक आपदा पर आधारित मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर आम लोगों में जागरुकता फैलाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि यह केवल एक प्रशिक्षण है और आम नागरिकों को घबराने की जरूरत नहीं है।



### बाबा आंबेडकर की 135वीं जयंती पर चढ़ाए पुष्प

**तामोट।** पंचायत कार्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वी जयंती के अवसर पर जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने पुष्प चढ़ा कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर सुलेखा चौहान ने कहा कि माताओं, बहनों का सम्मान करना सबका दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा ने महिलाओं की उन्नति के लिए उन्हें लखपति बहना बना रहे हैं। ग्राम पंचायतों के विकास और किसनों की उन्नति के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। तामोट पंचायत के सरपंच और सचिव का दायित्व है कि वह विकास उन्नति के साथ महिलाओं का सम्मान करें।

# पानी बचाने की शपथ के साथ डॉ. आंबेडकर को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती महोत्सव पखवाड़ा अंतर्गत जनपद सभागार में व्याख्यानमाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब को नमन कर सैकड़ों नागरिकों ने एकसाथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अपने-अपने ग्राम नगर में पानी के संरक्षण करने की शपथ ली। व्याख्यानमाला के प्रमुख वक्ता सर्वोदय नन्द अहिरवार ने बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के समुदाय के विकास एवं समाज के उत्थान के लिए उनके किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी अपने-अपने विचार रखे।



व्याख्यानमाला सेमिनार में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर, सीईओ वृन्दावन सिंह मीणा, नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान, ब्लाक समन्वयक निशा बहेकार, नवांकुर संस्था से सुनील सेरिया, सोनू चौकसे आरती यादव, प्रियंका गौर, मेंटर, अजय मालवीय, प्रेमनारायण सोनी, सचिन श्रीवास्तव सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं गैरसरकारी संगठनों से जुड़े पदाधिकारी एवं सीएमसीएलडीपी के स्टूडेंट उपथित थे।

सुरक्षा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# सिंगोली में जैन मुनियों पर हमला: वैश्य महासम्मेलन ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



मध्यप्रदेश में तीन जैन मुनियों पर हुए हमले के विरोध में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की जिला ईकाई द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

समाज के जिला अध्यक्ष विनोद जैन के नेतृत्व में मध्यप्रदेश नीमच के सिंगोली में जैन साधुओं पर हमले की घटना के विरोध में एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में साधु-साध्वियों के विहार के दौरान पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। समाज ने एक स्वर से हमले की निंदा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन में मांग की गई है कि हिरासत में लिए गए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए।

इस दौरान महिला प्रभारी विद्या अग्रवाल, समाज के जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष संयम जैन, तहसील अध्यक्ष राजीव जैन, सुरेंद्र जैन तथा तहसील युवा अध्यक्ष अभिषेक जैन ने कहा कि जो घटना हुई, इसने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को शर्मसार किया है। जैन संत मुनि शांति, सद्भाव, अहिंसा पूर्वक धार्मिक जीवन जीने वाले एवं उस मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित करने वाले होते हैं। जैन संतों के साथ घटित घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते है तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते है, जिससे भविष्य में पुनः ऐसी घटना न हो।

अभी तक दर्जन भर लोगों को बनाया सौरभ के केस में आरोपी

# सौरभ शर्मा को गोल्ड सप्लाई करने वालों से पूछताछ की तैयारी में ईडी, बढ़ सकती है आरोपियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### ईडी के पास सौरभ के मोबाइल की सीडीआर से भी कई ज्वेलर्स का पता चला

ईडी अभी तक आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में 12 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर चुकी है। ईडी अब इस मामले में कुछ और लोगों पर केस दर्ज कर सकती है। इसमें ईडी भोपाल के कई ऐसे ज्वेलर्स को चिन्हित कर चुकी है जो सौरभ शर्मा और उसके रिश्तेदारों को गोल्ड सप्लाई करते थे। जल्द ही इनसे पूछताछ की जा सकती है।

दरअसल ईडी ने 8 अप्रैल को ईडी कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में जिन्हें आरोपी बनाया है, उसके बाद कुछ और लोगों की भूमिका सामने आई है। ईडी के अदालत में पेश किए चालान में सौरभ शर्मा और उसकी पत्नी दिव्या, मां उमा शर्मा, शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर सहित दर्जन भर लोगों को आरोपी बनाया है। विगत 19 दिसंबर को मेंडोरी में विनय हासवानी के प्लॉट से मिली इनोवा कार में जो 52 किलो सोना मिला था, जिसको आयकर ने जब्त कर लिया था। इसकी जांच ईडी भी कर रही है। जांच में सामने आया कि इस गोल्ड की सप्लाई सौरभ को भोपाल के कई ज्वेलर्स ने की। इस लिए ईडी के निशाने पर कई सराफा व्यापारी है। ईडी के पास सौरभ के मोबाइल की सीडीआर से भी कई ज्वेलर्स का पता चला है। ईडी इस मामले में अभी आरोपियों की संख्या बढ़ाती है तो उसके अदालत में पूरक चालान पेश करना पड़ेगा।



सौरभ शर्मा उसके सहयोगी शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर जहां 24 अप्रैल तक न्यायिक रिमांड पर भोपाल की केंद्रीय जेल में कैद हैं, वहीं इस मामले में सौरभ की मां उमा शर्मा, साले रोहित तिवारी, पत्नी दिव्या तिवारी, जीजा विनय हासवानी को 10-10 लाख के बॉन्ड पर जमानत मिली है।

### हवाला कनेक्शन की भी जांच

ईडी सौरभ शर्मा के मामले में हवाला कनेक्शन की अलग जांच कर रही है। हवाला नेटवर्क से जुड़े दो व्यापारी भी ईडी के राडार पर बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी इनके नाम का खुलासा नहीं किया है। पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर इनसे भी पूछताछ की जा सकती है। साथ ही मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं में इनको भी आरोपी बनाया जा सकता है।

# शराब के लिए अड़ीबाजी, एक ही परिवार के 5 लोगों पर हमला

*केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित बीडीए क्वार्टर गोदरमऊ में मंगलवार दिनदहाड़े पड़ोस में रहने वाले बदमाश ने एक परिवार पर पत्थर व डंडे से हमला कर दिया। आरोपी महिला से शराब के लिए पैसों की अड़ीबाजी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने बताया कि बीडीए क्वार्टर गोदरमऊ निवासी बलराम कुशवाह उर्फ बबलू (47) माली है। विगत 15 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाले निर्भय वशंकार ने बलराम की मां तारा बाई से अड़ीबाजी करते हुए शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर तब निर्भय वंशकार पत्थर से हमला कर बलराम व उसकी मां तारा बाई को लहूलुहान कर दिया। बीच-बचाव करने आई बलराम की बेटी रिया व भतीजे कृष्णा पर भी आरोपी ने पत्थर से हमला किया और जान से खत्म कर करने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने बताया कि बलराम ने मोबाइल पर कॉल कर अपने पिता कंछेदीलाल को सारी बात बताई। यह सुनकर कंछेदीलाल घर आने लगे। इस बीच आरोपी निर्भय ने रास्ते में कंछेदीलाल पर भी डंडे से हमला कर दिया। उनके माथे व हाथ में चोट आई है। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था।

### शौर्य स्मारक में 'शौर्य गाथा एवं शौर्य अलंकरण 2025' का भव्य आयोजन, देश भर से जमा हुआ देश भक्त

# वीरता, बलिदान और देशभक्ति के अद्भुत संगम का साक्षी बना भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी के अरेरा हिल्स पर स्थित शौर्य स्मारक परिसर में शौर्य गाथा एवं शौर्य अलंकरण 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों, पुलिस बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को सम्मानित किया गया। यह आयोजन देश के प्रति समर्पण, वीरता और राष्ट्रीय चेतना का एक प्रेरणादायक संगम बन गया।




### शहीद विक्रम बत्रा की गाथा, पिता की जुबानी

इस ऐतिहासिक अवसर पर परम वीर चक्र विजेता कैप्टन शहीद विक्रम बत्रा की शौर्यगाथा को उनके पूज्य पिता जीएल बत्रा ने साझा की। जब उन्होंने अपने वीर पुत्र के अद्वितीय साहस और बलिदान की दास्तान सुनाई, तो सभागार में उपस्थित जनमानस की आंखें नम हो गईं और तालियों की गूंज देर तक सुनाई देती रही। यह अनुभव हर किसी के लिए गहरे प्रेरणास्पद रहा।

### मेजर जनरल बक्शी ने युद्धगाथाओं से कराया परिचित

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. जीडी बख्शी ने 1962, 1965, 1971 एवं कारगिल युद्ध की महागाथाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। उनके ओजस्वी भाषण ने उपस्थित जनसमूह को देश के इतिहास और सैनिकों के बलिदान से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया।

### फिल्म 'ग्राउंड ज़ीरो' के नायक का सम्मान

कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित डीआईजी बीएसएफ, एनआईए नरेंद्रनाथ धर दुबे, जिनकी वीरता पर आधारित फिल्म ग्राउंड जीरो आगामी 25 अप्रैल को रिलीज़ होने जा रही है, ने भी अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए। जब उन्होंने अपने शौर्य से परिपूर्ण संस्मरण सुनाए, तो पूरा सभागार देर तक तालियों से गूंजता रहा।






### वीरता को किया गया नमन

मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए शौर्य और सेवा के नए प्रतिमान रचने वाले पुलिस, अर्धसैनिक बल, एसडीआरएफ, होमगार्ड्स तथा अन्य सुरक्षा बलों के वीर जवानों और अधिकारियों को सम्मानित किया। महापौर मालती राय भी इस विशेष अवसर पर उपस्थित रहीं।

### आयोजन का उद्देश्य

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना तथा सुरक्षा बलों के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को जनमानस तक पहुँचाना और देशभक्ति की भावना को सशक्त करना था। आयोजन में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में वीर नायकों को नमन किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## परमवीर शहीद विक्रम बत्रा के पिता गिरधारी लाल से हरिभूमि की विशेष चर्चा

## भारतीय संस्कृति चरण स्पर्श प्रणाम और सम्मान की, हैलो हाय हमारी संस्कृति नहीं : बत्रा

साल 1999 में लड़ा गया कारगिल युद्ध आज भी सबके जेहन में है। उस युद्ध में कैप्टन विक्रम बत्रा ने अदम्य साहस दिखाते हुए चोटी 5140 पर फतह करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने न केवल पाकिस्तान के 7 जवानों को ढेर किया था, बल्कि बंकर भी नष्ट कर दिया था। इसके बाद प्वाइंट 4875 के फतह के दौरान, वह वीरतापूर्वक लड़ते हुए 7 जुलाई 1999 को शहीद हो गए। भारत सरकार ने उनके अदम्य साहस के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान किया था। भोपाल पहुंचे शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के पिता गिरधारी लाल बत्रा से हरिभूमि ने विशेष चर्चा की। इस दौरान युवाओं को संदेश देते हुए उन्होने कहा कि हमारी संस्कृति चरण स्पर्श, प्रणाम और सम्मान की है, हैलो-हाय यह हमारी संस्कृति नहीं है। आज युवा किस दिशा में जा रहा है, मैं कई बार इस विषय पर बहुत दुःख होता है और यह चिंता का विषय है। युवा अपनी संस्कृति की ओर बढ़ें।



**सवाल: क्या स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होना चाहिए शौर्य गाथाएं**

जवाब: निश्चित तौर पर यह बात सही है कि ऐसे बहुत से हीरो हैं, जिनका कारगिल विजय में बहुमूल्य योगदान रहा है, जिनका कई लोग को नाम भी पता नहीं है। इस प्रकार की योजना होनी चाहिए कि समाज तक उनके योगदान की जानकारी पहुंचे। चाहे वह फिल्म, डाक्यूमेंट्री या फिर अन्य माध्यम हो। ताकि लोगों को पता चले कि किस प्रकार का उनका योगदान रहा है, उन्होने शहादत दी है। किस प्रकार से उनके परिवार आगे बढ़ रहे हैं या पीछे रह रहे हैं, इन सारे पहलुओं पर विशेष रूप से योजना बनाई जानी चाहिए। स्कूलों में एक विषय देश भक्ति, सांस्कृति धरोहर और हमारे सेना के शौर्य पर होना चाहिए।

**सवाल : हमारा युवा आज रील्स अन्य विषयों में उलझा हुआ है। सेना के प्रति रुझान कम हुआ है। ऐसे में युवाओं को क्या संदेश देना चाहेंगे आप ?**

जवाब: हमारे युवाओं की आर्मी या डिफेंस सर्विस में जाने की चाह कम होती जा रही है। ज्यादातर युवा शिक्षा के बाद मल्टीनेशनल, बड़ी-बड़ी कंपनियों को ज्वाइन चाहते हैं। जहां बड़ी सेलरी और लग्जरी लाइफ हो। सोशल मीडिया का भी काफी प्रभाव देखने को मिल रहा है। वेस्टर्न लाइफ को हमारे बच्चे आज फॉलो कर रहे हैं और हमारी जो अपनी संस्कृति से दूर हो रहे हैं। हमारे देश और समाज के प्रति हमारी कर्तव्य भावना से पीछे हट रहे हैं। कई संस्थाएं इस दिशा में जागृति के प्रयास कर रही हैं, अभी और काम की जरूरत है।

**सवाल: चीन और पाक की पहले के मुकाबले अब सीमाओं पर स्थिति को लेकर क्या विचार हैं, क्या सुधार की जरूरत है?**

जवाब: न्यूज पेपर व अन्य साधनों से जानकारी में आता है कि इस दिशा में बेहतरी हो रही है। जमीनी स्तर पर क्या है यह तो हमारे राजनेता ही जानते हैं। निश्चित तौर पर डिफेंस को मजबूत होना चाहिए, किसी भी देश पर आप 100 प्रतिशत भरोसा नहीं कर सकते हैं। वर्तमान सरकार इस दिशा में ज्यादा प्रयास कर रही है।

### जोशीली बातों से युवाओं को दिया देशभक्ति का जोशीला संदेश

## दादा-दादी, नाना-नानी से बच्चों तक पहुंचती है हमारी संस्कृति, संयुक्त परिवार की दिशा में ध्यान देने की जरूरत : मेजर जनरल बख्शी

हरिभूमि चर्चा

संयुक्त परिवार की जगह बढ़ते एकल परिवार पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भोपाल आए रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी ने कहा कि वास्तविकता यह है कि हमारी संस्कृति अन्य बातें बच्चों तक दादा-दादी, नाना-नानी से ही पहुंचती है। इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरा संयुक्त परिवार है, मेरा बेटा और बहू हमारे साथ ही रहते हैं। बेटी का परिवार भी नजदीक रहता है। हर शाम मिलकर साथ खाना खाते हैं।



आज हम देखते हैं संयुक्त परिवार की व्यवस्था खत्म हो रही है, प्यार खत्म हो रहा है, घरों में बुजुर्गों के प्रति रवैया भी सही नहीं है। बुजुर्गों को वृद्ध आश्रम भेजा जा रहा है, जबकि उनके परिश्रम से ही आप सक्षम हुए। आज स्कूलों में पूछा जाता है कि क्या दादा-दादी आपके पास हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार की खत्म होती व्यवस्था की दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होने कहा कि मेरा देश जमीन का टुकड़ा नहीं, एक भावना है, जिसके लिए मैं मर सकता हूं और मार भी सकता हूं। जिस दिन यह भावना हर भारतीय में आएगी, भारत सुपर पॉवर होगा। आज हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा हरिभूमि से चर्चा के कुछ अंश इस प्रकार है...

### राष्ट्र हित से जुड़े ज्वलंत सवालों के बेबाक जवाबों के कुछ अंश

**सवाल: हम पीओके कब तक ले लेंगे और इस दिशा में किस प्रकार के प्रयास होने चाहिए?**

जवाब: जिस दिन आप फैसला कर लेंगे कि हमकों पीओके चाहिए, आप इच्छा शक्ति का प्रदर्शन करेंगे, आपका पीओके आपके हाथ में होगा। आपको पुरुषार्थ करना होगा। बैठे-बैठे केवल कहने से नहीं होगा, करना पड़ेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हो जाएगा। ताकत हमारे पास है, सबकुछ है हमारे पास, थोड़ा सेना को और फायर पावर देने की जरूरत है। एयर पॉवर में गेप्स हैं, वह करिए। जितना जल्दी कम करेंगे, उतना जल्दी आप पीओके ले पाएंगे।

**सवाल: पहले के जम्मू कश्मीर और अब में आप क्या अंतर देखते हैं?**

जवाब: जम्मू कश्मीर में हम लोग आंतकवाद की कमर तोड़कर आए थे, लेकिन आतंकवाद एक रक्तबीज की तरह है। पाकिस्तान एक फटीचर मुल्क है। खाने-पीने के लिए है नहीं, नौंकरियां हैं नहीं, बस जिहादी बनाओ और भेजे जाओं जम्मू कश्मीर में मरने के लिए। हमने देखा कि कोविड के दौरान 1 लाख 80 हजार से फौज काट दी। तीन साल भर्ती नहीं हुई, जबकि हर साल 60 हजार जवान रिटायर होते हैं। रजौरी, किश्तवाड़, रियाशी, कठुआ खाली कर दिया और फिर से आतंकवाद दोबारा शुरू हो गया। आज भी खतरा खत्म नहीं हुआ है। सेना पर खर्च करना होगा।

**सवाल : वर्तमान में हर मस्जिद के नीचे मंदिर, यह एक बड़ा विषय है, इस पर आप क्या कहेंगे?**

जवाब: मेरा मानना है कि जो मंदिर थे हमारी आस्था के, वह तकरीबन आ चुके हैं या आने वाले हैं। अब यह बवाल खत्म होना चाहिए। अपने देश को एकजुट रखना है। हमारी भारतीय सेना में हम सब भारतीय हैं, कोई हिंदू नहीं, मुस्लिम नहीं, सिख नहीं, ईसाई नहीं, बौद्ध नहीं, सब भारतीय हैं। आपको इन विवादों से उपर उठना पडेगा। जो दुश्मन है, उसे सीमा के अंदर नहीं बाहर रखना चाहिए हमेशा। आपको इस समस्या का समाधान करना है, पाकिस्तान के चार टुकड़े कर दीजिए, यहां भी पूर्णरूपेण शांति हो जाएगी, क्योंकि आका उनके बाहर हैं। गदर करने वाले आईएसआई के वह सब बार्डर के पार हैं। वार की जरूरत बॉर्डर के पार है।

**सवाल: भारतीय शिक्षा व्यवस्था में हमारे इतिहास और सेना शौर्य को किस स्तर तक शामिल किया गया है, और क्या सुधार की जरूरत है?**

जवाब: हमारे देश में हमारे इतिहास को सही करने की जरूरत है। वामपंथियों ने मिलकर आजादी के बाद हमारा इतिहास तोड़मरोड़ कर प्रस्तुत किया, कि वह साबित करना चाहते है कि हिंदू बाहर से आए, वेद बाहर से आए। अंग्रेजी के बनाए मिथक व पृथाएं चली आ रही हैं। आजादी के बारे में कहा गया है कि दे दी हमें आजादी बिना खडग बिना ढाल, उपवास करके आपने आजादी ले ली। यह कहना कि गलत है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इतनी बड़ी सेना खड़ी की, 60 हजार में से 26 हजार शहीद हुए, उनका नामो निशान ही मिटा दिया, सिर्फ अंहिसा के दिखावे के लिए, तभी तो मार खाई।

**सवाल: सेना के प्रति रुझान पर माता-पिता को क्या सलाह दे चाहेंगे?**

जवाब: जैसी संगत होगी, वैसे विचार आएंगे। बच्चे देखते ज्यादा हैं, सुनते कम है। वह देखते हैं कि आप क्या करते क्या हो। आप जाकर कॉन्ट्रेक्ट लेते हो, उसमें धांधली करते हो और पैसे कमा रहे हैं, ऐसे में आप कितनी भी सीख दे दो, कोई मतलब नहीं है।

**सवाल: आपकी नई पुस्तक आई है, यह विचार कहां से आया?**

जवाब: वैदिक कालीन शैली में वह पुस्तक लिखने की कोशिश की है, क्योंकि हमारी जो सभ्यता है वह वनों की सभ्यता है। हमारे ऋषि, मुनि अपने शहर, गांव बस्तियां छोड़कर घने जंगलों की शांति में जाते थे। वहां असीम शांति में बैठकर वह ध्यान, योग किया करते थे और उससे उनको अनुभव होते थे। मेरे गुरू महाराज एक इंजीनियर थे स्वामी प्रणवानंद सरस्वती और 27 साल की उम्र में सब छोड़ दिया। महाराष्ट्र में अजंता, एलोरा, पित्तलखोरा की गुफाओं के बीच एक तपोवन है। वहां पर्णकुटी बनाई और 15 साल तपस्या की। मुझे उनका सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होने मुझे सिखाया मौन रहना, पूरा दिन मौन, कि वह वनस्पति की शांति में बैठ जाओ। उस दौरान मैने अनुभव किया, प्रेरण आई और वह मैने इस किताब में डाला है, कल्कि तूं कहां है।

**सवाल : मध्यप्रदेश से आपका पुराना नाता आपका रहा है?**

जवाब: मध्यप्रदेश के जबलपुर में हमारा आना हुआ। यहां मां नर्मदा जी की आत्मा में वह शक्ति है जो महासर्प का भी जहर शांत कर सकती है। भारत की नदियों में सबसे पवित्र पावन गंगा जी में स्नान करना होता है, नर्मदा जी के दर्शन मात्र पर्याप्त हैं। नर्मदा नदी में कई महान तपस्वियों की साधना का ओजस आज भी प्राप्त है। अब नर्मदा जी की साफ सफाई की दिशा में बहुत ही सुंदर प्रयास हो रहे हैं।

---

### खबर संक्षेप

**राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 'काव्यांजलि' आज**

**भोपाल।** सेज यूनिवर्सिटी और साहित्यिक-सांस्कृतिक मंच 'मध्यावर्त' के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष का वार्षिक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 'काव्यांजलि' भव्य रूप में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन 17 अप्रैल को शाम 5 बजे से यूनिवर्सिटी परिसर स्थित रॉयल सेज हॉल में संपन्न होगा। देश के प्रतिष्ठित कवि और शायर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इनमें अमन अक्षर ( इंदौर), वरुण आनंद ( लुधियाना), प्रतीक सिंह चौहान ( मुरैना), शिवाजी राय ( सिलवानी) एवं प्रशस्त (भोपाल) शामिल हैं।

**केशवानी की पुस्तक उड़ान का लोकार्पण कल**

**भोपाल।** लेखिका सुनीता केशवानी की पुस्तक उड़ान (काव्य संग्रह) का लोकर्पण और कृति चर्चा 18 अप्रेल को होगी। राजधानी के शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय में यह काय्रक्रम शाम 5 बजे आयोजित किया जाएगा। विजय दत्त श्रीधर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोकुल सोनी, सास्वत अतिथि सुरेश पटवा, समीक्षक विवेक रंजन श्रीवास्तव होंगे।

**हिंदी भवन में वरिष्ठ विमर्श 19 को**

**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा हर माह के तीसरे शनिवार को आयोजित किए जाने वाला वरिष्ठ विमर्श कार्यक्रम इस माह शनिवार, 19 अप्रैल को हिंदी भवन के वीरेन्द्र तिवारी कक्ष में शाम 4 बजे से होने जा रहा है। विमर्श में इस बार 'बढ़ते अपराध और समाज की भूमिका' विषय पर विचार विनिमय होगा। कार्यक्रम के संयोजक महेश सक्सेना ने बताया कि विमर्श का यह आयोजन पूरी तरह से अनौपचारिक होता है। इसमें कोई भी भाग ले सकता है तथा अपने विचार रख सकता है।

## मौजूदा समय साहित्यिक-बौद्धिक विरोध और चिंता का दौर है: त्रिपाठी

### प्रलेस के स्थापना दिवस पर मायाराम सुरजन भवन में व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मौजूदा दौर लेखकों और बौद्धिकों के विरोध और उनके लिए चिंतित होने का दौर है। फासीवाद कोई सत्ता पद्धति नहीं,बल्कि एक वैचारिकी है, जिसका बकायदा एक लिखित सिद्धांत है कि उसे किस तरह अमल में लाना है। यह बात वरिष्ठ साहित्यकार रामप्रकाश त्रिपाठी ने प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान में कही। मायाराम सुरजन भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने आज लेखक संगठनों के समक्ष नई चुनौतियां विषय पर बोलते हुए का कि मौजूदा समय साहित्यिक-बौद्धिक विरोध का दौर है। सत्ता द्वारा पहला निशाना चिंतकों-बौद्धिकों पर साधा जा रहा है। फासीवाद बहुत बारीक हथियार है जो बेहद धीरे से सोचने-बोलने और लिखने के क्षेत्रों में भी हमला करता है।




**फिल्म 'द ट्रेजेडी बाफ मैकबेथ' का प्रभाव**

उन्होंने कहा कि अकादमिक भाषा की जटिलता ने हमारे आपसी संवाद को प्रभावित किया है। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में कवि-कथाकार कुमार अंबुज ने वर्ष-2021 में बनी फिल्म 'द ट्रेजेडी बाफ मैकबेथ' को देखकर लिखे गए अपने विचारोत्तेजक गद्य का पाठ किया। उन्होंने शेक्सपियर के नाटकों का उल्लेख किया और कहा कि उनमें से अधिकांश सत्ता के दमन से उत्पन्न त्रासदियों को उजागर करते हैं। उन्होंने अपने पाठ में फासीवादी सत्ता की वैचारिकी को रेखांकित किया और दमनकारी सत्ता के चरित्र को उजागर करती हुई कुछ पंक्तियां कहीं।

**बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं सुधि पाठक रहे मौजूद**

कार्यक्रम का संचालन प्रलेस, भोपाल के अध्यक्ष अनिल करमेले और आभार प्रदर्शन शैलेंद्र शैली ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आलोचक विजय बहादुर सिंह, नवल शुक्ल, राजेंद्र शर्मा, शशांक, हेमंत देवलेकर, मनोज कुलकर्णी, आशा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक और सुधि पाठक एकत्रित थे।



### 'रचनात्मकता और फैंडम संस्कृति का उत्सव'

## वेव्स कॉस्प्ले चैंपियनशिप में पहुंचने वालों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पिछले शनिवार को माइंडस्पेस सोशल में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) कॉस्प्ले चैंपियनशिप मीटअप के आयोजन के समय हैदराबाद शहर में रचनात्मकता और प्रशंसकों की धूम रही। एमईएआई, इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन और क्रिएटर्स स्ट्रीट की ओर से आयोजित, एपिको-कॉन द्वारा संचालित, और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, टीवीएजीए तथा फॉरबिडन वर्स के सहयोग से यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी। अब, हैदराबाद और मुंबई में एक गहन राष्ट्रव्यापी खोज के बाद, आयोजकों ने सबसे प्रतिभाशाली कॉस्प्लेर्स के नाम उजागर किए।

**अंतिम दौर के फाइनलिस्ट**

| | |
|---|---|
| कैज़ाद शेशबरदारन | मुंबई |
| पुनीत वी | बेंगलुरु |
| शेख समीर कलीम | लातूर |
| तेजल संजय मुलिक | मुंबई |
| अनूप भाटिया | पुणे |
| नवदीप सिंह पन्नू | मुंबई |
| आकाशी गौतम | लखनऊ |
| आदित्य कालेबेरे | पुणे |
| स्वराज कालेबेरे | पुणे |
| श्रीहर्ष नरवड़े | पुणे |
| विवेक दिलीप मने | पुणे |
| ईशा जोशी | मुंबई |
| केदार पंडित | मुंबई |
| आर्शीदेवरी | गुवाहाटी |
| मार्शी देवरी | गुवाहाटी |
| एमडी पियाल शेख | मुंबई |
| प्रणय पानपाटिल | मुंबई |
| गौरव विश्वकर्मा | पुणे |
| अखिल | हैदराबाद |

### महिला पत्रकारों को मिलेगा अवार्ड

## लोक संपर्क सम्मान नवाजे जाएंगे अपर संचालक जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा रविवार 20 अप्रैल को जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजय कुमार जैन को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह रवींद्र भवन आयोजित किया जाएगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया है कि राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : रोल ऑफ पब्लिक रिलेशंस' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।

**इन्हें मिलेगा अचला-उदिता सम्मान**

डॉ. सुधा वर्मा, डॉ. सोनाली नरगुंदे, प्रो. पी. शशिकला, सीमा शिवेंद्र, स्वाति पाराशर, रेखा खान, डॉ. अल्पना त्रिवेदी गिरि, ज्योति रात्रे, डॉ. दीपिका सक्सेना, अंजलि पांडे, पलक दीक्षित, गरिमा श्रीवास्तव, सुप्रिया सिंह, मिली मिश्रा, श्रद्धा सुमन, आकांक्षा पांडे, सदब खान, तनुश्री देसाई, पूजा चक्रवर्ती, गरिमा सिंह, करिश्मा कोतवाल, मीना पाटीदार, मेघा जैन एवं ऋतू साहू को सम्मानित किया जाएगा।

### गौहर महल में आयोजित बाग उत्सव बना विशेष आकर्षण का केन्द्र

## 150 साल बाद 'इंडिगो लीव्स' से बाग प्रिंट में लौटी 'नील' की रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

गौहर महल में आयोजित बाग उत्सव इन दिनों शहरवासियों के लिये विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। 20 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव में बाग शिल्पी उमर फारुख खत्री ने खूबसूरत नवाचारों के साथ डिजाइनर कलेक्शन को प्रदर्शित किया है। प्राकृतिक रंगों से तैयार किए जाने वाले बाग प्रिंट में इस बार दो नए रंग जुड़ गए हैं। पहला है अकाव का रंग, जो लोहे की जंग पर हरड़ के ट्रीटमेंट से तैयार होता है। दूसरा रंग है इंडिगो का, जो बना है इंडिगो लीव्स के फरमेंटेशन और गुड़ व चूने के खास इम्पैक्ट से। इंडिगो रंग को तैयार करने की यह प्रक्रिया काफी पुरानी है, जिसे बाग कारीगर उमर फारुक खत्री ने रिवाइव किया है। उमर फारुख ने बताया कि उनके परदादा बाग प्रिंट के जनक अली करीब 150 साल पहले तक बाग प्रिंट के कपड़ों में इंडिगो के पौधे से बने नीले रंग का इस्तेमाल करते थे। कहा जाता था कि यह उस समय लोगों के बीच में यह रंग काफी पसंद किया जाता था। कुछ समय बाद लोग धीरे-धीरे लाल और काला रंग पहनने लगे, तो इसका चलन कम हो गया। लेकिन एक बार फिर अब मार्केट में इंडिगो पौधे की पत्ती से बने कलर से तैयार डिजाइनर बाग प्रिंट की ड्रेस फैशन में है।



**इंडिगो नेचुरल कलर है**

उमर ने बताया बाग प्रिंट में इंडिगो रंग के इस्तेमाल पर वह वर्ष 2016 से काम कर रहे हैं। कई बार गलतियां हुई। पिछले साल तक भी इस रंग में वैसा शेड और टोन पाना मुश्किल था। मगर, अब सफलता मिल गई है। इंडिगो नेचुरल कलर है। इसका पौधे की पत्ती को पानी में गला देते हैं। उसमें बाद में नील का रंग आ जाता है। उसकी प्रोसेस के लिए उसमें चूना डालना पड़ता है। फिर वह चूने के साथ पकता है। तब जाकर उससे डाई करते हैं। पत्ती भिगोने से लेकर तैयार करने में करीब 1 महीने का समय लता है। कपड़े को डाई करके सुखाया जाता है। वह धीरे-धीरे नीला हो जाता है।

**कॉटन पर किया बाग प्रिंट का प्रयोग**

बाग उत्सव में शिल्पी उमर फारुख खत्री ने खास प्रयोग किया। इसमें उन्होंने कॉटन के कपड़े पर बाग की बॉलिंकग कर ड्रेस तैयार किया है। फारुख कहते हैं कि यह डिजाइन गेंदा फूल के नाम से पहचानी जाती है। उन्होंने बताया कि बाग प्रिंट में नेचुरल कलर्स का यूज किया जाता है। इस कारण इसे इसी तरह के नाम दिए जाते हैं। कॉटन पर उपयोग से पहले ब्लॉक्स को पेपर की मदद से सेट किया जाता है। इसके बाद इस पर लाल और काला कलर किया जाता है। अन्य प्रिंट में जहां तीन से चार घंटे की प्रोसेस में एक कपड़ा तैयार हो जाता है।



# सुप्रीम कोर्ट का सवाल, साइनबोर्ड पर उर्दू से चिढ़ क्यों? यह तो गंगा जमुनी तहजीब की आधार, इसे 'विदेशी' करार देना सरासर गलत

## अकोला जिले में पातुर नगर परिषद भवन पर उर्दू साइनबोर्ड को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज किया

### देश की शीर्ष अदालत ने की ऐतिहासिक टिप्पणी, भाषा कोई धर्म नहीं होती, यह संवाद का एक माध्यम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक टिप्पणी में कहा कि उर्दू भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा का हिस्सा है और इसे किसी भी रूप में विदेशी करार देना सरासर गलत है। महाराष्ट्र के अकोला जिले में पातुर नगर परिषद भवन पर उर्दू साइनबोर्ड को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने इसे हिंदुस्तानी तहज़ीब का बेहतरीन नमूना बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि भाषा कोई धर्म नहीं होती, न ही वह किसी मज़हब की बपौती है। भाषा तो संस्कृति की वाहक है, संवाद का माध्यम है। अदालत ने कहा कि उर्दू भी भारत की ही उपज है, और यह गंगा-जमुनी तहज़ीब की जीवंत मिसाल है।

**उर्दू की ऐतिहासिक भूमिका रही**

*न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह फैसला सुनाया*

अदालत ने कहा कि उर्दू भी भारत की ही उपज है, और यह गंगा-जमुनी तहज़ीब की जीवंत मिसाल है।



### यह था मामला?

पूर्व पार्षद की याचिका में पातुर नगर परिषद भवन के उर्दू साइनबोर्ड को गैरकानूनी बताया गया था। याचिकाकर्ता का तर्क था कि महाराष्ट्र स्थानीय प्राधिकरण (राजभाषा) अधिनियम, 2022 के तहत उर्दू का प्रयोग वर्जित है। लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया था, और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा है।

### उर्दू कोई विदेशी भाषा नहीं

अदालत ने इस धारणा को बिलकुल गलत बताया कि उर्दू भारत के लिए विदेशी है। उर्दू एक इंडो-आर्यन भाषा है, जो भारत में ही जन्मी और विकसित हुई। यह संवाद की जरूरतों से निकली और फ़ारसी, संस्कृत, हिंदी जैसी भाषाओं से घुलती-मिलती रही। फैसले में यह भी कहा गया कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय 'हिंदुस्तानी' को राष्ट्रीय भाषा बनाने की दिशा में प्रयास हो रहे थे।

### न्यायपालिका की भाषा भी उर्दू से अछूती नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हलफ़नामा, पेशी, वकालतनामा जैसे कई शब्द भारतीय न्याय व्यवस्था में आज भी उर्दू के रूप में जीवित हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर हम उर्दू को नकारते हैं, तो हम हिंदी को भी कमज़ोर करते हैं, क्योंकि दोनों में बहुत गहरा रिश्ता है। कोर्ट ने अपने फैसले में दो टूक कहा कि नगर परिषद के लिए उर्दू का प्रयोग संचार का माध्यम है, न कि कोई राजनीतिक या धार्मिक एजेंडा। हमें अपनी सभी भाषाओं से प्रेम करना चाहिए।

### भाषा से डरो मत उसे गले लगाओ

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने बेहद साहित्यिक भाषा में कहा कि भाषा धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं करती। वह किसी समुदाय की विरासत होती है, उसकी आत्मा होती है। अदालत ने यह भी कहा कि हमें अपनी विविधता में सौंदर्य देखना चाहिए, क्योंकि भारत की असली पहचान उसकी भाषाई विविधता में ही छिपी है।

---

**खबर संक्षेप**

### बर्क का न्यायिक जांच आयोग में बयान दर्ज

**लखनऊ।** संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल के मामले में आरोपी सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क बुधवार को न्यायिक जांच आयोग के सामने बयान दर्ज कराने के लिए लखनऊ पहुंचे। आयोग ने उन्हें और एक विधायक के बेटे को आयोग के लखनऊ स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था। बर्क ने कहा, जवाब देना मेरा कर्तव्य है।



### मणिकर्णिका में रील के चक्कर में बही महिला

**मणिकर्णिका।** उत्तरकाशी के मणिकर्णिका में रील बनाते वक्त एक महिला भागीरथी नदी में बह गई। हादसे के वक्त महिला की मासूम बच्ची 'मम्मी-मम्मी... चिल्लाती रही। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।14 अप्रैल को मणिकर्णिका में महिला नदी में डूब गई। नेपाली मूल की विशेषता घाट पर गई थी। रील के चक्कर में नदी में डूब गई।



### दिल्ली रेल आईजी का इस्तीफा, चुनाव लड़ेंगे

**नई दिल्ली।** पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे और आनंद मिश्रा के बाद एक और अधिकारी की बिहार की राजनीति पारी में एंट्री हो चुकी है। सीतामढ़ी के मेहसौल आजाद चौक निवासी नूरुल होदा आज सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी की पार्टी में शामिल हुए। वे दिल्ली रेलवे के आईजी पद पर थे। पद से इस्तीफा दे दिया है।



### त्रिनेत्र गणेश मंदिर में बच्चे को ले गया बाघ

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर से एक दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दोपहर 3 बजे दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गया, जब एक बाघ जंगल से निकलकर आया और 6 साल के मासूम को उठाकर ले गया।



---

## नेशनल हेराल्ड केस में भाजपा का हमला, रविशंकर का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# कांग्रेस को धरने का हक, जमीन लूटने का नहीं, 'यह' नेहरू खानदान की जागीर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मनी लॉड्रिंग मामले में भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला बोला। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सभी को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने वक्फ कानून का विरोध करने पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी को भी खरी-खरी सुनाई। कांग्रेस देशभर में ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया तो भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है।

रविशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस को धरना देने का हक है, लेकिन जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर शेयर हेराफेरी, भ्रष्टाचार और हजारों करोड़ की संपत्ति हथियाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड 1937 में शुरू किया गया था। इसमें 5000 शेयर होल्डर्स थे। यानी इसके शेयर नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रहे। इस पूरी संपत्ति को परिवार के हाथों में पहुंचाने के लिए बहुत ही दिलचस्प तरीके से साजिश रची गई। ये संपत्तियां दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर एक संपत्ति, मुंबई, लखनऊ, भोपाल और पटना में हैं।

### प्रदर्शन क्यों? सभी याद रखें सोनिया-राहुल जमानत पर बाहर, मामला विचाराधीन

### कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को 90 करोड़ रुपए दिए

इस बात को समझना बहुत जरूरी है और बड़े-बड़े लोग जो फ्रीडम फाइटर थे जो बाद में कांग्रेस के बड़े नेता भी बने मुख्यमंत्री वगैरह बने उन सभी ने उसमें सहयोग किया। 2008 में नेशनल हेराल्ड का पब्लिकेशन बंद हो गया क्योंकि वह चल नहीं पाया। उसके बाद कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को 90 करोड़ रुपए दिए थे। कांग्रेस एक पॉलिटिकल पार्टी है पिटिकल पार्टी को कई एक्सेंशनंस हैं कि वो किसी प्राइवेट बॉडी को फंड नहीं दे सकते हैं। एक कॉर्पोरेट षड्यंत्र किया गया ताकि यह पूरी संपत्ति गांधी परिवार के हाथ में आ जाए।



### 50 लाख रुपए में 90 करोड़ की संपत्ति हासिल की

उन्होंने कहा कि यंग इंडिया लिमिटेड को एक धर्मार्थ संगठन माना जाता था, लेकिन अब तक यह पता नहीं चला है कि इसने क्या दान किया? 50 लाख रुपए में 90 करोड़ रुपए लिखकर हजारों करोड़ की संपत्ति हासिल कर ली। एक बात ध्यान में रखनी चाहिए कि राहुल और सोनिया जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने मामले को खत्म करने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

### कांग्रेस आरोपों के मूल में जवाब दे

रविशंकर पने कांग्रेस से कहा कि वह केवल राजनीतिक प्रतिक्रिया देने के बजाय गांधी परिवार के खिलाफ आरोपों के मूल में जवाब दे। हम कांग्रेस की धमकियों की निंदा करते हैं। उन्होंने सोनिया के दामाद रॉबर्ट वाड्रा पर हरियाणा में तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मिलीभगत से भूमि सौदे में भारी मुनाफा कमाने के आरोप का भी जिक्र किया।

### भूमि घोटाला में दूसरे दिन वाड्रा भी वाड्रा पेश



गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को भी रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। लगातार दूसरे दिन पूछताछ से पहले जाने-माने कारोबारी ने बुधवार को कहा कि वह इन सबके लिए बहुत मजबूत हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए एक सियासी कार्टून भी पोस्ट किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और कांग्रेस नेता राहुल के खिलाफ साजिश रची जा रही है। हमारे खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। सब वक्त का खेल है, समय बदलेगा। उन लोगों को भी झेलना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं हूं। मैं सभी सवालों का जवाब दूंगा। मुझे कोई दिक्कत नहीं है, आप जितनी चाहें उतनी एजेंसियों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब इसकी जांच हुई तो प्रशासन ने पाया कि कुछ भी गलत नहीं हुआ। खट्टर जी ने मुझे उसी मामले में क्लीन चिट दे दी। मुझे समझ नहीं आ रहा कि 7 साल बाद फिर मुझसे पूछताछ क्यों हो रही है?

**कांग्रेस ने देशभर में किया प्रदर्शन**

### एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा विरोधियों को दबाया जा रहा




ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड से जुड़े केस में चार्जशीट दाखिल की है। इसके खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है किसरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने ईडी का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस राज्य मुख्यालयों में ईडी कार्यालयों के सामने,राज्यों में जिला स्तर पर केंद्र के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसके बाद स्थिति को देखते हुए पुलिस भी वहां पहुंच गई है और कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।

**ये बोले कांग्रेस नेता**

### एजेंडा सिर्फ विपक्ष को परेशान करनाः प्रतापगढ़ी

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में अब पार्टी सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी के जरिए लड़ाई को कोर्ट तक ले जाया गया है, उसकी मंशा सिर्फ विपक्ष को परेशान करने की है। गुजरात में सत्र होता है, राहुल गांधी मोडासा पहुंचते हैं और यहां चार्जशीट दाखिल हो जाती है। आप क्रोनोलॉजी समझिए।

**यह राजनीति से प्रेरित मामलाः पायलट**


केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला है। हमें न्याय व्यवस्था पर भरोसा है। हम कानूनी रूप से इसका मुकाबला करेंगे।

---

## बिहार में दो रैलियां करेंगे खरगे

# महागठबंधन को बिहार से महा आस, कांग्रेस ने तेज किया प्रचार

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली



**हरिभूमि विशेष**

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 19 और 20 अप्रैल को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दिल्ली में राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ बात मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है।

इस दौरे का उद्देश्य महागठबंधन (कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), और अन्य सहयोगी दलों) को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं में जोश भरना और गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे जैसे मुद्दों पर सहमति बनाना है। 19 अप्रैल को खड़गे बक्सर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बक्सर महागठबंधन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है, और यहां उनकी रैली का लक्ष्य स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करना होगा। 20 अप्रैल 2025 को पटना में कांग्रेस पार्टी रैली के माध्यम से दमखम दिखाने की कोशिश करेगी। रैली में गठबंधन के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

इस दौरान वे बिहार के सियासी हालात, चुनावी रणनीति और गठबंधन की एकजुटता पर जोर देंगे। मुख्यमंत्री औरजदयू नेता नीतीश कुमार की तबियत नासाज रहने की वजह से महागठबंधन इसबार बेहतर स्पेस दिख रहा है। यही वजह है कि आक्रामक चुनाव लडने के मूड में है।

### जातिगत जगणना में उलझी कर्नाटक की कांग्रेस सरकार, अपनों ने आंखें तरेरीं तो सकते में सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के लिए कास्ट सर्वे, जातिगत गणना सेल्फ-गोल में परिवर्तित होता दिख रहा है। जातिगत गणना के खिलाफ 30 कांग्रेसी लिंगायत विधायकों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। जिनमें कैबिनेट मंत्री एमबी पाटिल, शिवानंद पाटिल और ईश्वर खांद्रे शामिल हैं। सभी ने एकसुर में सीएम सिद्धारमैया से सर्वे को खारिज करने का आग्रह किया। राज्य में उठे राजनीतिक तूफान से आलाकमान सतर्क हो गया है।

सीएम सिद्धारमैया को नेतृत्व ने कैबिनेट की बैठक बुलाकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। गुरूवार को राज्य कैबिनेट की बैठक आहूत की गई है। एक जटिल राजनीतिक चुनौती से कर्नाटक सरकार कैसे निकलती है, कैसे भाजपा आपदा को अवसर में तब्दील करती है ये देखना रोचक होगा। कर्नाटक में जातिगत गणना (कास्ट सर्वे) की रिपोर्ट ने सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के लिए एक बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है।

---

### पंजर वोकवा मेला



**पटना।** बुधवार को पटना में 'पंजर वोकवा' मेले के तहत निकाले गए धार्मिक जुलूस में भाग लेते लोग।

## मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक में बोलीं ममता

# भाजपा समाज को बांट रही, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, यहां हिंसा पूर्व नियोजित थी

### वक्फ पर बंगाल के कई शहरों में हिंसा, प्रदर्शन और हमले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मौलवियों और मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। यह बैठक वक्फ संशोधन अधिनियम के संबंध में थी। बैठक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुई। ममता ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन भाजपा समाज को बांट रही है।

### भाजपा ने रामनवमी पर हिंसा की योजना बनाई थी



ममता ने कहा कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनाई थी, लेकिन वह विफल रही। मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी। हम भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के बाद उसके लाए गए सभी जनविरोधी विधेयकों को वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी धर्मगुरु लोगों के पास जाएं, एकता का संदेश दें।

**योगी पर की अभद्र टिप्पणी**

बेनर्जी ने वक्फ एक्ट को लेकर इमामों के साथ एक बैठक में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सबसे बड़ा 'भोगी' है। योगी ने मंगलवार को ममता पर तीखा हमला बोला था।

## भाजपा ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर ममता को घेरा, मनाया शहीद दिवस

# हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए हिंदू परिवार को श्रद्धांजलि देते हुए, भाजपा ने कोलकाता में राज्य विधानसभा के बाहर हिंदू शहीद दिवस मनाया।



विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पार्टी विधायकों की सभा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू आबादी भावुक है, यह दुखद है। पूरा राज्य सड़कों पर है और हिंदू शहीद दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि ममता को पद छोड़ देना चाहिए। उन्हें जेल जाना चाहिए। हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं। भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा कि बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं हैं। हम बार-बार कह रहे थे कि हमारे राज्य में हिंदू विरोधी सरकार सत्ता में आ गई है। ममता अपनी हरकतों से हिंदुओं की बलि चढ़ाना चाहती हैं। बेनर्जी की मुस्लिम मौलवियों के साथ बैठक पर सुवेंदु ने कहा,यह एक सम्मानित बैठक थी। ये लोग दंगाई हैं। ममता उन्हें दिल्ली जाने और दिल्ली बंद करने के लिए उकसा रही हैं।

---

## नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर चला

# भीड़-पुलिस में भिड़ंत 21 घायल, 15 लोग अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है। अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटाने का आदेश दिया था। पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक सतपीर दरगाह के ट्रस्टियों ने मंगलवार रात को ढांचे को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

### पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त



पुलिस अधिकारियों ने भी उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनकी बात भी नहीं मानी। उपद्रवियों ने पथराव किया और कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। हमले में तीन पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दरगाह को सुबह ध्वस्त कर दिया गया है। संदिग्धों की 57 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं। स्थिति नियंत्रण में है।

## चौहान ने ब्राज़ील के कृषि उपकरणों को सराहा, सहयोग की आस जताई

# भारत-ब्राजील खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में सक्षम

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने साओ पाउलो में ब्राज़ील के प्रतिष्ठित कृषि व्यापार समुदाय के 27 सदस्यों से विस्तृत बातचीत की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को साओ पाउलो में ब्राज़ील के प्रतिष्ठित कृषि व्यापार समुदाय के 27 सदस्यों से विस्तृत बातचीत की। यह वार्ता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की नीति के अंतर्गत आयोजित की गई। इस संवाद में भारत और ब्राज़ील के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा देने, बेहतर उत्पादन तकनीकों का आदान-प्रदान, खाद्य प्रसंस्करण की उन्नत तकनीकों को अपनाने, बायो फ्यूल और बायोएनर्जी के उत्पादन में सहयोग, तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण जैसी संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई।



### चौहान ने भारत आने का आमंत्रण दिया

ब्राज़ील के पूर्व कृषि मंत्री ने उल्लेख किया कि जहां आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व ब्राज़ील अपने कुल खाद्य पदार्थों का 30 प्रतिशत आयात करता था, वहीं आज यह देश 500 बिलियन डॉलर मूल्य का कृषि निर्यात करता है। चौहान ने ब्राज़ील के कृषि समुदाय को भारत आने का आमंत्रण दिया।

### कपास और सोयाबीन की कटाई की सराहना की

चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत और ब्राज़ील के संयुक्त प्रयास वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ब्राज़ील की कृषि में मशीनों के व्यापक उपयोग, विशेषकर कपास और सोयाबीन की कटाई की सराहना की और इन क्षेत्रों में सहयोग की आशा व्यक्त की।

### अभी कृषि व्यापार 2-3 बिलियन डॉलर का

ब्राज़ील के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में भारत-ब्राज़ील कृषि व्यापार 2-3 बिलियन डॉलर का है, जबकि इसकी क्षमता 15-20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की है। ब्राज़ील मुख्यतः उर्वरक, सोयाबीन, खाद्यान्न फसलें, चीनी, माँस और सब्जियाँ निर्यात करता है।

# चीन में 'भारतीय मित्रों' का स्वागत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत स्थित चीनी दूतावास ने 1 जनवरी से 9 अप्रैल, 2025 के बीच भारतीय नागरिकों को 85,000 वीजा जारी किए। दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के एक बड़े प्रयास के तहत यह कदम उठाया गया। चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने एक्स पर लिखा कि 9 अप्रैल, 2025 तक, भारत में चीनी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने इस वर्ष चीन की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों को 85,000 से अधिक वीजा जारी किए हैं। चीन आने के लिए अधिक से अधिक भारतीय मित्रों का स्वागत है, ताकि वे एक खुले, सुरक्षित, जीवंत, ईमानदार और मैत्रीपूर्ण चीन का अनुभव कर सकें। चीन ने यह कदम ऐसे समय में जारी कि है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगभग हर देश पर संभावित व्यापार शुल्क लगाने की चेतावनी दी है। उनके निशाने पर विशेष तौर पर चीन है, जो वाशिंगटन का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और आर्थिक प्रतिद्वंद्वी है।

# अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में उलझे बीजिंग ने जारी किए 85,000 वीजा, आवदेन शुल्क किया कम, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी जरूरी नहीं

*चीन ने 180 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक, एकल या दोहरे प्रवेश वाले वीजा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से छूट दी गई। इन परिवर्तनों के साथ-साथ, चीनी दूतावास ने वीजा आवेदन शुल्क भी कम कर दिया है।*

फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से भी छूट दी

2023 तक चीन ने 1,80,000 वीजा जारी किए

## वीजा आवेदन शर्तों को अपडेट किया




*चीन की ओर से जारी वीजा की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। साल 2025 के पहले चार महीनों में ही 85,000 वीजा जारी किए गए हैं। जबकि साल 2023 तक 1,80,000 वीजा जारी किए गए थे। पिछले वर्ष, चीनी दूतावास ने अपने वीजा आवेदन शर्तों को अपडेट किया था और कई प्रमुख छूटें प्रदान की थीं।*

## सीधे वीजा केंद्रों पर दे सकेंगे आवेदन

भारतीय आवेदकों को अब अपने वीजा आवेदन जमा करने से पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने की जरूरत नहीं है। इसके बजाय वे सीधे कार्य दिवसों के दौरान वीजा केंद्रों पर आवेदन जमा कर सकते हैं। वहीं 180 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक, एकल या दोहरे प्रवेश वाले वीजा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से छूट दी गई। इन परिवर्तनों के साथ-साथ, चीनी दूतावास ने वीजा आवेदन शुल्क भी कम कर दिया है। आवेदकों के लिए नए, कम शुल्क लागू किए हैं।



## 'अमेरिकी टैरिफ दुरुपयोग' के खिलाफ खड़े हों

चीन ने भारत और अन्य देशों से भी अपील की कि वे 'अमेरिकी टैरिफ दुरुपयोग' के खिलाफ खड़े हों। भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत और चीन, दो सबसे बड़े विकासशील देशों के रूप में, अमेरिकी टैरिफ कार्रवाइयों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

## खबर संक्षेप


### भारत सहित तीन देशों में भूकंप, जनहानि नहीं

**नई दिल्ली।** बुधवार की सुबह अफगानिस्तान और बांग्लादेश में क्रमशः 5.9 और 2.9 तीव्रता के भूकंप आए। वहीं, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि बुधवार सुबह जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 2.4 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप भारतीय मानक समय के अनुसार सुबह करीब 5:14 बजे अक्षांश 33.18 एन और देशांतर 75.89 ई पर आया। भूकंप की गहराई 5 किमी बताई गई है। इस दौरान कोई जान माल की हानि नहीं हुई।



### केदारनाथ में वीआईपी दर्शन पर एडवाइजरी

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर धामी सरकार ने फैसला लिया है। उत्तराखंड में गंगोत्री-यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ ही 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। चारधाम यात्रा पर वीआईपी लोगों के लिए एक अपील जारी की है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की ओर से सभी गणमान्य व्यक्तियों, राज्य स्तरीय अधिकारियों, न्यायपालिका के सदस्यों से दो मई से 31 मई के बीच यात्रा में शामिल होने से बचने का अनुरोध किया है।



## विश्व की दो आर्थिक महाशक्तियों के बीच थम नहीं रहा टैरिफ वार

# यूएस ने चीन के 125% टैरिफ के जवाब में 245% शुल्क लगाने का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के बीच टैरिफ वार थमता नहीं दिख रहा है। चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान कर रखा है। अब अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर पहले घोषित 145% की जगह 245% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। दस्तावेज में ट्रंप के उस दावे का हवाला दिया गया है कि 'विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता' और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रंप ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा।

चीन बोला- इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहते, लेकिन इनसे डरते भी नहीं

अमेरिका बोला- विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता से तकनीकी नवाचार खतरे में

## चीन ने दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर लगाए प्रतिबंध



*ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में कहा गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।*

### ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे

*245% टैरिफ पर पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को 'विशिष्ट कर दर के आंकड़े' के बारे में बताना चाहिए। लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है। इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी थी। उस दौरान, चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी अमेरिका से अपील है कि वह अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए।*

### टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता

*जियान ने कहा कि टैरिफ युद्ध अमेरिका की ओर से शुरू किया गया था और बीजिंग ने अपने वैध अधिकारों और हितों और अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाए हैं। ये कदम पूरी तरह से 'उचित और कानूनी' हैं। टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है। चीन इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहता है, लेकिन इनसे डरता भी नहीं है। उन्होंने हाथ मिलाने और बाधाओं को दूर करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।*

### डब्ल्यूएचओ में मामला दर्ज

चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूएचओ) में भी अमेरिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बातचीत बराबरी और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन अब उसे नजरअंदाज करेगा।

## कठुआ एनकाउंटर में सेना का खुलासा

# हथियारों और विस्फोटक के साथ आए आंतकियों की लंबी थी तैयारी



एजेंसी ▶▶ कठुआ

सुफैन में ढेर किए गए आतंकियों से बरामद हथियारों को कठुआ पुलिस ने राजबाग थाने में प्रदर्शित किया। एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों के साथ पुलिस की चार जगह मुठभेड़ हुई। आप्रेशन में दो आतंकी मार गिराए गए और चार हमारे सिपाही शहीद हुए। इसके अतिरिक्त जगह जगह आतंकियों को घेरकर मुठभेड़ की गई। उन्होंने कहा कि बुधवार को भी आतंकी भाग रहे हैं हम इनके पीछे हैं। बताया कि ताजा घुसपैठ के बाद चार से पांच आतंकियों की जानकारी थी। दो को ढेर कर दिया गया है, शेष बचे आतंकियों को भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को काफी बढ़ाया गया है। बार्डर से लेकर पहाड़ों तक निगरानी रखी जा रही है। विभिन्न सुरक्षाबल मिलकर काम कर रहे हैं।

### एके-47 और एम-4 बरामद

शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों से दो एके-47 हथियार और एक एम-4 के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि सामान से यह यकीन किया जा सकता है कि गलत इरादे से और लंबे समय तक टिकने की तैयारी कर आए थे। यह आतंकी अब बिना सामान और हथियारों के घूम रहे हैं। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर इनके खिलाफ अभियान चला रहे हैं। आतंकियों की कोई बड़ी योजना है, एक चरण नाकाम किया है। उन्होंने बताया कि आतंकियों से छोटे पैकेट में चिट्टा और नसवार भी मिले हैं। विस्फोटक से पता चलता है ज्यादा दहशत फैलाने और आईईडी लगाने के ईरादे से आए थे जिसे विफल किया गया है।

### मददगारों को कतई नहीं बख्शेंगे

सक्सेना ने कहा कि आतंकी कहां हैं, हमें पता है किस इलाके में हैं, जल्द ही उन्हें भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान आम लोगों से सुरक्षाबलों को मिल रहे सहयोग को भी सराहा। एसएसपी ने कहा कि घुसपैठ के पारंपरिक रूट अब एक्सपोज हो चुके हैं और इन्हें इन रास्तों से अब निकलने नहीं दिया जाएगा। बताया कि ओवरग्राउंड वर्करों के खिलाफ मामला दर्ज है। कुछ लोग चिन्हित किए गए हैं उनकी संलिप्तता जांची जा रही है। मददगारों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

## पीएम मोदी ने की डेनमार्क समकक्ष से बात

# विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के साथ वैश्विक घटनाक्रम पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसन ने मंगलवार को टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ वैश्विक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम मेटे फ्रेडरिकसेन से बात करके खुशी हुई। भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी और हमारे लोगों के लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए हमारे मजबूत समर्थन की पुष्टि की। हमने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी चर्चा की। पीएम कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2020 में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की शुरुआत के बाद से दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान को याद करते हुए पीएम मोदी और डेनमार्क की पीएम फ्रेडरिकसन ने विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के विस्तार का उल्लेख किया जिसने भारत में डेनमार्क के निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं ताकि ग्रीन ट्रांज़िशन में योगदान दिया जा सके। बता दें, दोनों नेता आगामी भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर नॉर्वे में होने वाली अपनी बैठक को लेकर उत्साहित है। पीएम मोदी ने कहा कि वह इस वर्ष के अंत में नॉर्वे में आयोजित होने वाले तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन और उस समय पीएम मेटे फ्रेडरिकसन के साथ बैठक में मुलाकात की प्रतीक्षा कर रहे हैं।



## नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट में जयशंकर बोले

# भारत सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को दी प्राथमिकता, इसका लाभ उठाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 'नार्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट-2025' को संबोधित करते हुए विदेशी राजदूतों से अनुरोध किया कि वो देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को अच्छी तरह से समझ कर अपने देश की सरकारों और कंपनियों को इनके बारे में बताएं। उन्होंने कहा, हर लिहाज से यह क्षेत्र केंद्र में है और समय से साथ इसकी अहमियत और बढ़ेगी। भारत की सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। हम चाहते हैं कि आप इस क्षेत्र की विशेषताओं के बारे में भलीभांति जानें और फिर उनके बारे में अपने-अपने देशों की सरकारों और उद्योगों को बताएं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी बढ़ावा देने की अपील जयशंकर ने विभिन्न देशों के राजदूतों से की।

### भारत की नीतियां बताई

जयशंकर ने सम्मेलन को लेकर एक्स पर पोस्ट में बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए इस शिखर सम्मेलन में मैंने दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार, पर्यटन केंद्र और वैश्विक कार्यस्थल में योगदानकर्ता के रूप में पूर्वोत्तर क्षेत्र की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुझे विश्वास है कि आगामी पूर्वोत्तर निवेशक शिखर सम्मेलन क्षेत्र की अनेक शक्तियों का लाभ उठाएगा तथा ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगा।



सुप्रीम कोर्ट का तर्क हम कानून नहीं बनाते

# क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े नियामकीय ढांचे की मांग वाली याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर नियामक ढांचे की मांग वाली याचिका पर बुधवार को विचार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा है कि वह इस संबंध में कानून नहीं बना सकता। क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है जो क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल कर सुरक्षित बनाई जाती है। इससे जालसाजी करना या दोबारा खर्च करना लगभग असंभव हो जाता है। क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विकेन्द्रीकृत नेटवर्क पर मौजूद हैं। यह कंप्यूटरों के एक असमान नेटवर्क पर संचालित और वितरित किया जाता जाता है। क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा नियामक बनाने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी देश भर में कई शिकायतें दर्ज की गई हैं।

### भारत सरकार के समक्ष रखें पक्ष



*वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मुद्दे पर नियामक ढांचे के लिए केंद्र और अन्य को निर्देश देने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इसे विनियमित करने के लिए कोई कानून नहीं है। न्यायमूर्ति गवई ने पूछा कि यह नीति निर्माताओं के अधिकार क्षेत्र में है। हम ऐसा कोई निर्देश कैसे जारी कर सकते हैं? हम कानून नहीं बना सकते। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मुद्दे पर भारत सरकार के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।*

### यह कार्यपालिका का अधिकार क्षेत्र

वकील ने तर्क दिया कि कई याचिकाकर्ताओं ने विभिन्न पुलिस प्राधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन इस मुद्दे पर कोई नियामकीय नीति मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि याचिका में की गई प्रार्थनाएं विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में हैं। इसलिए, हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता चाहें तो वे उचित प्राधिकारी के समक्ष विचार के लिए अपना अभ्यावेदन दे सकते हैं। पिछले साल जनवरी में, केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया था कि क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

भारत ने यूएनएससी को लताड़ा, कहा

# नई सुरक्षा परिषद में धर्म, आस्था जैसे मानदंड क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के विपरीत

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

भारत ने नयी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में धर्म और आस्था जैसे नए मानदंडों को प्रतिनिधित्व के आधार के रूप में शामिल करने के प्रयासों की आलोचना की और कहा है कि यह क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के स्वीकृत आधार के पूरी तरह विपरीत है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने 'भविष्य की परिषद का आकार और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर क्लस्टर चर्चा' पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि जो लोग नियम आधारित वार्ता का विरोध करते हैं वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर प्रगति नहीं चाहते हैं।

### बगैर विस्तार के सुधार संभव नहीं



*पी. हरीश ने कहा कि उन्होंने कहा कि ऐसे तर्क कि विस्तारित एवं नयी सुरक्षा परिषद प्रभावी नहीं होगी, वास्तविक सुधारों को रोकने का प्रयास है। उचित कार्य पद्धतियों और जवाबदेही तंत्र युक्त नयी परिषद अहम वैश्विक मुद्दों पर सार्थक ढंग से काम करने में सक्षम होगी। एक ऐसा मॉडल जिसमें स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार नहीं हो वह सुधार के उद्देश्य को हासिल नहीं कर सकेगा और इससे स्थिति यथावत रहेगी।*

### रूस के बाद फ्रांस ने भारत को दिया समर्थन

रूस के बाद फ्रांस ने कहा है कि भारत, जर्मनी, ब्राजील और जापान को यूएनएससी की स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। फ्रांस की तरफ से यूनाइटड नेशंस जनरल असेंबली को लिखे गये एक ईमेल में फ्रांस ने कहा है कि हम ब्राजील, भारत, जर्मनी और जापान के साथ साथ अफ्रीकी देशों के लिए दो स्थायी सदस्यता सीट की मांग करते हैं। फ्रांस ने कहा है कि हम चाहते हैं अफ्रीकी देशों को एक मजबूत प्रतिनिधित्व हासिल हो, इसके अलावा दूसरे देशों को भी एक मजबूत भागीदारी मिले।

## 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भूकंप प्रभावितों की मदद के बाद हुई स्वदेश वापसी

# 'शत्रुजीत ब्रिगेड' ने मनवाया अपनी काबिलियत का लोहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

करीब 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बीच बीते कुछ दिनों से अपने फील्ड अस्पताल के जरिए म्यांमार के मांडले में स्थानीय लोगों तक चौबीसों घंटे मदद पहुंचाने में लगी हुई भारतीय सेना की कुल करीब 123 सदस्यीय 50वीं स्वतंत्र पैराशूट ब्रिगेड की चिकित्सा टीम बीते मंगलवार देर रात भारत वापस लौट आई है। सभी का उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर जोरदार स्वागत किया गया। सेना ने इसे लेकर कुछ वीडियो और फोटो मीडिया से साझा किए हैं। वहीं, सरकार की तरफ से हालांकि म्यांमार के भूकंप पीड़ितों तक मदद पहुंचाने के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के औपचारिक समापन की घोषणा नहीं की गई है। लेकिन विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में यह जरूर कहा है कि म्यांमार को सहयोग जारी रहेगा। तीनों सशस्त्र सेनाएं भी स्टैंडबॉय की मुद्रा में पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं।

### तीनों सेनाएं पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात

### सरकार बोली म्यांमार को सहयोग जारी रहेगा

### 50वीं पैराशूट ब्रिगेड का आजादी से पहले हुआ था गठन



सेना की 50वीं पैराशूट ब्रिगेड का गठन भारत की आजादी से पहले द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1941 में हुआ था। इसकी खास बात यह है कि यह सीधे सेना के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के अधीन कार्य करती है और किसी भी तरह की आवश्यकता पड़ने पर महज एक से दो घंटे के भीतर देश के अंदर और बाहर मिशन को पूरा करने के लिए अपने तमाम जरूरी साजो सामान के साथ तैनात हो जाती है। ब्रिगेड का वर्तमान में मुख्यालय आगरा में है।

### 2 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया

हिंडन एयरबेस पर 50वीं पैराशूट ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर नवीन कुमार ने बताया कि म्यांमार की सरकार के अनुरोध पर भारत के राहत-बचाव अभियान की शुरुआत हुई थी। पहले हमारे फील्ड अस्पताल के दस्ते में कुल 118 सदस्य थे। बाद में इसमें इजाफा किया गया और मांडले में कुल 123 सदस्यीय चिकित्सा दल ने लोगों को तत्काल आधार पर बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की। 60 पैरा फील्ड अस्पताल के कमांडिंग अधिकारी (सीओ) लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल ने कहा, उनका दल भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के बाद मदद पहुंचाने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। इससे पहले हमने नेपाल और तुर्किए में आए भूकंप के दौरान भी सहायता प्रदान की थी। अस्पताल के जरिए मांडले में 2 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया। पांच दर्जन से अधिक सर्जरी की गईं।




# विश्व कप : सुरुचि ने जीता लगातार दूसरा स्वर्ण पदक, मनु की चांदी

एजेंसी ▶▶ लीमा

युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया।

ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में सौरभ के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य भी जीता था।




### सौरभ ने जीता कांस्य

सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है।

### शीर्ष पर भारत

पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।

### क्वालीफिकेशन राउंड

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही।

### सही दिशा में आगे बढ़ रहा भारत

पेरिस ओलंपिक में महिला एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने कहा, 'मैं यह देखकर खुश हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक भारतीय निशानेबाज आगे आ रहे हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे मुझे लगता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। हम सभी सुरुचि के नाम से परिचित हैं। उसने ब्यूनस आयर्स के साथ-साथ यहां भी असाधारण प्रदर्शन किया। इसलिए मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखेगी। मुझे उम्मीद है कि युवा खिलाड़ियों के साथ मैं भी गति बनाए रखूंगी।'

## खास खबर

### फिनिशर होना कठिन काम है



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिनिशर जितेश शर्मा ने कहा कि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से उनके लिए अपनी पारियों की अहमियत बढ़ गई है और अब वह 30 या 40 के स्कोर को भी अर्धशतक मानते हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली जीत में 19 गेंद में 40 रन बनाए थे। उन्होंने आरसीबी बोल्ड डायरीज के ताजा एपिसोड में कहा, 'अब हर कोई फिनिशर ही है। लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैंने अर्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्धशतक और शतक लगाता था।'

### हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरुकता का अभाव



**मुल्लांपुर।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरुकता की कमी थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना। कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढेर कर दिया।

### नए फिजियो-ट्रेनर की तलाश में बीसीसीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरु के उत्कृष्टता केंद्र में नियुक्त होंगे। बीसीसीआई ने दोनों पदों के लिए आवेदन मंगवाए हैं। नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है। फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में टीम के साथ दौरा करेंगे। फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है। दोनों पदों के लिए पात्रता उन्नत जीवन सहायता में, मूलभूत जीवन सहायता में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है। सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल

छह मैच में 10 अंक के साथ दोबारा शीर्ष पर पहुंची कैपिटल्स

# दिल्ली ने सत्र के पहले सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सत्र के पहले सुपर ओवर में हराकर जीत की राह पर वापसी की। लगातार चार जीत के साथ शुरुआत करने वाले दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में पिछला मैच गंवाया था लेकिन बुधवार को जीत हासिल की। टीम अब छह मैच में 10 अंक के साथ दोबारा शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम चार अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

सुपर ओवर में रॉयल्स के लिए शिमरोन हेटमायर (06) और रियान पराग (04) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि गेंद मिचेल स्टार्क ने थामी। हेटमायर और पराग ने चौके मारे लेकिन पराग फ्री हिट पर रन आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल (00) भी इसके बाद रन आउट हुए जिससे दिल्ली को 12 रन का लक्ष्य मिला। दिल्ली की ओर से लोकेश राहुल (नाबाद 07) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 06) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि रॉयल्स ने गेंद संदीप शर्मा को थमाई। राहुल ने पहली गेंद पर दो रन लिए और फिर अगली गेंद पर चौका मारा। स्टब्स ने चौथी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।




### बराबर हुआ स्कोर

दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम नितीश राणा और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी। दिल्ली ने पांच विकेट पर 188 रन बनाए थे। मेजबान टीम की ओर सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। कप्तान अक्षर पटेल ने अंत में 14 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 34 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंद में दो चौकों और इतने ही छक्कों से नाबाद 34 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 190 रन के करीब पहुंचाया।



### स्टार्क ने की कमाल की गेंदबाजी

189 रनों के जवाब में उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद शानदार रही। संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल ने आतिशी बल्लेबाजी की। लेकिन संजू सैमसन जब 31 के निजी स्कोर पर बल्लेबाजी कर रहे थे तब वह इंजरी के चलते रिटायर हर्ट हो गए। एक छोर पर यशस्वी टिके रहे। उन्होंने फिफ्टी जमाई लेकिन 14वें ओवर में कुलदीप यादव ने उन्हें आउट कर दिया। इसके बाद नीतीश राणा ने भी फिफ्टी जमाई। आखिरी ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 9 रन चाहिए थे। लेकिन स्टार्क ने कमाल की गेंदबाजी की। राजस्थान इसे चेज नहीं कर सकी और मैच सुपर ओवर में चला गया। यह इस सीजन का पहला सुपर ओवर है।

#### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगर्क का यशस्वी बो आर्चर | 09 | 06 | 2 | 0 |
| पोरेल का पराग बो हसरंगा | 49 | 37 | 5 | 1 |
| करूण नायर रन आउट | 00 | 03 | 0 | 0 |
| राहुल का हेटमायर बो आर्चर | 38 | 32 | 2 | 2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 34 | 18 | 2 | 2 |
| अक्षर का जुरेल बो तीक्षणा | 34 | 14 | 4 | 2 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 15 | 11 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 188/5
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-32-2, देशपांडे 3-0-38-0, संदीप 4-0-33-0, तीक्षणा 4-0-40-1, हसरंगा 4-0-38-1, पराग 1-0-6-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्टार्क बो कुलदीप | 51 | 37 | 3 | 4 |
| संजू सैमसन रिटायर्ड हर्ट | 31 | 19 | 2 | 3 |
| रियान पराग बो अक्षर | 08 | 11 | 1 | 0 |
| नितीश राणा पगबाधा बो स्टार्क | 51 | 28 | 6 | 2 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट | 26 | 17 | 0 | 2 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 15 | 09 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 188/4
गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-36-1, मुकेश 3-0-31-0, मोहित 4-0-38-0, विपराज 1-0-13-0, अक्षर 3-0-23-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-12-0.

## खबर संक्षेप

### हैरियट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने को कहा

**पेरिस।** ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैरियट डार्ट ने चेयर अंपायर से अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने के लिए कहने के बाद माफी मांगी है। फ्रेंच ओपन की तैयारी की सिलसिले में महत्वपूर्ण क्लेकोर्ट टूर्नामेंट रूएन ओपन के पहले दौर में डार्ट फ्रांसीसी खिलाड़ी लोइस बोइसन से 6-0, 6-3 से हार गई। इस मैच के दौरान छोर बदलते समय डार्ट ने चेयर अंपायर से कहा, 'क्या आप उसे (बोइसन) को डिओडोरेंट लगाने के लिए कह सकते हैं, क्योंकि उससे बहुत बदबू आ रही है।' उनकी यह बात माइक्रोफोन ने पकड़ ली और उसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद डार्ट ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी।




### नितिन ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के नितिन गुप्ता ने बुधवार को सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता। गुप्ता ने 20 मिनट 21.51 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के झू निंगहाओ ने 20:21.50 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के शेंग किन लो ने 21:37.88 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सत्रह वर्षीय गुप्ता ने पिछले महीने पटना में राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 19:24.48 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था।



### 'एक क्रिकेटर की पत्नी की डायरी' की लांच 29 को

**नई दिल्ली।** अपनी तरह के अनूठे संस्मरण में भारत के अनुभवी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने क्रिकेटर की पत्नी के रूप में अपने जीवन के अनुभव कलमबद्ध किए हैं। इसमें मैदान के भीतर और बाहर के उतार चढ़ावों और क्रिकेट के दीवाने देश में अपार अपेक्षाओं के बारे में बेबाक ढंग से लिखा है। हार्परकोलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित यह किताब ' द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर्स वाइफ : अ वेरी अनयूजुअल मेमोयर' को पूजा और नमिता काला ने लिखा है जिसका विमोचन 29 अप्रैल को होगा।




## टेनिस

### डेडुरा-पालोमेरो एटीपी टूर पर जीत दर्ज करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ म्युनिख

जर्मनी के 17 साल के डिएगो डेडुरा-पालोमेरो 2008 में जन्मे एटीपी टूर पर मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। डेडुरा-पालोमेरो ने मंगलवार को यहां बीएमडब्ल्यू ओपन के शुरुआती दौर में डेनिस शापोवालोव को पछाड़ने में सफल रहे। शापोवालोव जब मुकाबले में 7-6 (2), 3-0 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने इससे हटने का फैसला किया जिससे डेडुरा-पालोमेरो को जीत मिल गई।

एटीपी ने कहा कि डेडुरा-पालोमेरो से कम उम्र के केवल चार खिलाड़ियों ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की है। इसमें 1984 में 16 वर्षीय बोरिस बेकर भी शामिल हैं। रोमानिया के दीनू पेस्कारिउ ने 1991 में 17 साल की उम्र में जॉन मैकेनरो को हराकर जीत दर्ज की थी। 1991 के बाद यह पहला मामला है जब 17 साल के खिलाड़ी ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की। डेडुरा-पालोमेरो क्वालीफाइंग मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक से हार कर मुख्य दौर से जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गए थे लेकिन गेल मोनफिल्स के हटने के बाद उन्हें इसमें जगह मिल गई। आठवीं वरीयता प्राप्त शापोवालोव के खिलाफ जीत के बाद डेडुरा-पालोमेरो दूसरे दौर में जिजो बर्ग्स के खिलाफ खेलेंगे।

### अलियासिमे तीन सेट में हारकर बाहर

अन्य मैचों में मारियानो नवोन ने तीसरे वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 2-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया, चौथे वरीय उगो हम्बर्ट ने निकोलस जैरी को 4-6, 6-3, 6-2 से शिकस्त दी और पांचवें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। जर्मनी के वाइल्ड कार्ड यानिक हनफमैन ने छठे वरीय जैकब मेनसिक को 7-6 (4), 4-6, 6-3 से हराया।



### राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए मिलेगी चुनौती

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में सौ साल पूरे करेगा। सीडब्लूएस की ओर से यह पुष्टि 'एजेंसी' द्वारा खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाला भारत 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्लूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से 'रुचि की अभिव्यक्ति' प्राप्त हुई है।

# ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की मेजबानी करेगा पोमोना शहर

एजेंसी ▶▶ दुबई

दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। यह खेल 128 साल बाद ओलंपिक का हिस्सा बनने जा रहा है।



आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा।

तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा।' क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों का हिस्सा था। इसे अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र के बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया।

### आईपीएल में हो रही रोबोटिक डॉग की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत में इन दिनों दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं। दुनिया की सबसे महंगी लीग आईपीएल में टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। मौजूदा सीजन में भी इसकी बानगी देखने को मिल रही है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में अब रोबोट कैमरा डॉग के रूप में एक नया अनोखा बदलाव हुआ है। तकनीक के चमत्कार और मनोरंजन के प्रतीक के रूप में चार पैरों वाला यह रोबोट अब सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। आईपीएल द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो के जरिए इस बात का खुलासा हुआ। इस वीडियो में न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने रोबोट डॉग को पेश किया।

## रोहित शर्मा का फॉर्म मुंबई के लिए बना चिंता का विषय

# मुंबई और हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर निगाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

बुमराह को अब सनराइजर्स के ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई के लिए अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भी चिंता का विषय बना हुआ है। सनराइजर्स



की टीम अभी नौवें स्थान पर है। सनराइजर्स की टीम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी बल्लेबाजी पर काफी निर्भर है लेकिन उसके प्रमुख बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। इस मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाज किशन पर भी निगाह होगी जो अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रही है लेकिन गेंदबाज भी इससे मिलने वाली उछाल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### बल्ले के आकार की जांच से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा : विटोरी

**मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में अंपायरों द्वारा बल्ले के आकार की जांच करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। विटोरी ने कहा कि काश उनके खेलने के दिनों में भी ऐसे मापदंड लागू होते। अंपायर बल्ले की जांच एक गेज से करते रहे हैं, जिससे बल्ले को गुजरना पड़ता है। इसका मकसद बड़े आकार के बल्ले के इस्तेमाल को खत्म करना है। इस सत्र में मैदानी अंपायरों के पास मैच के दौरान बल्ले की जांच करने की छूट है। इसका ताजा उदाहरण कोलकाता नाइट राइडर्स के एनरिक नॉर्किया है। मंगलवार को उनका बल्ला परीक्षण में विफल रहा जिसके बाद उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में इसे बदलना पड़ा। विटोरी ने कहा, 'काश जब मैं खेल रहा था तब भी उन्होंने बल्ले की जांच की होती। नहीं, मुझे नहीं लगता कि इससे कोई फर्क पड़ेगा।'



## खाद्य सुरक्षा के अधिकारी जल्द लेंगे इन ठेलों से सेंपल

# गली-मोहल्ले में बिक रहे बर्फ के गोले, सेहत के लिए नुकसानदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

गर्मी बढ़ने के साथ शहर की सड़कों पर खड़े शिकंजी, नींबू पानी, बर्फ के गोले और मटका कुल्फी की बिक्री बढ़ गई है। जिसमें बर्फ के गोलों में नुकसानदेह कलर का इस्तमाल किया जा रहा है। यह कलर बच्चों और बड़ों के लिए नुकसानदेह है। इसको देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इन ठेलों की जांच शुरू करने का प्लान बनाया है। रोजाना टीम शहर की सड़कों पर खड़े ठेलों से पेय पदार्थों के सैंपल लेकर जांच करेगी। गर्मी के मौसम में बर्फ के गोले, कुल्फी, आईस्क्रीम व अमानक पानी के पाउच लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। जूस सेंटर, गन्ने का रस, नीबू पानी, केरी पना सहित अन्य पेय पदार्थों में विक्रेता बर्फ का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन यह बर्फ खाने योग्य नहीं है, इसकी जांच नहीं की जा रही है। शहर के लिंक रोड नं. एक, लिंक रोड नं. दो, मंत्रालय के सामने, न्यू मार्केट, 10 नं. मार्केट, 7 नं. या पुराने भोपाल के विभिन्न चौक चौराहों पर इन दिनों गन्ने की चरखी, नीबू पानी के ठेले दिखाई देते हैं। इसके साथ ही स्लम बस्तियों में बर्फ के गोले के ठेले देर रात तक घूमते रहते हैं, लेकिन इनकी जांच नहीं हो रही है।

### रासायनिक रंगों का इस्तेमाल सेहत के लिए हानिकारक



खाद्य अफसरों के मुताबिक बर्फ के गोले में कई प्रकार के रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। बर्फ के ठेले वाले खाने का रंग छोड़ इंडस्ट्री में उपयोग होने वाले रंग का इस्तेमाल करते हैं, जो हानिकारक होता है। ठेले वालों को खाने में इस्तेमाल होने वाला रंग ही इस्तेमाल करना चाहिए, लेकिन सस्ता होने के कारण अधिकतर ठेले वाले इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाला रंग ही इस्तेमाल करते हैं। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे का कहना है कि पेय पदार्थों की जांच का प्लान बनाया गया है। अलग-अलग क्षेत्रों से सैंपल लिए जाएंगे।

### सूनी गली में ले गया, बेड टच कर प्राइवेट पार्ट से की छेड़छाड़

# 16 साल की किशोरी से 17 साल के नाबालिग पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित एक बस्ती में 16 साल की किशोरी से 17 साल के नाबालिग द्वारा बेड टच और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिचित होने का फायदा उठाकर वह किशोरी को सूनी गली में लेकर पहुंचा था और वहां अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म किया। घटना के बाद से पीड़ित किशोरी गुमसुम हो गई थी। संदेह होने पर मां ने पूछताछ की तो उसके साथ हुई घटना की जानकारी मिली। मां उसे लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। काउंसिलिंग कराने के बाद पुलिस ने बाल अपचारी के खिलाफ छेड़छाड़, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चूनाभट्टी क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की किशोरी सातवीं कक्षा तक पढ़ी है। 13 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी पड़ोस में रहने वाला 17 साल का नाबालिग वहां पहुंचा और आवाज देकर बालिका को सूनी गली में बुला लिया। पहचान होने के कारण किशोरी बुलाने पर गली में चली गई। पुलिस ने बताया कि गली में जाते ही बाल अपचारी ने बेड टच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने प्राइवेट पार्ट से भी छेड़छाड़ की। किशोरी के शोर मचाते ही नाबालिग आरोपी वहां से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से किशोरी गुमसुम रहने लगी थी। विगत 15 अप्रैल को संदेह होने पर मां ने उससे पूछताछ की, लेकिन पीड़ित कुछ नहीं बोली। मां अपनी बेटी को लेकर थाने आ गई। पुलिस ने उसकी काउंसिलिंग कराई। काउंसिलिंग के दौरान किशोरी ने सारा घटनाक्रम बता दिया।



### मां को पीट रहे पिता ने की जवान बेटी से अश्लील हरकत

निशातपुरा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में शराब के नशे में धुत पिता ने 24 साल की बेटी से अश्लील हरकतें कर दी। दरअसल, शराबी अपनी पत्नी को पीट रहा था। ड्यूटी से घर लौटी बेटी ने मां को बचाने का प्रयास किया। इस बीच पिता ने उसे दबोच लिया और बेड टच किया। पीड़ित ने थाने जाकर अपने पिता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार निशातपुरा की एक कॉलोनी में रहने वाली 24 साल की युवती प्राइवेट काम करती है। मंगलवार शाम वह ड्यूटी करके घर लौटी तो देखा कि शराबी पिता, मां के साथ मारपीट कर रहा है। युवती ने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया। इस पर पिता ने बेटी के साथ भी मारपीट की और इस दौरान उसके साथ अश्लील हरकतें भी कर दी। परेशान युवती ने निशातपुरा थाने जाकर पिता के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया।

### 14 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले 50 वर्षीय

विधि संवाददाता ▶▶ भोपाल

अनुसूचित जाति-जनजाति की 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले 50 वर्षीय आरोपी शफीक अता को पॉक्सो एक्ट की विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की-धारा- 363,366, 376 (3) एससी एसटी एक्ट की धारा-3 (2) 5और पॉक्सो एक्ट की धारा- 3/4 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पीड़िता को मुआवजे के रूप में एक लाख रूपए दिलाए जाने के आदेश भी दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और ज्योति कुजूर द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार 9 दिसंबर 2019 को पीड़िता के गुम हो जाने पर उसके पिता ने गोविंदपुरा पुलिस थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़िता को आरोपी के कब्जे से बरामद किया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी उसे दूध दिलाने के बहाने अपहरण कर सीहोर लेकर गया था। आरोपी ले सीहोर में कमरे में बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर गोविंदपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादंसं की-धारा- 363,366, 376 (3) एससी एसटी एक्ट की धारा-3 (2) 5 और पॉक्सो एक्ट की धारा- 3/4 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना अधिकारी ने विवेचना के बाद के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था

## खबर संक्षेप

### इंडिगो एयरवेज़ की सभी तीनों दिल्ली उड़ानें डेढ़ घंटा तक लेट आईं

**संतनगर।** दिल्ली में टर्मिनल भवन में चल रहे शिफ्टिंग कार्य के कारण भोपाल में भी उड़ानों पर असर पड़ा है। आज बुधवार को इंडिगो एयरवेज़ की तीनों दिल्ली उड़ानें 1 से डेढ़ घंटा तक देरी से भोपाल पहुँची जिसके कारण यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। मालूम हो कि टर्मिनल के कारण ऑपरेशन रीजन बताकर दिल्ली उड़ानों का पिछले कुछ दिनों से लेट आना जारी है। आज भी इंडिगो एयरवेज़ की तीनों मॉर्निंग ईवनिंग और नाइट फ़्लाइट में 1 से डेढ़ घंटा तक देरी से भोपाल पहुँची उड़ानें लेट होने के कारण यात्रियों को कई प्रकार का सामना करना पड़ा।

### अस्पताल के पास तेज आवाज में बजा रहे थे डीजे, कार्रवाई



**भोपाल।** चूनाभट्टी क्षेत्र में एक अस्पताल के पास बुधवार रात 11 बजे तेज आवाज में डीजे बजाने पर एसडीएम ने कार्रवाई की है। टीटीनगर एसडीम अर्चना रावत शर्मा ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे सूचना मिली थी कि मानोरिया हृदय अस्पताल सहित एक अन्य अस्पताल के पास से बारात निकली रही थी, जिसमें तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। तीव्र ध्वनि से अस्पताल में उपचारित मरीजों को समस्या हो रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो विशाल नाम के डीजे को बहुत तेज आवाज में बजाया जा रहा था, जिसे मौके पर ही बंद कराया गया। वहीं, डीजे संचालक को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है।

## एफआईआर होने के बाद ही प्रदर्शन हो सका शांत

# आरोपियों पर प्रकरण दर्ज नहीं होने पर बजरंगियों ने घेरा थाना

### बीती रात कार चालक ने दो कारों में मार दी थी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र में कार चालक ने घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी दो कार में टक्कर मारकर दी। रहवासियों ने उसका पीछा किया। डर के कारण कार चालक कार लेकर भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान पीछे कर रहे रहवासियों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में उसकी हालत गंभीर हो गई और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। प्रकरण में बजरंग दल पदाधिकारियों ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होने पर बुधवार शाम थाने का घेराव कर दिया। करीब 3 घंटे तक वह थाने के बाहर बैठे रहे। पुलिस ने जब एफआईआर दर्ज की तब विरोध प्रदर्शन खत्म किया। पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया है।



पुलिस के अनुसार विवेकानंद कॉलोनी निवासी गोविंद राजपूत ट्रेवल्स की कार चलाता है। कार सरकारी विभाग में अटैच है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात वह कार लेकर घर आ रहा था। समुदाय विशेष के आबादी क्षेत्र से गुजरते समय उसकी कार सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में साइड से टकरा गई। घबराकर गोविंद भाग निकला। इस बीच रहवासी उसका पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गए। रहवासियों ने उससे हर्जाना मांगते हुए मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने रहमान, शाहरूख, शेरू, सलमान, बाबर को नामजद आरोपी बनाया है। अन्य की पहचान की जा रही है।

### पुलिसकर्मी पर वीडियो डिलीट कराने का आरोप

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि समुदाय विशेष की भीड़ ने गोविंद के घर में घुसकर हमला किया था। परिजन ने घर में घुसकर मारपीट करने का वीडियो बनाया तो पुलिसकर्मी फिरोज ने गोविंद का मोबाइल छुड़ाकर हमले का वीडियो डिलीट कर दिए। बजरंगियों का आरोप है कि पुलिसकर्मी फिरोज ने आरोपियों का पक्ष लिया है।

## फांसी लगाने से पूर्व पीया था जहर, इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

# आठवीं में कम अंक मिलने पर पिता कहा तो किशोरी ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के ओंमकारा सेवनिया में 15 साल की आठवीं कक्षा की छात्रा ने घर के बाथरूम में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए थे, वहां पता चला कि उसने फांसी लगाने से पहले उसने जहरीला पदार्थ भी पीया था। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस को छात्रा के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे आठवीं की परीक्षा में कम अंक मिले थे। पिता ने उसे नंबर कम आने की बात कही तो गुस्से में आकर उसने यह कदम उठाया है। दरअसल, उमा यादव पिता रामस्वरूप यादव (15) ओमकारा सेवनिया में रहती थी और आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता मजदूरी करते हैं। उसने आठवीं की परीक्षा दी थी। परीक्षा परिणाम आने पर पता चला कि उसे कम अंक मिले हैं। पिता ने उसे कम अंक मिलने पर कहा था कि मेहनत पूरी करने के बाद भी तुम्हें कम नंबर मिले हैं। इसी से दुखी होकर 14 अप्रेल सोमवार को उसने घर के बाथरूम में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे बायपास स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने बताया कि फांसी लगाने से पूर्व उसने कोई जहरीला पदार्थ भी पीया है।

### पारिवारिक विवाद में युवक ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित इमलिया गांव में युवक ने शख्स ने जहर खाकर खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने यह कदम पारिवारिक कलह के चलते उठाया है। पुलिस का कहना है कि मोहन सिंह (32) ने मंगलवार दोपहर जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन के विस्तृत बयान नहीं हो सके हैं। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि मोहन सिंह ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा कर आत्महत्या की है। उसके सास और ससुर द्वारा उस पर केस करने वाले थे।

# एनसीसी कैडेट्स का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




सीएमएचओ कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय कैडेट कोर मुख्यालय में एनसीसी कैडेट्स के लिए विशेष स्क्रीनिंग एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सिकल सेल एवं हीमोफिलिया रोग की जांच की गई, साथ ही कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर में आर्मी, नेवल एवं एयरफोर्स के 81 कैडेट्स ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

- 61 कैडेट्स की बनी आभा आईडी

61 कैडेट्स की आभा आईडी बनाई गई। शिविर में राष्ट्रीय कैडेट कोर भोपाल के कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह, कर्नल दुष्यंत, कैप्टन राहुल गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हुए। इस अवसर पर एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के नोडल अधिकारी कैप्टन डॉ. चंद्र बहादुर सिंह दांगी ने सिकल सेल के लक्षणों, जांच एवं बचाव के बारे में जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि सिकल सेल के प्रसार को रोकने के लिए वैवाहिक संबंध, जेनेटिक कार्ड के मिलान के बाद किया जाना बेहद जरूरी है।

समय पर चिन्हांकन, जेनेटिक कॉउंसलिंग, वाहक और पीड़ित की ट्रेकिंग कर बीमारी के प्रसार को कम किया जा सकता है। भोपाल में आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूल, कॉलेज में सिकल सेल रोग का चिन्हांकन किया जा रहा है। विशेष रूप से आदिवासी हॉस्टल्स और स्कूल्स में स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। रोग की स्क्रीनिंग, प्रबंधन, उपचार कॉउंसलिंग एवं प्रशिक्षण के सभी आयामों पर समन्वित रूप से कार्य किया जा रहा है।

## स्थानीय खेल समाचार

### पहली बार पहुंची थी फाइनल में, पंजाब से 1-4 से हारी

# सीनियर नेशनल हॉकी में मप्र की टीम पहली बार बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

झांसी में 4 से 15 अप्रैल तक आयोजित 15वीं हॉकी इण्डिया सीनियर मेन नेशनल चैम्पियनशिप 2025 डिवीजन-ए के फाइनल में मध्यप्रदेश पुरूष हॉकी और पंजाब की टीम के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें मध्यप्रदेश हॉकी टीम को पंजाब से 1-4 के अंतर से परास्त होकर उपविजेता बनी।

प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने हॉकी खिलाड़ियों के खेल की सराहना करते उपविजेता बनने पर दी बधाई। उल्लेखनीय है मप्र की टीम पहली बार सीनियर नेशनल के फायनल मुकाबले में पहुंची थी। मध्यप्रदेश टीम में जो खिलाड़ी शामिल थे उनमें श्रेयश धुपे, सद्दाम अहमद, लव कुमार कनोजिया, सुंदरम सिंह रजावत, अली अहमद, युसुफ अफ्फान, गौरव भगतानी, प्रमोद, अक्षय दुबे, मोहित कर्मा, अंकित पाल, अर्जुन शर्मा, मो. जैद, नियाज रहीम, प्रताप लकरा, वैभव कुशलानी, संजय और मो. जमीर हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश हॉकी टीम में मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी के 14 खिलाड़ी हैं। टीम का प्रशिक्षण शिविर प्रतियोगिता के पूर्व भोपाल स्थित राज्य खेल अकादमी में लगाया गया था। मध्यप्रदेश के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षण समीर दाद और सहायक प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा, हबीब हसन की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।




### आरएनटीयू के खिलाड़ियों का जबर्दस्त प्रदर्शन



रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर मेंस नेशनल चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर विश्वविद्यालय और मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया। आरएनटीयू के 10 खिलाड़ियों ने टीम में अपनी जगह बनाई और पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों में गोलकीपर वैभव खुशलानी (बीपीईएस), सुंदरम सिंह राजावत (बीपीईएस), लव कुमार (बीए), श्रेयस धुपे (बीकाम), अक्षय दुबे (बीपीईएस), अंकित पाल (बीपीईएस), अली अहमद (बीपीईएस), मोहित कर्मा (बीपीईएस), सद्दाम अहमद (बीपीईएस), मोहम्मद ज़ैद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्वः चौबे

इस उपलब्धि पर कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व करता है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आरएनटीयू के कुलपति प्रो रवि प्रकाश दुबे, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने टीम को इस शानदार जीत पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### ओल्ड कैंपियन खेल मैदान में डग हाउस की सौगात जल्द



**भोपाल।** स्थानीय पार्षद शिखा मोनू गोहल के द्वारा पार्षद निधि से शहर के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट मैदान ओल्ड कैम्पियन खेल मैदान को खिलाड़ियों के बैठने के लिए डग हाउस की व्यवस्था की जा रही है। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के द्वारा भी नाइट टूर्नामेंट के लिए लाइट पोल की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया है। अगर इस मैदान का रखरखाव खेल विभाग द्वारा सही तरीके से किया जाए तो यह भोपाल शहर का सर्वश्रेष्ठ ग्राउंड बन सकता है, क्योंकि भोपाल में होने वाले अधिकतर डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट लेदर, टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट यहीं करवाए जाते हैं।

### द्वितीय स्व. वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

# जबलपुर पुलिस ने बीएमसी वॉटर को 5 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर चल रहे द्वितीय स्व. वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के एक रोमांचक लीग मुकाबले में जबलपुर पुलिस ने बेहतरीन बल्लेबाज़ी प्रदर्शन करते हुए बीएमसी वॉटर को 5 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बीएमसी वॉटर ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी जबलपुर पुलिस की शुरुआत आक्रामक रही। मेन ऑफ़ द मैच कप्तान राहुल को दोहरे प्रदर्शन के लिए चुना गया।

### ग्वालियर पुलिस ने बीयू को दो विकेट से हराया



वहीं, एक अन्य मैच मे ग्वालियर पुलिस ने रोमांचक मुकाबले में बीयू को 2 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बीयू की टीम 20 ओवर में 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी ग्वालियर पुलिस की टीम ने 19.4 ओवर में जीत मिल गई। इस मैच मे मेन ऑफ़ द मैच अनिकेत कुलकर्णी को चुना गया।

## काव्यांश 'मैन ऑफ द मैच' घोषित

# अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने 39 रन से जीता मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



छठवां स्व. साद अंसारी मेमोरियल बीडीसीए एफिलिएटेड अंडर-14 इंटर-क्लब वन-डे क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बुधवार को सातवां मुकाबला अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी और पठान क्रिकेट अकादमी के बीच ऑल सेंट ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीतकर अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 40 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पठान क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 26 ओवरों में मात्र 104 रन पर सिमट गई। अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी की ओर से काव्यांश ने घातक गेंदबाजी करते हुए 7 ओवरों में 30 रन देकर 5 विकेट झटके और मैच का रुख पूरी तरह अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। उनके अलावा दिव्यांश ने 2 विकेट, जबकि वेदांत, अंश और दर्श ने 1-1 विकेट लेकर टीम को शानदार जीत दिलाई। अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने यह मुकाबला 39 रनों से अपने नाम किया और इस दमदार प्रदर्शन के लिए काव्यांश को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

Radharaman Group of Institutes, Bhopal
विद्या परम् दैवतम्
APPROVED BY AICTE- NEW DELHI | AFFILIATED TO RGPV- BU, BHOPAL | APPROVED BY PCI | APPROVED BY NCISM
ENGINEERING | DIPLOMA | MANAGEMENT | PHARMACY | NURSING | AYURVEDA
FACULTY APPOINTMENT FOR MBA
(UNDER BARKATULLAH UNIVERSITY, COLLEGE CODE-28)

| POST | DEPARTMENT | SPECIALIZATION |
|---|---|---|
| PROFESSOR, ASSOCIATE PROFESSOR ASSISTANT PROFESSOR | MBA<br>QUALIFICATION<br>AS PER AICTE/ UGC NORMS. | HR, MARKETING, FINANCE, BANKING & FINANCE AND RETAIL MANAGEMENT |

Application are invited along with photocopies of supporting documents and two passport size photographs. Application must reach Director RITS/REC on or before 05/05/2025 via hardcopy at 10:00 am to 04:00 pm or email- Hr@radharamanbhopal.com
Contact no. 8817805418

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930